डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

पेज 12

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 09, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शनिवार, 15 जून 2024, वर्ष-30, अंक-237, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com




शिक्षा मंत्री से मिले नीट अभ्यर्थी कहा न्याय का मिला...

संसेक्स
76,992.77 ↑ +181.88

डॉलर
83.542 ↑ -0.010

पलामू सर्राफा
10 ग्राम 71,840
01 किलो 88,760


**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।


# गढ़वा में ट्रक-ऑटो की टक्कर में पांच की मौत, छह घायल

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** एनएच 75 गढ़वा मुड़ीसेमर मार्ग पर श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के जतपुरा गांव के समीप सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि छह लोग घायल हो गए। घटना गुरुवार देर रात की है। मृतकों में उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के दुद्धी थाना क्षेत्र के महुली गांव के केशनाथ के पुत्र बिमलेश कुमार कनोजिया 42 वर्ष, रमना थाना क्षेत्र के सिलियाटोंगर गांव के सुरेश भुइयां के पुत्र अरुण भुइयां 30 वर्ष, इसी गांव के रमाशंकर भुईयां के पुत्र बिकेश भुईयां 20 वर्ष, विनोद भुईयां के पुत्र राजा कुमार 21 वर्ष एवं रामवृक्ष भुईयां के पुत्र राजकुमार भुईयां 53 वर्ष शामिल हैं। जबकि घायलों में रमना थाना क्षेत्र के सिलियाटोंगर गांव के राम प्रसाद राम के पुत्र मिथिलेश भुईयां, उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के दुद्धी थाना क्षेत्र अंतर्गत महुली गांव के रामचंद्र भुईयां के पुत्र छोटूलाल भुईयां, रमना थाना क्षेत्र के सिलियाटोंगर गांव के महावीर भुईयां के पुत्र उमेश भुईयां, रामप्रसाद भुईयां के पुत्र राकेश भुईयां, रहमुदिन अंसारी के पुत्र मेराज अंसारी एवं रामचंद्र भुईयां के पुत्र संजय भुईयां शामिल हैं। सभी घायलों का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है।

जानकारी के अनुसार उप सभी लोग एक ही आटो में सवार होकर सिलियाटोंगर गांव से गुजरात के जामनगर जाने के लिए आटो में सवार होकर निकले थे। उन सभी को नगर ऊंटारी रेलवे स्टेशन से शक्तिपुंज एक्सप्रेस पकड़ना था। इस दौरान जतपुरा गांव के समीप सामने से आ रहे ट्रक ने आटो में टक्कर मार दिया। इस घटना के बाद घटनास्थल के आसपास के लोगों की मदद से सभी घायलों को अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने पांच लोगों को मृत घोषित कर दिया।

**मृतकों में शामिल**

रमना थाना क्षेत्र के अरुण भुइयां, बिकेश भुईयां, राजा कुमार व राजकुमार भुईयां, यूपी के सोनभद्र जिले के दुद्धी थाना क्षेत्र के बिमलेश कुमार कनोजिया भी।



## जमशेदपुर में ट्रेन की चपेट में आने से तीन की मौत

पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर)। जिले के गोविंदपुर हॉल्ट पर ट्रेन की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक पुरुष और दो बच्चे हैं। मृतकों की अबतक पहचान नहीं हो पाई है। घटना के संबंध में बताया गया है कि गोविंदपुर रेलवे हॉल्ट के पास से सुबह एक ट्रेन गुजर रही थी। इस दौरान पोल संख्या 242/सी के पास ट्रेन की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गई। शवों को एमजीएम मेडिकल कॉलेज स्थित पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया है। गोविंदपुर थाना प्रभारी प्रकाश कुमार ने बताया कि स्टेशन मास्टर ने सुबह फोन पर घटना की सूचना दी। घटना गोविंदपुर हाल्ट से थोड़ी दूरी पर हुई है। पुलिस आत्महत्या के बिंदु पर भी जांच कर रही है। शव को देखकर लगता है कि रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान ट्रेन की चपेट में आने से हादसा हुआ है। शव की पहचान के लिए आसपास के लोगों की मदद ली जा रही है। पहचान होने के बाद ही कुछ स्पष्ट हो पाएगा।

## सीएम योगी ने मौत पर जताया दुःख



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद सोनभद्र के विंढमगंज थाना क्षेत्र से सटे झारखंड बॉर्डर पर गुरुवार देर रात हुए सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया है। साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

## मालगाड़ी की चपेट में आने से तीन यात्रियों की मौत, कई घायल




### इंजन में आग लगने की सूचना के बाद भाग रहे थे यात्री

**लातेहार।** लातेहार जिले के कुमंडीह स्टेशन के पास शुक्रवार की रात मालगाड़ी की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गई है। जबकि कई अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घटना की पुष्टि लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने की है।

जानकारी के अनुसार रांची सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस रांची से चलकर सासाराम जा रही थी। इसी दौरान लातेहार जिले के कुमंडीह स्टेशन के पास अचानक यह अफवाह फैली की रेल के इंजन में आग लग गई है। इस अफवाह के बाद अचानक रेल यात्रियों में भगदड़ मच गई और सभी लोग रेल के डब्बे से उतरने लगे। कुछ लोग प्लेटफार्म के विपरीत दिशा में रेलवे लाइन पर उतर गए। इसी दौरान सामने से एक मालगाड़ी आ गई। जिसकी चपेट में कई यात्री आ गए। इनमें तीन यात्रियों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इधर घटना की पुष्टि लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने भी की है। उन्होंने कहा कि पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंच गई है और बचाव कार्य जारी है।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री 16 को जमशेदपुर में, फ्लाईओवर का करेंगे शिलान्यास



**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन 16 जून को पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) में फ्लाईओवर निर्माण का शिलान्यास करेंगे। इसको लेकर मानगो स्थित गांधी मैदान में शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम को लेकर जमशेदपुर के डीसी ए. मित्तल सहित अन्य अधिकारी तैयारियों में जुटे हैं। उल्लेखनीय है कि तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इसका शिलान्यास किया था लेकिन निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ था। अब मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के शिलान्यास के बाद निर्माण कार्य आरम्भ हो जायेगा।

### एसएसबी जवान पर गिरी पेड़ की डाल, मौत

दुमका। तेज आंधी-पानी ने सशस्त्र सीमा बल यानी एसएसबी के जवान 36 वर्षीय रमेश कुमार की जान ले ली। घटना गुरुवार देर शाम को खूंटाबांध के समीप घटी, जहां सूखे पेड़ की डाली जवान पर गिर गई। उसे गंभीर हालत में मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने तत्काल धनबाद रेफर कर दिया। जामताड़ा पहुंचते ही जवान की मौत हो गई। जामताड़ा में शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर रांची भेज दिया गया। यहां से शव को एयर एंबुलेंस से पैतृक घर भेज दिया जाएगा। मृतक हिमाचल प्रदेश के चंबा का रहने वाला था।

## आज | कल




# चतरा में आधुनिक हथियारों के साथ तीन उग्रवादी गिरफ्तार, भेजे गये जेल

- इंसास व एसएलआर सहित 355 कारतूस बरामद, कई उग्रवादी भागने में रहे सफल
- तीन उग्रवादियों के सशस्त्र दस्ता कुंदा थाना क्षेत्र के कुजरम के जंगल में ठहरे हुए थे



नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** चतरा पुलिस टीम ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए आधुनिक हथियारों से लैस तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उग्रवादियों के पास से दो हथियार और 355 कारतूस बरामद किए गए हैं। चतरा पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना मिली थी की टीएसपीसी कमांडर महेंद्र गंझू उर्फ पाल्टा, छोटू भुईयां, इरफान गंझू उर्फ मनोज उर्फ सुरेंद्र गंझू अपने सशस्त्र दस्ता के साथ चतरा-पलामू के सीमावर्ती क्षेत्र कुन्दा थाना के सिकीदाग, कुजरम के जंगल में ठहरे हुए हैं। वे किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे। सूचना मिलने के बाद एसडीपीओ अजय केशरी के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम शेष पृष्ठ 11 पर

# किसानों के 2 लाख रुपये तक के ऋण होंगे माफ : कृषि मंत्री

- वन टाईम सेंटलमेंट के माध्यम से माफ किये जायेंगे कृष्रि ऋण
- मृतक किसानों के ऋण भी बिना केवाईसी के माफ किए जाएंगे
- एनपीए लोन को भी सरकार करेगी माफ, बैंकों से मांगा प्रस्ताव
- 4.7 लाख किसानों के 50 हजार तक के ऋण हो चुके हैं माफ

ब्यूरो रिपोर्ट



**रांची।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री बादल ने कहा है कि किसानों के दो लाख रुपये तक के लोन माफ किये जाएंगे। इसके लिए उन्होंने सभी बैंकों से प्रस्ताव प्रस्तुत करने को कहा है। 31 मार्च 2020 तक किसानों द्वारा लिया गया 50 हजार से लेकर दो लाख तक के ऋण को वन टाईम सेंटलमेंट के माध्यम से माफ किये जायेंगे। इसके लिये सभी बैंकों से प्रस्ताव आमंत्रित किया गया है। वह आज नेपाल हाउस स्थित सभागार में राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति के पदाधिकारियों के साथ केसीसी लोन सहित कृषि कार्य के लिए किसानों द्वारा लिए गये ऋण की माफी योजना को लेकर बैठक कर रहे थे। मंत्री ने बैठक में बताया कि राज्य सरकार ने अपने वादे के मुताबिक ऐसे किसानों को राहत दी है, जो बैंक ऋण की वजह से चिंताग्रस्त रहते थे। राज्य के करीब 4 लाख 73 हजार से ज्यादा किसानों के 50 हजार रुपये तक के ऋण माफ किये जा चुके हैं। इस मद में सरकार द्वारा 1900 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि बैंकों को दी गयी है। विदित हो कि 2021-22 में सरकार ने किसानों को राहत देने के मकसद से 50 हजार रुपये तक की राशि के ऋण को माफ करने की घोषणा की थी। अपने वादे के मुताबिक सरकार ने वैसे सभी आवेदनों का निष्पादन कर लिया है, जिनकी केवाईसी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि बहुराज्यीय भूमि सहकारी विकास बैंक समिति, पटना के 10 हजार ऋणी किसानों के कर्ज माफ करने पर विचार किया गया। लोन लेने वाले एससी/एसटी और कमजोर वर्ग के किसानों के ऋण माफ किये जाने का निर्णय भी बैठक में लिया गया। साथ ही देवघर को-ऑपरेटिव ग्रेन बैंक, लिमिटेड, देवघर द्वारा 14 हजार 346 ऋणी किसानों के कर्ज को भी माफ करने पर विचार किया गया। श्री बादल ने सभी बैंकों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वैसे किसानों के खाते, जो एनपीए हो चुके हैं, उन खातों को बंद करने के लिए राज्य सरकार के पास प्रस्ताव भेजें, ताकि किसानों को ऋणमुक्त किया जा सके। बादल ने कहा कि ऐसे शेष पृष्ठ 11 पर

## नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई जांच का आदेश देने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि वह नीट (यूजी) 2024 परीक्षा में पेपर लीक और कदाचार के अन्य मामलों में सिर्फ एक पक्ष के कहने पर सीबीआई जांच का आदेश नहीं दे सकता। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली अवकाश पीठ ने एक वकील के आवेदन पर सुनवाई के दौरान कहा, हमने याचिका पर विचार किया। हम एक पक्ष के कहने पर आदेश नहीं सुनाते हैं। कैसी सीबीआई जांच? क्या सिर्फ एक पक्ष को सुनकर आज के आज सीबीआई जांच का आदेश दिया जा सकता है? क्या आपकी यह मांग है? वकील ने मामले में तत्काल सीबीआई जांच की मांग की थी। पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति संदीप मेहता भी शामिल थे, ने कहा कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) पेपर लीक के आरोपों से जुड़े सीबीआई/एसआईटी जांच की मांग वाली नई याचिकाओं पर दो सप्ताह में जवाब दाखिल कर सकती है। साथ ही शीर्ष अदालत ने अगली सुनवाई से पहले कथित पेपर लीक की शिकायत की जांच पर बिहार पुलिस से स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी।

## बेटियों के पलायन और बच्चों के कुपोषण से निपटना बड़ी चुनौती : अन्नपूर्णा

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** मोदी सरकार 3.0 में महिला-बाल विकास मंत्रालय की कैबिनेट मंत्री अन्नपूर्णा देवी व रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ का शुक्रवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में भव्य स्वागत किया गया। स्वागत समारोह में अन्नापूर्णा देवी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश की आधी आबादी महिला और बच्चों ही है, जिनके विकास के लिए उन्हें काम करना है। लेकिन सबसे ज्यादा चुनौती अपने राज्य की बेटियों का पलायन रोकना और बच्चों का कुपोषण से बचाव करने की है। इस कार्य में उन्हें आप सभी का सहयोग की जरूरत है। तभी हम झारखंड में पलायन और कुपोषण से निपट सकते हैं। केंद्रीय मंत्री अन्नापूर्णा देवी ने कहा कि 2024 चुनावी वर्ष है और लोकसभा चुनाव में झारखंड की जनता ने हम पर पूरा भरोसा किया है। अब राज्य में डबल इंजन की सरकार बनानी है। राज्य की जनता और युवाओं-महिलाओं के साथ गठबंधन की सरकार ने छल किया गया है, उन्हें घोखा दिया गया है। झारखंड को पूरे देश में बदनाम किया है। जिसकी पीड़ा लोगों में काफी है और वह लोकसभा चुनाव में लोगों का दर्द भी छलका। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि भाजपा राष्ट्र प्रथम की भावना से कार्य करता है। 140 करोड़ देश वासी हमारा परिवार है। आज देश शेष पृष्ठ 11 पर

## राष्ट्र निर्माण में भारतीय सेना का योगदान अहम : संजय सेठ



**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शुक्रवार को रांची मिलिट्री स्टेशन का दौरा किया। 11 जून 2024 को रक्षा राज्य मंत्री का पदभार ग्रहण करने के बाद यह उनका पहला दौरा था, जिसमें उन्होंने सशस्त्र बलों के साथ मजबूत संबंधों को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता को दशार्या। रक्षा राज्य मंत्री ने झारखंड युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर भारतीय सेना के शहीदों को श्रद्धांजलि दी। मौके पर सैन्य अधिकारियों ने उन्हें रांची छावनी का दौरा कराया, जिसमें परिचालन तैयारियों के साथ-साथ कर्मियों और उनके परिवारों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए की गई पहलों और उपायों पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान शेष पृष्ठ 11 पर

## इंडिया



सुनील बादल

**अर्थव्यवस्था की नजर से दुनिया के 9 सबसे बड़े देशों में से सात जी 7 में हैं। जी 7 के सातों देशों की अर्थव्यवस्था 45 ट्रिलियन डॉलर है। दुनिया की जीडीपी में इन सात देशों की हिस्सेदारी 43 फीसदी है।**

# सबसे शक्तिशाली देशों के संगठन जी 7 का मुख्य अतिथि भारत

जी7 शिखर सम्मेलन 13 से 15 जून तक इटली के अपुलिया में आयोजित हो रहा है। बतौर मुख्य अतिथि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इसमें शामिल होने के लिए पहुंच चुके हैं । विश्व के सबसे धनाढ्य 7 देशों के समूह के समिट में यूक्रेन-रूस जंग और गाजा में संघर्ष का मुद्दा छाए रहने की संभावना है। जी7 दुनिया के सात सबसे ताकतवर और औद्योगिक लिहाज से सबसे समृद्ध देशों का संगठन है। यह संगठन कई तरह से दुनिया को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करता है। जी7 नेटो, एव या वठ की तरह कोई आधिकारिक संगठन नहीं है लेकिन इसने कई वैश्विक समस्याओं को हल करने में बड़ी भूमिका निभाई है।भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी 50वीं जी 7 बैठक में हिस्सा ले रहे हैं।

भारत जी 7 का सदस्य नहीं है लेकिन एक विशेष महत्वपूर्ण देश के रूप में इस बैठक में शामिल होने के लिए आमंत्रण मिला है।अर्थव्यवस्था की नजर से दुनिया के 9 सबसे बड़े देशों में से सात जी 7 में हैं। जी 7 के सातों देशों की अर्थव्यवस्था 45 ट्रिलियन डॉलर है। दुनिया की जीडीपी में इन सात देशों की हिस्सेदारी 43 फीसदी है। प्रति व्यक्ति आय के मामले में दुनिया के 15 टॉप के देशों में से सात जी 7 के सदस्य हैं। जी 7 देश दुनिया के 10 सबसे बड़े निर्यातकों में शामिल हैं। इसके अलावा, जी 7 के सदस्य देश यूनाइटेड नेशंस को डोनेशन देने वाले टॉप 10 देशों की लिस्ट में भी हैं। अब जो देश पूरे विश्व में इस तरह की भूमिका निभा रहे हों तो यह समझना कठिन नहीं है कि दुनिया की राजनीति में जी 7 की क्या भूमका है। वैसे जी 7 देशों ने अतीत में चेर्नोबिल न्यूक्लियर डिजास्टर, एचआईवी एड्स और मलेरिया के लिए फंड जुटाने, क्लाइमेट चेंज से निपटने और लैंगिक समानता जैसे मामलों पर बड़ी भूमिका निभाई है। 1975 में जब जी7 बना तो शीत युद्ध का दौर था। एक तरफ सोवियत संघ और उसके समर्थन वाले देश थे। जिन्होंने मिलकर वॉरसा के नाम से एक ग्रुप बनाया था। इसे काउंटर करने के लिए वामपंथ विरोधी पश्चिमी देश जैसे फ्रांस, इटली, वेस्ट जर्मनी (उस समय जर्मनी दो टुकड़ों में बंटा था) अमेरिका, ब्रिटेन, जापान और कनाडा एक मंच पर आए। 1998 में जी 7 संगठन के दूसरे फेज की शुरूआत होती है। सोवियत रूस कई टुकड़ों में बंट चुका था। शीत युद्ध खत्म हो गया था। तभी रूस को इसमें शामिल किया गया। इस समय रूस के राष्ट्रपति बोरिस येल्तसिन थे। तब रूस की पॉलिसी भी अमेरिका और पश्चिमी देशों के समर्थन वाली थी। जी 7 में रूस के शामिल होने के बाद इसका नाम जी8 हो गया। 2014 में क्रिमिया में रूस की घुसपैठ के बाद उसे संगठन से बाहर कर दिया गया था।भारत 11 बार इस समिट में शामिल हो चुका है। पिछले 5 साल से लगातार इसे गेस्ट के तौर पर बुलाया जा रहा है।



1980 के दशक में जी 7 देशों की जीडीपी दुनिया की कुल जीडीपी की करीब 60 फीसदी थी। अब यह घटकर करीब 40 फीसदी रह गई है। जी 7 के प्रभावशाली देशों के अलावा भविष्य में इसका प्रभाव और कम होने की संभावना है। भारत जी7 का नया सदस्य बन सकता है। इसकी कई वजह हैं। रक्षा खर्च के मामले में भारत दुनिया में तीसरे नंबर पर है। भारत की सकल घरेलू उत्पाद ब्रिटेन के बराबर है और फ्रांस, इटली और कनाडा से ज्यादा है। भारत एक लोकतांत्रिक देश है, इसलिए जी 7 हर साल भारत को आमंत्रित करता है और दुनिया के हर बड़े मुद्दे पर उसके साथ चर्चा करना चाहता है। हालांकि भारत कई मुद्दों को लेकर जी 7 देशों से सहमत नहीं है।

जैसे क्लाइमेट चेंज और बिजनेस-ट्रेड। ऐसे में जी 7 की बैठक में शामिल होकर हम विकासशील देशों का नजरिया जी 7 के अमीर देशों के सामने रख सकते हैं। हालांकि, भारत का रोल डिसीजन मेकिंग में काफी लिमिटेड है। ये देश अलग-अलग तरीकों से अपने किसानों को सब्सिडी देते हैं, लेकिन भारत, चीन और दूसरों को ऐसा करने से रोकते हैं। जब भारत सरकार अपने किसानों को सब्सिडी देती है तो दुनिया में भारत का अनाज अमेरिका जैसे देशों के अनाज से ज्यादा सस्ता हो जाता है। इससे पश्चिमी देशों को नुकसान होता है।ये देश जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए दूसरे देशों को कोयले के इस्तेमाल से रोकते हैं। जबकि खुद कोयला इस्तेमाल करके ही ये देश विकसित हुए हैं। ऐसे में भारत की स्थिति मजबूत लेकिन तलवार की धार पर चलने जैसी है । इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने चुनाव से पहले ही उन्हें इस समिट का न्योता भिजवा दिया था। हालांकि, ये पहली बार नहीं जब भारत को इस संगठन ने गेस्ट के तौर पर बुलाया हो। अब देखना है भारत मोदी के व्यक्तित्व की सराहना के अलावा क्या लेकर आता है और वैश्विक स्तर पर क्या प्रभाव छोड़ पाता है?

## कुवैत अग्नि त्रासदी में मारे गए 45 भारतीयों के शव भारत लाए गए

**नई दिल्ली।** कुवैत में आग लगने की घटना में मारे गए 45 भारतीयों के शव शुक्रवार को वायुसेना के एक विशेष विमान भारत लाए गए। विमान दोपहर कोच्चि पहुंचा, जहां केरल के मुख्यमंत्री पिन्नराई विजयन, विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह, केन्द्रीय मंत्री सुरेश गोपी और अन्य मंत्रियों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। मृतकों में केरल से 23, तमिलनाडु से 7, आंध्र प्रदेश से 3, उत्तर प्रदेश से 3, ओडिशा से 2 और बिहार, पंजाब, कर्नाटक, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, झारखंड और हरियाणा से एक-एक हैं। भारतीय दूतावास के अनुसार कुवैत के मंगफ शहर में बुधवार को एक छह मंजिला इमारत में भीषण आग लग गई थी, जहां भारतीय कामगारों का रिहायशी शिविर था। इसमें कम से कम 48 लोगों की मौत हुई। इमारत में रह रहे 176 भारतीय श्रमिकों में से 45 की मृत्यु हो गई और 33 शेष पृष्ठ 11 पर




खुल गया | खुल गया | खुल गया
नीलकमल फर्नीचर
मेसर्स विनय इंटरप्राइजेज
गायत्री मंदिर रोड, सुदना
प्रो. अभिषेक कुमार
नीलकमल के अधिकृत विक्रेता सभी तरह के फर्नीचर के लिए एक बार जरूर पधारें
दीवान, सोफा, आलमीरा, स्कूल फर्नीचर, प्लास्टिक की कुर्सी, टेबल व सभी सामानों के सेट उपलब्ध
8789497720 | 9199963588


## एक नजर

### मुख्य डाकघर में दो दिनों से लिंक फेल ग्राहक परेशान

**हुसैनाबाद।** जपला मुख्य डाकघर में दो दिनों से लिंक फेल रहने से सभी तरह के कार्य प्रभावित है। इस कारण इस भीषण गर्मी में ग्रामीण क्षेत्र से आए ग्राहकों को बिना काम कराये ही वापस लौटना पड़ा। इस संबंध में उप डाकपाल रंजीत राम ने बताया कि बीएसएनएल का केबल कट जाने के कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है। अब सोमवार से नियमित कार्य किया जाएगा।

### मारपीट में पति-पत्नी घायल

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के सुकनाडेरा गांव में गुरुवार की रात जमीन विवाद को लेकर एक ही समुदाय के दो लोगों के बीच हुई मारपीट में पति पत्नी रमेश पासवान व सोनपतिया देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। दोनों घायलों का इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रमेश ने बताया कि उनकी पड़ोसी से जमीन का विवाद पुरानी है। पूर्व में भी यह मामला थाना में आया था। इस घटना की सूचना थाना को दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।


### बिजली विभाग ने चलाया छापेमारी अभियान सात पर प्राथमिकी

**नावाबाजार।** विद्युत विभाग की ओर से शुक्रवार को अवैध विद्युत कनेक्शन और विद्युत चोरी को लेकर नावाबाजार प्रखंड मुख्यालय में छापेमारी अभियान चलाया गया। जहां सात उपभोक्ताओं पर 59 हजार का जुर्माना लगाया गया। साथ हीं उनके उपर प्राथमिकी नावाबाजार थाना में दर्ज कराई गई है। इनमें नौशाद अली पिता महबूब आलम 7500, इम्तियाज खान पिता मोहम्मद मुमताज खान 17500, दुर्गा कुमार पिता स्व. महेंद्र साव 4000, विकास कुमार पिता विनोद साव 7500, विजय गुप्ता पिता रामलाल साव 7500, जियाउद्दीन खान पिता निजामुद्दीन खान 7500, अरविंद प्रजापति पिता रटू प्रजापति 7500 रुपए जुर्माना लगाए गए हैं। छापेमारी अभियान में तकनीकी सहायक राजीव कुमार, तकनीकी सहायक रवि कुमार, तकनीकी सहायक मंटू कुमार, विद्युत कमर्शियल पदाधिकारी प्रिंस तिवारी व धर्मेंद्र कुमार चौहान विद्युत कमर्शियल पदाधिकारी मौजूद थे।

# स्कॉर्पियो ने हाइवा में मारी टक्कर, एक की मौत, एक घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** राष्ट्रीय राजमार्ग 139 डाल्टनगंज-औरंगाबाद पथ पर थाना क्षेत्र के लक्की ढाबा के समीप खड़ा हाइवा में स्कार्पियो ने टक्कर मारने से स्कार्पियो में सवार मालिक मो. फकरे आलक (55वर्ष) पिता स्व. नसरूल हसन की मौत हो गयी। चालक दिनेश कुमार (29वर्ष) पिता रामवृक्ष भारती गंभीर रुप से घायल हो गया। स्कार्पियो में पीछे बैठा युवक परवेज अंसारी (41वर्ष) बाल-बाल बच गया। चालक को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है। बताया जाता है कि गढ़वा की ओर से स्कार्पियो (यूपी 64 यू 2021) शुक्रवार की सुबह 5 बजे हरिहरगंज की ओर आ रही थी। स्कार्पियो पर चालक सहित तीन लोग सवार थें। चालक को झपकी आ रही थी। वह बार बार मालिक को बता रहा था कि वह कई दिनों से नहीं सोया है। बावजूद वाहन मालिक उसे गाड़ी चलाने के लिए दबाव डाल रहे थे। इसी क्रम में लक्की ढाबा के समीप स्कार्पियो सड़क किनारे खड़े हाइवा से टकरा गयी, जिससे चालक व वाहन मालिक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती किया गया। जहां वाहन मालिक को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वाहन मालिक अलीनगर (हवेली) थाना अलीनगर, जिला दरभंगा, बिहार, जबकि चालक मुरी सेमर गांव के अनपाड़ा थाना क्षेत्र जिला सोनभद्र यूपी का रहने वाला है। घायल युवक परवेज बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के सकरा थाना क्षेत्र के पैतरापुर का रहने वाला है। हरिहरगंज थाना में परवेज ने ही इस सिलसिले में आवेदन दिया है। उसने कह है चालक दिनेश को नींद आ रही थी। वह बार बार रूक कर सोने की बात कर रहा था। इसके बावजूद वाहन मालिक गाड़ी चलाने के लिए दबाव बना रहे थे। ड्राइवर को नींद लग जाने के कारण यह हादसा हुआ। सूचना मिलने के बाद हरिहरगंज थाना प्रभारी सतीश गुप्ता ने शव को कब्जे में लेकर अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सौंप दिया।





घायल चालक


मृतक मालिक - मो. फकरे आलम

## सड़क दुर्घटना में दो घायल

**नवीन मेल संवाददाता**



**मोहम्मदगंज।** थाना क्षेत्र के मोहम्मदगंज जपला मुख्य पथ में रविवारीय बाजार के समीप शुक्रवार की दोपहर आरपीएफ जपला की स्कार्पियो व बाइक में आमने सामने की टक्कर टक्कर में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। दोनों घायलों को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया हैकिया। घटना में बाइक का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि स्कार्पियो का अगला टायर फट गया। जानकारी के अुनसार बाइक सवार उंटारी रोड थाना क्षेत्र के गटियरवा गांव निवासी जितेंद्र उरांव व अक्लू उरांव अपने घर से मोहम्मदगंज की ओर आ रहा था। जपला की ओर से आ रही आरपीएफ की स्कार्पियो गाड़ी से जोरदार टक्कर हो गई। दुर्घटना की सूचना मिलने ही मोहम्मदगंज पुलिस मौके पर पहुंच कर बाइक को जब्त कर थाना ले गई। आरपीएफ की स्कार्पियो गाड़ी को स्थानीय पुलिस ने छोड़ दिया।

## न्यूज बॉक्स

### 200 छात्र- छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण



**हुसैनाबाद।** प्रखंड संसाधन केन्द्र हुसैनाबाद में सत्र 2023-24 के अनुसुचित जाति, पिछड़ी जाति,अल्पसंख्यक वर्ग आदि के करीब 200 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामनरेश राम व विशिष्ट अतिथि पथरा पंचायत के मुखिया नरेश पासवान मौजूद थे। मौके पर बीईईओ रामनरेश राम ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा गरीबों के बीच कल्याणकारी योजना के तहत साइकिल वितरण किया जा रहा है। विशिष्ट अतिथि पथरा पंचायत के मुखिया नरेश पासवान ने कहा कि वितरण समारोह में सभी निर्धन विद्यार्थियों के बीच साइकिल का वितरण कराकर एक बेहतर कार्य किया गया है। बच्चों को स्कूल आने जाने में काफी सुविधा मिलेगी। जिन विद्यालय के बच्चों के बीच साइकिल वितरण किया गया उसमें उत्क्रमित मध्य विद्यालय एकडरी, मध्य विद्यालय देवरी खुर्द, उत्क्रमित मध्य विद्यालय शिवा विगहा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय सोनपुरवा आदि स्कूल के बच्चे शामिल थे। मौके पर अजाप्ता हुसैनाबाद के सचिव निर्मल कुमार, बीपीएम जयराम मेहता, बीआरसी शनि कुमार, विनोद कुमार, शिक्षक हरि पासवान, उदेशवर राम उपस्थित थे।

### सांप काटने से महिला की मौत

**छतरपुर।** थाना क्षेत्र के तेनुडीह निवासी अविनाश कुमार की 23 वर्षीय पत्नी रेणु देवी को जहरीला सांप के काटने से मौत हो गई। मृतिका के पति अविनाश कुमार ने बताया कि सुबह सौच के लिए बाहर गई थी। इस बीच जहरीला सांप ने काट लिया। आनन-फानन में छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया जहां प्रथमिक उपचार कर एमएमसीएच रेफर कर दिया। वहां पहुंचने पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने शव को फिर छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल लाया। वहां छतरपुर पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। हांलाकि मृतका के मायके वालों ने हत्या का आशंका जताया है।

### चार माह से वृद्धा पेंशन का भुगतान नहीं भुखमरी के कगार पर पेंशनधारी



**विश्रामपुर।** नगर परिषद क्षेत्र के सैकड़ों वृद्धों, विधवाओं, दिब्यांगों को पिछले चार माह से पेंशन नहीं मिल रहा है। पेंशन का भुगतान नहीं होने से पेंशनधारियों के समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। नप क्षेत्र के दर्जनों पेंशनधारियो ने सामाजिक कार्यकर्ता मो. सत्तार खलीफा उर्फ पेंटर जिलानी से पेंशन भुगतान करवाने में मदद की गुहार लगाई। पेंटर जिलानी ने पलामू उपायुक्त को पत्र लिखकर जल्द से जल्द पेंशन भुगतान कराने की मांग की है। उपायुक्त को भेजे पत्र में पेंटर जिलानी ने कहा है कि अगर पांच जुलाई तक पेंशनधारियों को पेंशन का भुगतान नहीं किया गया तो छः जुलाई से वह विश्रामपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष आमरण अनशन पर बैठ जायेंगे। उन्होंने नगर परिषद क्षेत्र में पेयजल किल्लत की तरफ भी उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराया। कहा कि भीषण गर्मी के बीच नगर परिषद के कई वार्ड में पानी के लिए हाहाकार मचा है। नगरीय प्रशासन द्वारा कुछ चिन्हित वार्डों में ही टैंकर से पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। वह भी आबादी के अनुसार काफी है। इतना ही नहीं दर्जनों सरकारी चापानल खराब पड़ा हैं। पेंटर जिलानी ने उपायुक्त से नप क्षेत्र के खराब पड़े चापानलों की मरम्मत कराने व टैंकर से पेयजल आपूर्ति सभी वार्डों में शुरू कराने की मांग की है।

### अबुआ, पीएम आवास में प्रखंड कर्मियों की मनमानी

# पंचायत प्रतिनिधियों ने एसडीओ को सौंपा 10 सूत्री आरोप पत्र



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड के कर्मियों की मनमानी के विरुद्ध हुसैनाबाद के अनुमंडल पदाधिकारी पियूष सिन्हा को 10 सूत्री आरोप पत्र सौंपा कर अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति व आवंटन से लेकर वास्तविक लाभुकों को भुगतान में मनमानी किये जाने की शिकायत की है। शुक्रवार को हैदरनगर स्थित कांग्रेस पार्टी के कार्यालय में जिला उपाध्यक्ष सह परता पंचायत मुखिया कमल कुमार पासवान, प्रखंड अध्यक्ष सह पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पांडेय ने पत्रकारों को एसडीओ को आरोप पत्र सौंपी गई। 10 दस सूत्री आरोप पत्र की जानकारी देते हुए बताया कि अबुआ आवास के लिये ग्रामसभा में चयनित लाभुकों की अनदेखी कर अन्य लोगों की सूची तैयार की गई है। साथ ही एससी व एसटी वर्ग में सामान्य वर्ग, ओबीसी की सूची में एससी व एसटी वर्ग को शामिल किया गया है। इसके अलावे अबुआ आवास की तैयार सूची में एक ही व्यक्ति का नाम दो-तीन स्थानों पर उल्लेख है। उन्होंने एसडीओ को बताया कि उपायुक्त के पत्रांक 36 दिनांक 25 जनवरी 2024 और विभागीय पत्रांक 5349 दिनांक 16 फरवरी 2023 के अनुसार ग्राम पंचायत परता का अबुआ आवास लाभुकों का आवंटित कोटि एससी-एसटी का 22, अल्पसंख्यक वर्ग 7, ओबीसी 21 व सामान्य वर्ग के लिए 3 रखा गया है। उसमें गलत कोटि दर्शाते हुए प्रखंड कर्मियों की मनमानी से कई लोगों को भुगतान भी कर दिया गया है। रोजगार व पंचायत सेवकको पैसा नहीं मिलने पर कई लाभुकों का भुगतान रोके जाने के साक्ष्य भी उन्होंने प्रस्तुत किया है। लाभुक रीना देवी ने निर्माण सामग्री तो गिरा लिया पर इनका नाजायज पैसा नहीं देने से भुगतान लंबित रखा गया है। इस योजना से किसी भी प्रतिनिधि या उसके परिवार को लाभ नहीं दिये जाने के प्रावधान के विरुद्ध वार्ड सदस्य के बहू कविता देवी के नाम कर्मियों की मिलीभगत से आवास का आवंटन किया गया है। इस पंचायत में पूर्व से ही कई लाभुक इंदिरा आवास का लाभ ले चुके। बावजूद पुनः अबुआ आवास का भी लाभ दिया गया है। एसडीओ ने उन्हें सभी बिंदुओं पर बातों को संज्ञान में लेने के बाद पारदर्शिता के साथ जांच करने का आश्वासन दिया है।

# पूर्व वार्ड पार्षदों ने सफाई कराने को ले एईई को दिया आवेदन



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिला के हुसैनाबाद नगर पंचायत के पूर्व वार्ड पार्षदों ने आने वाले वर्षा के मौसम को देखते हुए नगर पंचायत के सभी 16 वार्डों में नाली व कूड़ा कचरों का युद्धस्तर पर सफाई कार्य कराने की मांग की है। वार्ड पार्षदों ने हुसैनाबाद नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी को सौंपे आवेदन में कहा कि नगर पंचायत हुसैनाबाद के सभी वार्डों की स्थिति सफाई के दृष्टिकोण से नगण्य है। प्रत्येक वार्ड के नाली, कूड़ा कचरे की स्थिति बद से बदतर हो गई है। भीषण गर्मी से नाली की गंदगी से लोगों की स्थिति नारकीय हो गई है। इन कारणों से डेंगू, मलेरिया रोग फैलने का भी भय बना है। इस संबंध में संबंधित कर्मचारी या सफाई कर्मचारी से बात करने पर टाल मटोल किया जा रहा है। इसलिए त्वरित निदान के लिए सफाई कार्य पर ध्यान दिया जाए। आगामी बरसात के पहले नाली की सफाई युद्धस्तर पर कराना जरूरी है। इधर इस संबंध में हुसैनाबाद नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी विपुल सन्नी ने बताया कि नगर पंचायत में जितने भी सफाई कर्मी हैं, उसके अनुसार लगातार शहर में सफाई करवाया जा रहा है। यह कार्य महीनों से किया जा रहा है। वर्षा के मौसम को देखते हुए सफाई कार्य में तेजी लायी जाएगी। खासकर नालियों की सफाई में तेजी लायी जाएगी। आवेदन देने वालों में पूर्व वार्ड पार्षद राजेन्द्र पाल, सुदर्शन राम, अर्जुन प्रसाद, सोनी देवी, अखलेश यादव, लालती देवी, उमा देवी, सुनीता देवी, सुहैल आलम, सरिता देवी के नाम शामिल है।

## अपील

### बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक, लिए गए कई निर्णय

# सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनायें : थाना प्रभारी

### मस्जिदों पर पुलिस बल व अधिकारी मौजूद रहेंगे



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** ईद-उल-जोहा (बकरीद) में विधि-व्यवस्था कायम रखने को लेकर हैदरनगर थाना परिसर में शुक्रवार को शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने की। थाना प्रभारी ने शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मानने का आह्वान सभी से किया। सदस्यों ने विभिन्न मस्जिदों में बकरीद की नमाज-अदा करने के समय से पदाधिकारियों को अवगत कराया। थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने कहा कि बकरीद के दिन पुलिस गश्त बढ़ा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि विभिन्न मस्जिदों पर पुलिस बल व अधिकारी मौजूद रहेंगे। सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की अफवाह फैलने पर संबंधित व्यक्ति, पेज या ग्रुप एडमिन पर विधिवत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर 24 घंटे निगरानी रखी जा रही है, इसीलिए किसी भी प्रकार की अफवाह या आपत्तिजनक पोस्ट से बचने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि बकरीद के दिन कोई ऐसा कार्य नहीं करें जिससे किसी दूसरे की भावना आहत होती हो। शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। बैठक में जितेन्द्र कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह, डॉ अनिमूल हक अंसारी, आनंदी पासवान, सज्जू खान, राजू खान, अमजद अली, असरफ हसन, मतीन खान व सादाब खान सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### बकरीद पर्व को ले शांति समिति की बैठक आज



**हरिहरगंज।** बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर स्थानीय थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आहूत की गयी हैं। प्रभारी थाना प्रभारी सतीश कुमार गुप्ता ने बताया कि 15 जून को 4 बजे बैठक आयोजित की गई है। बैठक में शांति समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी के साथ ही दोनों समुदाय के लोगों को आमंत्रित किया गया हैं।

# कूप निर्माण में विस्फोटक का उपयोग बिजली का खंभा क्षतिग्रस्त, गिरा तार

**नवीन मेल संवाददाता**



**नावाबाजार।** नावाबाजार प्रखंड के तुकबेरा पंचायत में अर्जुन मेहता के खेत में कराए जा रहे कूप निर्माण में गुरुवार को विस्फोटक का उपयोग किया गया। विस्फोट इतना जबर्दस्त था कि माहौल थोड़ी देर के लिए आसपास के लोग किसी अनहोनी को ले आशंकित रहे। विस्फोट में कुआं खुदाई स्थल के निकट दो सरकारी बिजली खंभा भी क्षतिग्रस्त हो गया। खंभा से प्रवाहित बिजली तार टूट कर जमीन पर गिर गया। भगवान का शुक्र था कि घटना के समय विद्युत प्रवाहित नहीं था। विस्फोटक का उपयोग करना कानूनन अपराध है। आश्चर्य तो इस बात का है कि विस्फोटक कहां से और कौन लाया। कुआं में विस्फोटक के उपयोग करने का आदेश किसके द्वारा दिया गया? वहीं स्थानीय लोगों द्वारा घटना की पूरी जानकारी नावाबाजार थाना, विद्युत विभाग के अधिकारियों को दी गई। नावाबाजार थाना घटना स्थल पर पहुंच पूरे मामले की जांच में जुट गए हैं। विद्युत विभाग के कनीय अभियंता विकास कुमार ने बताया कि मामले की जांच करा आगे की कार्रवाई की जाएगी। हालांकि कूप निर्माण अर्जून मेहता द्वारा निजी राशि खर्च कर कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन झारखंड सरकार की ओर से शुरू की गई योजना है। इस योजना के तहत प्रत्येक पंचायत में 20-20 सिंचाई कूप निर्माण का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत किसानों के खेत में सिंचाई कूप का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा प्रति लाभुक 50 हजार रुपए सामग्री मद में और शेष राशि मनरेगा से दिया जाना है। तुकबेरा पंचायत में भी बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन के तहत योजना स्वीकृत है। नावाबाजार प्रखंड के तुकबेरा पंचायत में अर्जुन मेहता के खेत में कराए जा रहे कूप निर्माण में गुरुवार को विस्फोटक का उपयोग किया गया वह कूप लाभूक द्वारा अपने निजी राशि से कराया जा रहा है।


स्माईल क्राफ्ट
SMILE KRAFT DENTAL CLINIC We Want you to Look Your Best
दांतों का अस्पताल
बहु-विशिष्ट दन्त चिकित्सालय Multi Speciality Dental Clinic
A SEPARATE UNIT FOR DENTAL IMPLANT WITH HIGH QUALITY OF STERLIZATION
टेढ़े-मेढ़े दांतों को क्लिप एवं तार से सीधे करने के विशेषज्ञ डॉक्टर
डॉ. श्वेता सिंह
BDS, MDS, Esthetic & Dental Surgeon
Trained Fellow in
Esthetic &Conservation Dentistry
Periodontist & Oral Implantologist
FACILITIES AVAILABLE
•Digital OPG Facility Available in Clinic (Full Mouth X-Ray)
•Single Sitting RCT
•Dental Implant 15000*
•अत्याधुनिक मशीनों से इलाज
ईलाज किसी भी उम्र में सम्भव है


DENTAL LASER Blood Less, Painless Surgery
•इनविजिबल क्लिप •दंत रोपण •स्माईल डिजाईन •पायरिया का ईलाज • अत्याधुनिक तकनीक द्वारा ईलाज •आर.सी.टी. •टेढ़े-मेढ़े दांतों का ईलाज • ऑर्थोडोंटिक ट्रीटमेंट •फिक्स डेंचर
टूटे हुए जबड़े का ईलाज होता है
सेवा सदन के बगल में, डॉ. विजय सिंह के आवास पर, डालटनगंज 7762926170 | 7979933143

डॉ. विनीत कुमार सिंह
BDS, MDS, MIOS
HOD and Prof. VDCH Garhwa
AOI Life Member, Fellowship in Academy of Oral Implantology, Orthodontist & Oral Implantogist


## एक नजर

### 35 यूनिट रक्तदान

**मेदिनीनगर।** विश्व रक्तदान दिवस पर मेडिकल फैकल्टी, विद्यार्थियों व स्टाफ ने रक्तदान किया। डॉक्टर जितेंद्र कुमार ने बताया कि रक्तदान में 35 यूनिट रक्तदान किया गया। रक्तदान में मेडिकल की लड़कियों ने लड़कों से ज्यादा रक्तदान किया जो समाज के लिए सकारात्मक संदेश है। रक्त को सुरक्षित ब्लड बैंक में भेज दिया गया।

### ट्रैफिर जांच में 14 वाहन जब्त

**मेदिनीनगर।** शहर के विभिन्न चौक पर लगातार ट्रैफिक इंचार्ज समाल अहमद के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया । शुक्रवार इसी क्रम में छःमुहान पर सघन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों की जांच की गई। वाहन चेकिंग के दौरान दो पहिया वाहन चालकों को बगैर हेलमेट व ट्रिपल लोड की वजह से पकड़ा गया। जब्त वाहनों को शहर थाना में सुरक्षार्थ रखा गया है।

जिला परिषद बोर्ड की बैठक में लिए गए कई निर्णय

# तीन बैठकों में अनुपस्थित पदाधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई के लिए पत्र भेजने का निर्णय

■ पंचायत स्तर पर खराब जल मीनार को दुरुस्त करने का निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला परिषद बोर्ड की बैठक शुक्रवार को समाहरणालय में जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पूर्व में लिये गये निर्णय व अनुपालन को लेकर चर्चा की गई। साथ ही विभिन्न विभागों की समीक्षा की गयी। जिला परिषद बोर्ड की पिछले तीन बैंठकों में अनुपस्थित पदाधिकारियों के विरुद्ध संबंधित विभाग को कार्रवाई के पत्र भेजने का निर्णय लिया गया। वन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में बोर्ड न लगाये जाने पर सदस्यों द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी। बैठक में पेयजल समस्या को लेकर बोर्ड के सदस्यों ने चिंता जाहिर करते हुए पंचायत स्तर पर खराब जल मीनार को अविलंब दुरुस्त करने का निर्णय लिया गया। जलजीवन मिशन के खराब प्रदर्शन पर जांच टीम गठित करने का निर्णय लिया गया। आँगनबाड़ी सेविका सहायिका चयन में पोषक क्षेत्र से बाहर के व्यक्ति को चयनित करने पर हर हाल में रोक लगाने का प्रस्ताव पारित किया गया। स्वास्थ विभाग के कई स्वास्थ केन्द्रों में चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति का निर्देश दिया गया। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में बच्चों के पोषण, आवासन आदि के गुणवत्ता में सुधार करने के लिए जांच दल का गठन का प्रस्ताव पारित किया गया। कृषि विभाग की योजना झारखंड मिलेट मिशन अंतर्गत मोटे अनाज की खेती का प्रस्ताव के लिए तीन हजार रुपये प्रति एकड़ के प्रचार-प्रसार करने का निर्णय लिया गया। विद्युत विभाग को जर्जर तारों के बदलने से संबंधित निदेश दिया गया। अलावा सामाजिक सुरक्षा, बिजली विभाग, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण, भूमि संरक्षण, कृषि विभाग, आपूर्ति विभाग सहित अन्य विभागों की समीक्षा की गयी।

**जांच दल का गठन**

कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में बच्चों के पोषण,आवासन आदि के गुणवत्ता में सुधार करने के लिए जांच दल का गठन का प्रस्ताव पारित किया गया। कृषि विभाग की योजना झारखंड मिलेट मिशन अंतर्गत मोटे अनाज की खेती का प्रस्ताव के लिए तीन हजार रुपये प्रति एकड़ के प्रचार-प्रसार करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह व उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी रवि आनंद समेत सभी सदस्य सहित विभिन्न पदाधिकारी मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### जीएलए कॉलेज में एनसीसी का 10 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू



**मेदिनीगर।** जीएलए कॉलेज में एनसीसी की 44 वीं बटालियन द्वारा 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। यह आठवां ऐनुअल ट्रेनिंग कैंप है। ट्रेनिंग कैंप में ल 500 एनसीसी कैडेट भाग ले रहे हैं। कैंप में गोपीनाथ इंटर महिला कॉलेज, सद्गुरु जगजीत सिंह नामधारी कॉलेज गढ़वा, गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल, बक्शी हाई स्कूल जपला आदि स्कूल के कैडेट भाग ले रहे हैं। ट्रेनिंग कैंप में कैडेट को शारीरिक गतिविधि के साथ-साथ छोटे हथियार भी चलना सिखाया जाएगा। एनसीसी के सीनियर कैडेट ने बताया कि इसका उद्देश्य देश के युवाओं में चरित्र, साहचर्य, अनुशासन, नेतृत्व, धर्मनिरपेक्षता, निस्वार्थ सेवा भाव आदि गुणों का संचार करना है। विकट परिस्थितियों में प्रत्येक क्षेत्र में नेतृत्व प्रदान कर देश की सेवा के लिए तत्पर रहें। ट्रेनिंग में भी कैडेटों के हृदय में राष्ट प्रेम की भावना व देश सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने पर बोल दिया जाएगा।

### कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने किया एमएमसीएच का निरीक्षण, पाई कई खामियां

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ.बिट्टू पाठक के नेतृत्व में कांग्रेस का शिष्टमंडल शुक्रवार को एमएमसीएच का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एमएमसीएच में काफी कमियां देखने को मिली। ओपीडी में 9 से 10:30 बजे तक डॉक्टर उपस्थित नहीं थे। जिला अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस गठबंधन की सरकार है। दायित्व बनता है कि पलामू जिला में लोगों को स्वास्थ्य सुविधा अच्छा मिले। उन्होंने कहा कि एमएमसीएच में सफाई व हाउस कीपिंग बालाजी डाइडेक्टिव फोर्स को सफाई व हाउस कीपिंग का कार्य आवंटित है। अस्पताल परिसर में डस्टबीन लगाने कचरा को फेंकने की भी ज़िम्मेवारी दी गयी है, लेकिन सफाई के नाम पर खानापूर्ति हो रही है। ओपीडी दो पालियों में संचालित करने का नियम है। लेकिन यहां सिर्फ सुबह में ही ओपीडी चलता है। शाम में कोई ओपीडी नहीं चलता है। एचओडी तीन से चार दिन अस्पताल में नहीं दिखते हैं। ओपीडी में आने वाले मरीजों को गुणवत्तापूर्वक परामर्श नहीं दिया जा रहा है। जूनियर रेजिडेंट या सीनियर रेजिडेंट ही सिर्फ दिखते हैं। एचओडी या अन्य चिकित्सक रोस्टर के अनुसार ड्यूटी नहीं कर रहे हैं। अधीक्षक कार्यालय का कैश बुक की जांच अगर सही तरीका से हो जाए तो लाखों रूपया की गड़बड़ी पकड़ी जाएगी। मनचाहा ढंग से पसंदीदा पार्टी को भुगतान किया जा रहा है। इसका इंट्री कैश बुक में अप टू डेट भी नहीं है। एमएमसीएच में आईसीयू तक की व्यवस्था नहीं है।आईसीयू बेड, मॉनिटर, वेंटीलेटर, ऑक्सीजन पाइपलाइन आदि सुविधाएँ नहीं है। एमएमसीएच में अंधेरा रहता है। जिंदगी व मौत से जूझ रहे मरीजों को भीषण गर्मी में तड़पना पड़ रहा है। निरीक्षण में जिला अध्यक्ष के साथ शमीम अहमद रयान ईश्वरी प्रसाद सिंह मिथिलेश कुमार सिंह शानू खान रिजवान खान मुकेश सिंह खुर्शीद आलम मौजूद थे।

### प्रज्ञा केंद्र संचालक से सात लाख 85 हजार की ठगी

**मेदिनीनगर।** साइबर क्राइम अपराधियों ने ठगी का नया तरीका अपनाया है। जिसके शिकार लोग हो रहे हैं। साईबर अपराधियों के चंगुल में सदर थाना क्षेत्र के चियांकी स्थित सेक्रेट हर्ट स्कूल के पास आरूही मोबाईल जो सीएसपी सेंटर चलाता है। इसके संचालक सुआ निवासी विकास विश्वकर्मा पिता हरि चरण मिस्त्री को साईबर अपराधियों ने ठगी का नया तरीका अपनाते हुए सात लाख 85 हजार रुपए ठग कर चलते बने। इस मामले की शिकायत विकास विश्वकर्मा ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर किया है। उसने एसपी को बताया कि संतन कुमार भारद्वाज ग्राम बनाही पोस्ट नौहट्टा जिला रोहतास का रहने वाला है। वह उसके सीएसपी दुकान में 11 जून को आकर अपने मोबाईल में तीन लाख दस हजार रुपए ट्रांसफर कराया। इसके बाद उसने उक्त राशि को वापस कर दिया। संतन ने पुनः 12 जून को उसी दुकान में आकर नीतीश कुमार के मोबाइल में कुल ढाई लाख रुपए दूसरे व तीसरे मोबाईल के साथ ही सत्यम ने अपने मोबाईल में क्रमशः 50 हजार, 2.95 हजार डाला। इसी प्रकार सत्यम ने विकास के दुकान में बैठक कुल सात लाख 85 जार रुपए जमा करवा कर ठगी कर फरार हो गया है।

## बीडीओ ने समीक्षात्मक बैठक की दिए निर्देश




**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** बीडीओ अमित कुमार झा ने प्रखंड में चल रहे योजनाओं की शुक्रवार को समीक्षा बैठक की। बैठक मे पंचायत मुखिया, पंचायत सेवक उपस्थित थे। बीडीओ ने कार्य योजनाओं में गति लाने का निर्देश दिया। पुराने योजनाओं को पूर्ण कराने का निर्देश दिया। ग्राम स्तर से बैठक कर मनरेगा में नया योजना का चयन करने का निर्देश दिया। अबुआ आवास ससमय पूर्ण कराए का निर्देश दिया। पंचायत सेवक, मुखिया को योग्य लाभुकों को पेंशन की स्वीकृति कराने का निर्देश दिया। 15वीं वित्त योजना को धरातल पर उतारने पंचायत भवन में मुखिया, पंचायत सेवक, रोजगार सेवकों को रोस्टर नियम के अनुसार बैठ कर कार्य करने का निर्देश दिया।। बैठक में सभी पंचायत के मुखिया रोजगार सेवक पंचायत से उपस्थित थे।

## आबादी बढ़ी, बस स्टैंड वही शहर में जाम की स्थिति

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर को नगर निगम का दर्जा प्राप्त हुए कई वर्ष बीत गए। आबादी भी दो लाख के करीब है, लेकिन बस स्टैंड की व्यवस्था काफी पुरानी है। जानकारी के अनुसार मेदिनीनगर शहर के बीच स्थित बस स्टैंड 1940-41 के आसपास बना था, जो आबादी बढ़ने के बाद भी अभी तक वहीं है। बसों के आवागमन की वजह से शहर में आए दिन जाम लगता रहता है। साथ ही कई बड़ी दुर्घटनाएं भी होती रहती हैं। शहर वासियों की यह पुरानी मांग रही है कि बस स्टैंड को शहर से दूर शिफ्ट किया जाए। कई वर्ष पूर्व बस स्टैंड को बैरिया में शिफ्ट करने को लेकर वहां पर बस पड़ाव से संबंधित निर्माण भी शुरू किया गया था। लेकिन बाद में कातिपय कारणों से



उस पर विराम लग गया। आज तक शुरू नहीं हो पाया। उस समय पंचमुहान से महुआडांड़, गारू, पांकी, लातेहार, पाटन, छतरपुर, औरंगाबाद मार्ग आदि जगहों के लिए बस खुलती थी। लोगों की जरूरत के हिसाब से बस स्टैंड को शहर के बीचो-बीच स्थापित किया गया था, ताकि लोगों को सुविधा मिल सके। इतनी बड़ी मांग को भी आज तक पूरा ना किए जाने से शहर में स्थिति बनी रहती है। जाम की वजह से लोगों का जीवन खासा प्रभावित होता है। साथ ही अगर बस स्टैंड को नई जगह पर बदल दिया जाए तो लोगों को शहर के भीषण जाम व दुर्घटनाओं से जरूर मुक्ति मिलेगी। ज्ञात हो कि लगभग डेढ़ सौ छोटी बड़ी गाड़ियां बस स्टैंड के पास से आवागमन करती हैं।

### किशोर को सांप काटा

**मेदिनीनगर।** थाना क्षेत्र के सहदेवा गांव के रहने वाले 13 वर्षीय प्रियांशु मेहता को जहरीले सांप ने काट लिया। वह अपने पिता यशवंत महतो के साथ सिंचाई प्रयोग किए जाने वाले कुआं की सफाई करने नीचे उतरा था। अचानक सांप ने उसके पैर में काट लिया। इसके बाद लकड़ी समझकर उसने हाथ से पकड़ कर दूर फेंक दिया। कुआं से बाहर निकलने के बाद प्राथमिक इलाज के लिए उसे किशनपुर स्थित एक क्लीनिक में भर्ती कराया गया। बाद में उसे बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच रेफर कर दिया गया। एमएमसीएच पहुंचने पर उसका तत्काल इलाज करते हुए एंटीवेनम के बाद उसकी हालत स्थिर हुई। किशोर की मां कलिंदा देवी ने बताया कि सांप काटने के बाद हताश थे, लेकिन झाड़ फूंक कराने की जगह एमएमसीएच में बेटे को भर्ती कारण के बाद उसकी जान बची।

पानी यात्रा का तीसरा दिन

## पौधारोपण व सोख्ता बनाने की जिम्मेवारी लें: आशीष भारद्वाज

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पौधारोपण व सोख्ता के लिए आम आदमी को खुद से सचेत रहने की आवश्यकता है। प्रकृति प्रदत्त संसाधनों को संरक्षित करना हमारी स्वयं की जिम्मेवारी है। अपने घर का उपायोग किया पानी को घर के अंदर ही एक पनसोखा बनाकर डिस्चार्ज करें जिससे अंडरग्राउंड भूमिगत जल स्तर बना रहे। ये बातें पानी यात्रा के तीसरे दिन आशीष भारद्वाज ने कही। उन्होंने शुक्रवार को युवाओं की टीम के साथ निमियां क्षेत्र के सदर थाना, ज्ञान निकेतन स्कूल, महाराणा प्रताप क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया।



नगरनिगम क्षेत्र में व्याप्त पेयजल संकट के निराकरण के लिए चलाऐ जा रहे जनजागरण अभियान के दौरान कहा कि जल संचयन के लिए आम आदमी को अपने-अपने घरों में सोख्ता, घर के बाहर पौधारोपण करने की आवश्यकता है। सरकार के भरोसे नहीं रह कर बल्कि खुद से इस पर पहल करना चाहिए। कहा कि भूगर्भ जल स्तर प्रतिदिन नीचे जा रहा है। उसके पीछे प्राकृतिक संसाधनों का दोहन है। अभी नहीं चेते तो आने वाली पीढ़ी हमें कभी माफ नहीं करेगी। मौके पर मनीष सिंह, पिंकू तिवारी, नवीन तिवारी, शैलेश तिवारी, धनंजय राय, रवि शर्मा, बबलू चावला, साहेबजी नामधारी, इन्दु तिवारी, आशा शर्मा, वैजन्ती जी,चंदन तिवारी, निरंजन मेहता, शशांक सुमन, संदीप प्रसाद, दीपक प्रसाद, दिलीप गिरी, ज्ञानेश तिवारी, राहुल गुप्ता, संजीत पांडेय, वीरमणि तिवारी, शशिकांत तिवारी, अमित पाठक, सुमित पाठक, राकेश तिवारी, सूरज सिंह, रौशन पाठक, ईशान सिंह, गोलू दुबे उपस्थित थे।

### केंद्रीय कृषि मंत्री से मिले ईश्वर सागर

**विश्रामपु।** भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी ने शुक्रवार को कृषि पंचायती राज व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की। डा. ईश्वर सागर ने मंत्री शिवराज सिंह चौहान को गुलदस्ता भेंट कर बधाई दी। श्री चंद्रवंशी ने रुके हुए प्रधानमंत्री आवास, ग्रामीण सड़क पक्कीकरण सहित अपने क्षेत्र से जुड़ी कई योजनाओं के बारे में जानकारी दे शुरू कराने की मांग की। मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने श्री चंद्रवंशी को आश्वस्त कि रुके हुए सभी योजनाओं को बहुत जल्द ही शुरू कराया जाएगा। इसके अलावा श्री चंद्रवंशी कृषि राज्य मंत्री कमलेश पासवान से भी मुलाकात किया। उन्हें गुलदस्ता देकर सम्मानित किया व अपने क्षेत्र से जुड़ी कई समस्याओं से अवगत कराया। बता दें कि भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डा. ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी इन दिनों दिल्ली में हैं।



## केदारनाथ धाम के लिए श्रद्धालु रवाना



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर की पहली टूर एंड ट्रेवल्स एजेंसी घुमानेवाला डॉट कॉम की ओर से हर साल की तरह इस साल भी केदारनाथ की यात्रा कराने के लिए गुरुवार की रात को बस यात्रियो को लेकर रवाना हुई। ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने श्रद्धालुओं को उनका आईडी कार्ड पहना कर व हरी झंडी दिखाकर गाड़ी को रवाना किया। साथ ही पलामू में अमन-चैन बनाए रखने के लिए प्रार्थना किए। सभी तीर्थ यात्रा की गाड़ी काशी विश्वनाथ, अयोध्या राम मंदिर, हरिद्वार, ऋषिकेश के रास्ते होते हुए यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ के साथ नैनिताल नैना देवी का दर्शन करा कर वापस मेदिनीनगर लौटेगी। दूसरी गाड़ी सितम्बर माह में फिर से रवाना होगी। इसकी बुकिंग अभी से ही शुरू हो चुकी है। सावन के महीने में देवघर के लिए भी गाड़ी रवाना होगी। वह भी मात्र 16 सौ रुपए में।

आराजकता

एसडीओ व नगर आयुक्त ने किया एमएमसीएच का निरीक्षण

## आरओ मशीन खराब, कई खामियां उजागर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर एसडीओ अुनराग तिवारी, नगर आयुक्त जावेद हुसैन, सिविल सर्जन डा. अनिल कुमार सिंह ने शुक्रवार को एमएमसीएच का औचक निरीक्षण किया। एमएमसीएच में औचक निरीक्षण निरीक्षण के दौरान पदाधिकारियों को देखते ही कर्मचारी में हड़कंप मच गया। कर्मचारी अचानक पदाधिकारियों को देखते हुए इधर-उधर अपने कार्यलय की भागने लगे। तीनों पदाधिकारियों ने सबसे पहले लिफ्ट सही तरीके से चल रहा है या नहीं इसकी जांच की। तीनों लिफ्ट सही तरीके से संचालित पाया गया। निरीक्षण के क्रम में इमरजेंसी वार्ड में डॉक्टर एसके गिरी की ड्यूटी थी, लेकिन उनके स्थान पर डॉक्टर गौरव विशाल ड्यूटी कर रहे थे। पदाधिकारियों का बताया गया कि डॉक्टर गिरी की ड्यूटी रात में भी था। वह ऑपरेशन में देर रात तक जगे थे। इस वजह से वह अपने ड्यूटी में नहीं आएं। आरओ मशीन काफी दिनों से खराब है इस कारण मरीज व उनके परिजन बाहर से बोतलबंद पानी खरीद कर पीने को विवश हैं। नगर आयुक्त ने संबंधित कर्मचारियों को स्वच्छ जल उपलब्ध कराने निर्देश दिया। सर्जरी वार्ड में पहुंचने पर पाया कि वहां पर काफी देर से लाइट नहीं है। आपातकालीन फायर स्मोक प्रयोग व ऑक्सीजन सप्लाई की भी जांच की गई। इस संबंध में पूछताछ करने पर अस्पताल प्रबंधन का कोई भी कर्मचारी जवाब नहीं दे पाया। पुरुष वार्ड में महिला व महिला वार्ड में पुरुष भर्ती मरीजों को भर्ती किया गया था।अस्पताल में कचरा प्रबंधन के लिए भी विशेष निर्देश दिया गए।

**आपातकालीन फायर स्मोक प्रयोग व ऑक्सीजन सप्लाई की भी जांच की गई**




### गोली लगने से युवक घायल

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के रजवाडीह में निवासी 18 वर्षीय हर्ष पांडेय संदिग्ध अवस्था में जांघ में गोली लगने से घायल हो गया। परिजनों ने उसे इलाज के लिए गुरुवार की रात एमएमसीएच में भर्ती कराया है। पहले दुर्घटना में घायल होने की बात कही जा रही थी। इसके बाद उसके जख्म के स्थान पर पहले टांका लगाया गया। बाद में एक्सरे कराने पर जांघ में गोली लगी होने की पुष्टि हुई। गोली लगने के संबंध में घायल युवक एवं उसके परिजन कुछ भी बताने से कतरा रहे हैं। मामला संदिग्ध प्रतीत होता है। घटना के संबंध में सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय ने बताया कि युवक के परिजनों उसका इलाज शहर के एक निजी अस्पताल में कराने के लिए भर्ती कराएं है।

## एक नजर

### कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास

**गढ़वा।** डंडई थाना क्षेत्र के रारो गांव निवासी उदय प्रसाद गुरुवार की रात्रि कीटनाशक खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि घरेलू आपसी किसी विवाद को लेकर उदय प्रसाद ने आक्रोशित होकर कीटनाशक खा लिया घटना की जानकारी मिलने के बाद उसे गढ़वा सदा अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### बकरीद पर शांति समिति की बैठक

**सेन्हा-लोहरदगा।** थाना परिसर में बकरीद त्यौहार को लेकर शांति समिति का बैठक अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई. बैठक में सभी समुदाय के गणमान्य व्यक्ति और शांति समिति के सदस्य मौजूद रहे.जिसे शांति व सौहार्द के साथ त्यौहार मनाने का निर्णय लिया गया. साथ ही क्षेत्र में विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर चचाएं की गई. मौके पर सीओ श्री तिवारी ने कहा कि सभी समुदाय के लोग त्यौहार शांतिपूर्वक भाईचारा के साथ स मनाये और कोई भी व्यक्ति किसी भी समुदाय के लोग शांति भंग करने के उद्देश्य से सोशल मिडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट ना करें.

### सामुदायिक पुलिसिंग के तहत हुई बैठक

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के बरवेनगर नगर में चैनपुर थाना प्रभारी अजय यादव के द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के तहत गांव के लोगों के साथ बैठक कर गांव की जन समस्याओं की जानकारी ली बैठक के दौरान गांव के लोगों के द्वारा गांव की समस्या को थाना प्रभारी के सामने रखा जिसपर उन्होंने हरसंभव समस्याओं का समाधान करने की बात कही मौके पर थाना प्रभारी अजय यादव ने समाज में फैली कुरितियां जैसे बाल विवाह,मानव तस्करी,डायन बिसाही, नशापान इत्यादि विषयों की विस्तृत जानकारी ग्रामीणों के साथ साझा की साथ ही ग्रामीणों को सरकार के द्वारा चलाए जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

### बबलू चंद्रवंशी ने किया आत्महत्या का प्रयास

**कांडी।** थाना क्षेत्र के श्रीनगर गांव निवासी बैजनाथ राम का पुत्र बबलू चंद्रवंशी नें शुक्रवार को कीटनाशक खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है घटना के संबंध में बबलू चंद्रवंशी की पत्नी ने बताया कि वह गढ़वा थाना क्षेत्र के पिपरा कला मोहल्ला में भाड़े के मकान में रहकर गढ़वा में मजदूरी करती है अपने घर से सुबह काम करने के लिए चली गई।

### अत्यधिक गर्मी को देखते हुए प्राथमिक कक्षा सहित हाई स्कूल तक को बंद रखने का था आदेश

# शिक्षा विभाग के आदेश की निजी विद्यालय उड़ा रहे धज्जियां

**संवाददाता। भंडरिया(गढ़वा)**



झारखंड राज्य के शिक्षा विभाग के द्वारा हीट वेव एवं अत्याधिक गर्मी को देखते हुए प्राथमिक कक्षा सहित हाई स्कूल तक को बंद रखने का आदेश दिया गया है। बावजूद विभाग के आला अधिकारियों के आदेश का भंडरिया प्रखंड में धज्जियां उड़ाया जा रहा है। जिला एवं राज्य स्तर से निर्गत आदेश के बावजूद प्रखंड में निजी विद्यालय संचालक अधिकारियों के आदेश को धत्ता बताते हुए मनमानी कर बच्चों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। नामांकन, फी वसूली आदि अपने निजी स्वार्थ में विद्यालय संचालक बच्चों के भविष्य को भी दांव पर लगाने से बाज नहीं आ रहे। नया मामला संत जेवियर हाई स्कूल जमौती का है, जहां शुक्रवार को भी सैकड़ो की संख्या में सभी कक्षा के छात्र छात्राएं स्कूल ड्रेस में विद्यालय में पहुंचे और क्लास किया। ज्ञात हो कि आदेश के बावजूद अभी तक वह विद्यालय बंद नहीं हुआ है। विद्यालय नियमित रूप से संचालित किया जा रहा है जो की छोटे बच्चों के जीवन के साथ खिलवाड़ के समान है। वर्तमान में झारखंड सहित कई राज्यों में हीट वेव का पूरा असर है ऐसी स्थिति में सभी स्तर के विद्यालयों को बंद रखने का आदेश विभाग के द्वारा दिया गया है, जिसका अनुपालन निजी विद्यालय संगठन के लोग भी कर रहे हैं। किंतु भंडरिया प्रखंड में ऐसे विद्यालयों की मनमानी आज भी नियमित रूप से चल रही है जो विभाग के अधिकारियों के मिली भगत के बिना संभव नहीं है। अभिभावकों को कई अलग-अलग प्रकार के कारण बताकर बच्चों को नियमित बुलाया जा रहा है। जिसके आड़ में नामांकन के साथ ही निजी विद्यालय अपने व्यक्तिगत स्वार्थ की पूर्ति कर रहे हैं। इस बाबत भंडरिया बीआरसी बीपीएम रविशंकर कुमार से जानकारी लेने पर उन्होंने सभी स्तर के विद्यालय बंद रखने का आदेश राज्य से प्राप्त है ऐसी सूचना दी। साथ ही संबंधित विद्यालय के निर्देशक से बात कर दूरभाष के माध्यम से बताया कि उक्त विद्यालय को बंद रखने के लिए कहा गया है वह ट्यूशन पढ़ने के नाम पर बच्चों को विद्यालय बुला रहे थे जो सरासर गलत है।

### प्रखंड स्तरीय जनता दरबार में 20 पंचायत के महिला-पुरुष शामिल

# मंत्री पहुंचे सदर अस्पताल मृतक के परिजनों से मिले

**संवाददाता। मेराल**

प्रखंड स्तरीय जनता दरबार का आयोजन शुक्रवार को प्रखंड परिसर में आयोजित किया गया। जिसमें सभी बीस पंचायत के बड़ी संख्या में महिला पुरुष शामिल हुए। जनता दरबार कार्यक्रम का उद्घाटन पेयजल स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर उपायुक्त शेखर जमुआर एसपी दीपक कुमार पांडे एसडीओ रुद्र प्रताप जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी बीडीओ जागो महतो, अंचल अधिकारी यशवंत नायक, प्रमुख दीपमाला कुमारी,आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

चिलचिलाती धूप मे उपस्थित लोगों के प्रति सबसे पहले मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी प्रकार के सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है साथ ही योजनाओं से संबंधित जानकारी अवगत कराने तथा जनता की समस्याओं को ऑन द स्पॉट समाधान करने के लिए जनता दरबार आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि 2019 में झारखंड मुक्ति मोर्चा तथा हेमंत सोरेन की सरकार बनने के बाद झारखंड का विकास के लिए समाज के प्रत्येक जरूरतमंदो को सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने, शोषित वंचित लोगों को न्याय दिलाने, हर घर को पेयजल, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, ग्रीन कार्ड, सर्वजन पेंशन योजना, गुरुजी क्रेडिट कार्ड धोती साड़ी योजना सहित कई अन्य योजनाओं का लाभ लोगों को दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों का विकास, खेलकूद के क्षेत्र में विकास, कृषि के क्षेत्र में विकास जैसे अनेकों महत्वपूर्ण कार्यक्रम चलाया जा रहा है ताकि राज्य से लेकर प्रत्येक घर परिवार में खुशहाली पहुंच सके। उन्होंने अबूआ आवास योजना, नीलांबर पीतांबर जल समृद्धि योजना बिरसा हरित ग्रामीण योजना बागवानी योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना इत्यादि पर विस्तार से प्रकाश डाला।



**अबुआ आवास मामले में शिकायत**

उप प्रमुख नेजाम खान ने कहा कि अबुआ आवास में प्रथम लिस्ट में संबंधित विभाग द्वारा भारी अनियमितता की गई है जिससे जनप्रति निधि जनता के बीच में उपेक्षित महसूस कर रहे है। गेरुआ पंचायत के मुखिया अनिल चौधरी ने कहा कि शिविर में जमा लिए गए आवेदनों का निपटारा नहीं किया जाता जिससे लोग मे निराशा होती है। अबुआ आवास में गड़बड़ी की गई है,लक्ष्य के हिसाब से पंचायत को आवास नहीं मिला है।

**परिसंपत्ति का वितरण**

जनता दरबार में विद्यार्थियों के बीच साइकिल का वितरण किया गया। साथ ही दो दिव्यांग को ट्राई साइकिल, पांच लाभों को पेंशन योजना उपलब्ध कराई गई। जेएसएलपीएस द्वारा दीदी समूह के महिलाओं को 57 लाख रुपए का चेक वितरण किया गया।

### मंत्री पहुंचे सदर अस्पताल, मृतक के परिजनों से मिले

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर शुक्रवार को सदर अस्पताल पहुंचे। एनएच 75 गढ़वा-मुड़ीसेमर मार्ग पर श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के जतपुरा गांव के समीप गत रात्रि हुई सड़क दुर्घटना में घायलों का मंत्री ने हाल चाल लिया। साथ ही मृतकों के परिजनों को सांत्वना दिया। ज्ञात हो कि इस सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई है। जबकि छह लोग घायल हो गए हैं। सभी घायलों का इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। इस दौरान मंत्री श्री ठाकुर ने सीएस व डीएस को सभी घायलों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि मृतक के परिजनों को झारखंड सरकार की ओर से दी जाने वाली सड़क दुर्घटना में दो लाख रुपए का मुआवजा, पारिवारिक लाभ योजना के तहत 20 हजार रुपए दिया जाएगा। साथ ही मंत्री ने डीसी को मृतकों के परिजनों को अंबेडकर आवास योजना का लाभ देने का निर्देश दिया। मंत्री ने कहा कि सभी घायलों का बेहतर इलाज किया जाएगा। जरूरत पड़ी तो उन्हें रांची भेज कर बेहतर इलाज कराया जाएगा।

## वाहन में ड्राइवर का शव मिला

**संवाददाता। रमना**



गुरुवार की शाम विशुनपुरा थाना क्षेत्र के सरांग ग्राम निवासी 30 वर्षीय वाहन चालक शशि कुमार का शव संदिग्ध स्थिति में कोयला लदा ट्रक में पाया गया है। इसकी सुचना पाकर रमना थाना रमना थाना सीमा के पास स्थित लाइन होटल के पास खड़ी वाहन से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा स्थित सदर अस्पताल भेजे के।मृतक के भाई शिवनाथ राम के द्वारा रमना थाना को दिए आवेदन के मुताबिक शशि सिंगरौली से कोयला लेकर क्योझर उड़ीसा के लिए निकला था।रमना और मेराल थाना के सीमा पर पढ़ुआ मोड़ के समीप लाइन होटल पर गाड़ी गाडी कर अंदर ही सो गया। शाम को दुसरे वाहन के चालक के द्वारा वाहन के गेट खोल कर शशि को जगाने का प्रयास किया गया गया।शशि को अचेत अवस्था और नाक से खुन बहने की स्थिति मे देख इसकी सुचना रमना थाना को होटल संचालक के द्वारा दिया गया।उक्त स्थल पर पहुच रमना पुलिस ने शशि को इलाज के लिए रमना सामुदायिक अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी असफाक आलम बताये की मृतक के भाई द्वारा लिखित आवेदन दिया गया है।

## पदाधिकारियों और वेंडरों को सफल नहीं होने देंगे : कयामुद्दीन

**संवाददाता। डंडाई**



बिरसा हरित संवर्धन सिंचाई कूप योजना के लाभुकों की राशि को लेकर प्रखंड पदाधिकारीयों के द्वारा रचे जा रहे साजिश के खिलाफ प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष कयामुद्दीन अंसारी सीधे लाभुकों के साथ खड़े हो गए हैं। शुक्रवार को उस बाबत उन्होंने बड़ा बयान भी दिया है। कयामुद्दीन का कहना है कि उक्त योजना में लाभुकों की 50000रूपये की राशि सीधे उनके खाते में भुगतान होना है। लेकिन अधिकारियों के द्वारा उक्त राशि को उनके खाते में न भेजकर कर वेंडरों के खाते में भुगतान कर उसे आपस में बंदरबांट करने की तैयारी की जा रही है। कयामुद्दीन ने कहा कि पदाधिकारी और वेंडरों की चाल को प्रखंड में कभी भी सफल नहीं होने दिया जाएगा। साथ ही कहा कि उस बाबत प्रखंड विकास पदाधिकारी जागो महतो से मुलाकात कर राशि को नियम संगत लाभुकों के खाते में भुगतान करने की मांग की गई है। साथ ही सरकार की और से भी 50000रूपये की राशि सीधे लाभुकों के खाते में ही भुगतान करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने प्रखंड के जनप्रतिनिधियों को सचेत करते हुए कहा की जनप्रतिनिधि सरकार के निदेशों का अनुपालक हुआ करते हैं । सरकार की ओर से उन्हें जो निर्देश मिलता है वही उन्हें करना भी पड़ता है। उसी प्रकार बिरसा हरित संवर्धन सिंचाई कूप योजना में 50000रूपये की राशि सीधे लाभुकों के खाते में ही भुगतान करने का सरकार का निर्देश है। उन्हें इससे हटकर कोई काम नहीं करना चाहिए। कयामुद्दीन ने प्रखंड भर में मजदूरों के बजाय मशीनरी से कराए जा रहे कार्यों को लेकर भी सवाल उठाया है।

### बकरीद को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

**केतार।** केतार थाना परिसर में शुक्रवार को पुलिस अवर निरीक्षक रौशन कुमार तिग्गा की अध्यक्षता में मुस्लिम धर्मावलंबियों का त्योहार बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। उक्त बैठक में पुलिस अवर निरीक्षक रौशन कुमार तिग्गा ने कहा की त्योहार हमें शांति का संदेश देता है। उन्होंने दोनों समुदायों के लोगों से 17 जून ओ बकरीद पर्व शांतिपूर्ण और हर्षोल्लास के साथ मनाने की अपिल किया। उन्होंने कहा किसी तरह का अफवाहों पर ध्यान नहीं दे, अफवाह की जानकारी मिलते ही इसकी सूचना पुलिस को दें। ताकि उस पर त्वरित कार्रवाई किया जा सके। पुलिस असमाजिक तत्वों पर नजर रखेगी। पुलिस गस्ती सुबह-शाम करेगी। इस मौके पर एस आई वेंकेटेश शर्मा, प्रमुख प्रतिनिधि सुरेन्द्र प्रसाद, मुखिया श्याम सुंदर बैठा, प्रतिनिधि मनोरंजन गुप्ता,उप मुखिया संजय पाल, राम बिचार साहू, कामेश्वर सिंह, पंचायत सचिव राम सुरेश राम, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# 30 विद्यालयों में पठन-पाठन एक शिक्षक के भरोसे, दूसरे विद्यालय से आते हैं शिक्षक

**संवाददाता। केतार**



भवनाथपुर बीआरसी के अधीन केतार, भवनाथपुर और खरौंधी प्रखंड में 30 ऐसे सरकारी विद्यालय हैं जो वर्षों से एक शिक्षक के भरोसे संचालित हो रहा है। इनमें केतार प्रखंड में 5 , भवनाथपुर में 10 और खरौंधी में 15 विद्यालय है। इनमें केतार प्रखंड के नव प्राथमिक विद्यालय मोटंगवा में 40 छात्र, नव प्राथमिक विद्यालय पालनगर में 110, नव प्राथमिक विद्यालय कामदरवा में 105, नव प्राथमिक विद्यालय सोनवर्षा में 75 और नव प्राथमिक विद्यालय कोसडिहरा में 30 छात्र नामांकित है।

जबकि खरौंधी प्रखंड के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बनखेता में 192, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय नावाडीह में 77, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय परसवान पुर्वी 72, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय चिरैयाटांड़ 98, नव प्राथमिक विद्यालय गजधरा 53, नव प्राथमिक विद्यालय मेलवान 107, नव प्राथमिक विद्यालय केवाल सिसरी में 165, नव प्राथमिक विद्यालय नावाडीह खरौंधी 103, नव प्राथमिक विद्यालय गिधवाटोला 88, नव प्राथमिक विद्यालय माधोडेरा 55, नव प्राथमिक विद्यालय गोबरदाहा 74, नव प्राथमिक विद्यालय अजनीया टीकर 86, नव प्राथमिक विद्यालय किशुनआहरा 67, नव प्राथमिक विद्यालय रेखाडीह 54, नव प्राथमिक विद्यालय घुटघुरी टोला 55 छात्र नामांकित है।

वहीं भवनाथपुर प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोन मड़रा में 109, प्राथमिक विद्यालय धनी मड़रा में 53, नव प्राथमिक विद्यालय अधौरा में 32, नव प्राथमिक विद्यालय मोरबइया में 21, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय मगरदह में 63, उत्क्रमित मध्य विद्यालय झुरही में 210, नव प्राथमिक विद्यालय सिकियालेवा 80, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय माईदिया में 90, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय काछारवा 103, और प्राथमिक विद्यालय गुड़गांवा में 53 छात्र नामांकित है। इन सभी विद्यालयों में बच्चों का भविष्य मात्र एक शिक्षक के भरोसे है। यहां कक्षा एक से लेकर कक्षा पांचवीं तक संचालित होती है। ऐसे में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तो दुर की बात है हर दिन क्लास में बच्चों को विषयवार पढ़ाई तक नहीं हो पाती।

## न्यूज बॉक्स

### खड़े ट्रैक्टर की ट्रॉली में टकराने से बाइक चालक घायल

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के मकरी के कड़ियाराज धाम के समीप विपरीत दिशा से आ रही अज्ञात वाहन के रौंशनी से चौंधिया से बाईक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खड़ी ट्रैक्टर के टाली में टकरा जाने से बाईक चालक केतार के खैरवा निवासी सतेंद्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना गुरुवार की रात्रि 9.30 बजे की है। घायलावस्था में सुनील पांडेय के द्वारा इलाज के लिए श्रीबंशीधर नगर स्थित एक निजी क्लिनिक में ले जाया गया,जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतू मेदिनीनगर ले जाया गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि सतेंद्र सिंह श्रीबंशीधर नगर बन रहे घर का काम कराकर रोजाना की तरह बाईक द्वारा टाउनशिप लौट रहे थे कि कड़िया धाम के समीप सामने से आ रहे वाहन के लाइट से आंख चौधिया गई,और बाईक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे कही एक ट्रैक्टर में टक्कर मार दी। जिसकारण से हादसा हो गई।

### दो सगे भाइयों के बीच लाठी और टांगी से हुई मारपीट

**भवनाथपुर।** खरौंधी थाना क्षेत्र के सिसरी गांव में बीती रात्रि जमीनी विवाद को लेकर दो सगे भाइयों के बीच हुए लाठी और टांगी से मारपीट एक पक्ष से चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हे 108 एंबुलेंस से भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक नितिश भारती के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद सतपाल प्रजापति को बेहतर ईलाज के लिए गढ़वा रेफर किया गया है।जबकि इस घटना में सतपाल प्रजापति के पत्नी मिला देवी, पुत्र मिथलेश कुमार और चयतु कुमार के नाम शामिल है। घटना की जानकारी देते हुए सतपाल प्रजापति ने बताया की अपने भाई लालू प्रजापति से जमीनी विवाद चल रहा है। इसी बात को लेकर बीती रात्रि गाली गलौज करने लगा जब हमलोंगों ने विरोध किया तो उसके परिजन संतोष प्रजापति,जगदीश प्रजापति,अमित कुमार,भवह राजवंती देवी और मीरा देवी ने लाठी टांगी से मारपीट कर घायल कर दिया। घटना की सूचना स्थानीय थाने को देने के बाद ईलाज के लिए भवनाथपुर भेजा गया।

### बीडीओ को दिग्भ्रमित कर मनरेगा योजना को चलने नहीं दिया जा रहा : विजय कच्छप

**बड़गड़।** बड़गड़ बीडीओ अमित कुमार पासवान पर मनरेगा कर्मियों ने प्रेस विज्ञप्ति दे कर कई गंभीर आरोप लगाया है। प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा हाशीम अंसारी बड़गड़ पंचायत कि मुखिया मोनिका कच्छप,परसवार मुखिया जंगलपती लकड़ा, टेहरी मुखिया विनको टोप्पो, मदगडी.च मुखिया अनिता बखला, मनरेगा जेई उपेंद्र कुमार रवि,आरीयल कच्छप, रोजगार सेवक परसवार कुंवर सिंह, रोजगार सेवक टेहरी विजय कच्छप आदी ने कहा कि बड़गड़ बीडीओ फरवरी 2024 को योगदान दिये हैं और योगदान के बाद से हि प्रभारी प्रधान सहायक उपेंद्र कुमार के द्वारा बीडीओ को दिग्भ्रमित कर मनरेगा योजना को सुचारू रूप से चलने नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिरसा कृषि कुप योजना में प्रति कुप तीन हजार रुपए कि मांग किया जाता है। इसी तरह मिट्टी आधारित कार्य में तीन प्रतिशत,सभी सामग्री भुगतान पर तीन प्रतिशत, प्रति मस्टररोल में तीन प्रतिशत रुपये कि मांग कि जाती है।

### जरूरतमंदों को नहीं मिल रहा पीएम आवास

**श्री बंशीधर नगर।** सिरियाटोगर गांव का भुइयां टोला काफी पिछड़ा है। टोले की सड़क जीर्ण शीर्ण अवस्था में हैं। अधिकांश घर कच्चे के हैं। पीएम आवास की हकीकत कुछ और बयां करती है। मृतक राजकुमार राम, अरुण कुमार, विकास कुमार का घर भी कच्चे का है। वैसे टोले के कई बहुत से घर टूटे फूटे कच्चे के हैं। गांव के मुमताज अंसारी और मुख्तार अंसारी ने बताया की हमलोग मिट्टी के घर में रहने को मजबूर हैं। पीएम आवास के लिए कई बार आवेदन दिया लेकिन अभी तक इसका लाभ हमलोग को नही मिल पाया है। खुद से घर बनाने की स्थिति में नही हैं। किसी तरह मजदूरी करके हमलोग घर चलाते हैं। पीएम आवास मिल जाता तो हमलोग ऐसी स्थिति में रहने मजबूर नही होते।

### शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी आदित्य नायक की अध्यक्षता में संपन्न

**श्री बंशीधर नगर।** ईद उल अजहा (बकरीद) पर्व को लेकर शुक्रवार को थाना परिसर में शांति समिति बैठक थाना प्रभारी आदित्य नायक की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। बैठक में हिंदू मुस्लिम दोनों समुदाय के लोग उपस्थित थे। थाना प्रभारी आदित्य नायक ने उपस्थित लोगों से बकरीद पर्व शांतिपूर्ण मनाने की अपील किया। थाना प्रभारी आदित्य नायक ने कहा कि बकरीद पर्व आपसी सौहार्द प्रेम और भाईचारा के साथ मनाने की अपील की । उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जायेगी। ऐसे में कही भी कोई अफवाह फैले तो इसकी तुरंत सूचना प्रशासन को दें। उन्होंने कहा कि बकरीद पर्व के दिन पुलिस के द्वारा लगातार क्षेत्र में गस्ती किया जाएगा।मौके पर बिससूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे, सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे,विधायक प्रतिनिधी ओमप्रकाश गुप्ता,अशोक सेठ,उप गणेश प्रताप देव,जिपस पति प्रमोद कुमार,एसी मोर्चा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम,मुखिया उषा देवी,कुमारी रेखा,हृदया कमलापुरी,सदर तौहीद खान,नसीर अंसारी,शमीम खान,तस्लीम खान,पप्पू खान, हजारी प्रसाद,मुश्ताक अहमद शेख,राजकुमार राम,भगवान राम,फुलटून खान,मसउवर अंसारी,महमूद आलम जूनियर सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### अवैध बालू ढुलाई कर रहा एक ट्रैक्टर जब्त

**भंडरिया गढ़वा।** भंडरिया थाना क्षेत्र के बघवार स्थित कनहर नदी से अवैध बालू ढुलाई कर रहे एक ट्रैक्टर को भंडरिया पुलिस ने किया जप्त। गुरूवार की रात भंडरिया पुलिस ने गुप्त सूचना पर थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर चंदन कुमार सिंह के नेतृत्व में छापामारी अभियान चलाते हुए बघवार कनहर नदी से अवैध बालू लेकर आ रहे एक ट्रैक्टर को करचाली से जप्त कर थाने लाया। इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी श्री सिंह ने बताया कि पिछले कई दिनों से कनहर नदी के विभिन्न घाटों से ट्रैक्टर के द्वारा अवैध बालू ढुलाई करने की सूचना प्राप्त हो रहा था जिस पर कार्रवाई करते हुए अवैध बालू लोड ट्रैक्टर पंजीयन संख्या सीजी 30 ई 2998 को जप्त किया गया है जिसे खनन विभाग गढ़वा भेजा जा रहा है।

### विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन

**गढ़वा।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को गढ़वा सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में भीबीडीए वॉलिंटियर ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 20 यूनिट रक्तदान किया गया इसका उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉक्टर जेपी सिंह डीबीडीए के अध्यक्ष विवेक तिवारी सचिन विशाल कुमार समाज सेवी पंकज चौबे आदि ने संयुक्त रूप से किया इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार ने कहां की स्वच्छ व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए रक्त देने से कोई कठिनाई नहीं होती है उन्होंने कहा कि गढ़वा जिले में थैलेसीमिया एवं सिंगल सेल एनीमिया कि मरीज की संख्या काफी तेजी से बढ़ती जा रही है इसके कारण ब्लड बैंक में रक्त की आवश्यकता अधिक होगी उन्होंने कहा कि गढ़वा जिले के सभी लोगों से अपील है कि गढ़वा ब्लड बैंक में बढ़ चढ़कर रक्तदान करें।

## एक नजर

### हाथियों ने जमकर मचाया उत्पात, घरों को किया क्षतिग्रस्त

**चंदवा।** प्रखंड के माल्हन पंचायत में जंगली हाथियों का आतंक लगातार जारी है। रह रह कर हाथी आबादी क्षेत्र में पहुंचकर जान माल का नुकसान पहुंचा रहे हैं।हाथियों के आतंक से ग्रामीण भयभीत नजर आ रहे हैं। बीते शुक्रवार की मध्य रात्रि भी झुंड से बिछड़ा एक हाथी गांव में प्रवेश कर गया और पांच गरीब परिवार सपना तिर्की,नंदे भगत,सहिंदर भगत एवं वार्ड सदस्य सेवंती देवी के घर को बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया और घर में रखे अनाज को भी चट कर दिया है। घर में रखे सामान को भी हाथी ने तहस नहस कर दिया है।

### आंगनबाड़ी सेविकाओं की हुई बैठक

**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय सभागार में सेक्टर 05 का सेक्टर बैठक आयोजित की गई। इस बैठक मे सेक्टर 05 के अंतर्गत सलैया,डाढा, फुलसु, बालुभांग के आंगनबाड़ी सेविकाओं ने हिस्सा लिया. बैठक की अध्यक्षता विमला कुमारी ने किया. बैठक मे प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पोषन ट्रैकर एवं सावित्री बाई फुलें योजना की प्रगति पर चर्चा की गई। 15 जुन से 21 जुन तक आंगनबाड़ी केंद्र के सभी बच्चों लम्बाई वजन पुर्ण करना है।

### बकरीद को लेकर प्रखंड स्तरीय शांति समिति की बैठक

**बरवाडीह।** प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज की अध्यक्षता में थाना परिसर में ईद-उल-जोहा (बकरीद) पर्व मनाने को लेकर प्रखंड स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई.शांति समिति बैठक का संचालन थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार ने किया। बैठक में बीड़ीओ ने कहा कि त्योहार के दौरान यदि किसी शरारती तत्व द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाह फैलाने की कोशिश की गई, तो उसके विरुद्ध कड़ी कारवाई की जाएगी। उन्होंने बकरीद पर्व पर असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने का सभी लोगोदेते हुई इसकी सूचना तत्काल प्रशासन को देने की बात कही दिया ताकि ऐसे लोगो से तत्काल निपटा जा सके।

### बरियातू थाने में शांति समिति की हुई बैठक


बारियातू। थाना परिसर मे शांति समिति की बैठक की गई. जिसका अध्यक्षता बीडीओ सह सीओ नंद कुमार राम ने की. अध्यक्षता कर रहे राम ने कहा की आप सभी प्रखंडवासियों के सहयोग से पुरे चुनाव मे किसी तरह का कोई अप्रिय घटना नहीं हुई और लातेहार जिला मे बारियातू प्रखंड का मतदान प्रतिशत बेहतर रहा यह केवल आपलोग का सहयोग से ही संभव हो सका है. आगामी 17 जून को बकरीद पर्व है जिसे शांतिपूर्ण वातावरण के साथ मनाने के लिए लोगों को अपील किया।

### एसपी को आवेदन देकर सूर्या होटल के मालिक पर लगाया आरोप

# 5 जून को अपहृत बच्चे का अब तक नहीं मिला कोई सुराग

**संवाददाता। लातेहार**

सदर थाना क्षेत्र के अम्वाटीकर के पहाड़पुरी निवासी विनोद भूईयां ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक को लिखित आवेदन देते हुए कहा की मेरा पुत्र जोसेफ कुमार, (9) वर्ष, जो अपने नानी घर ग्राम-बसिया (टानाटोली), जिला-गुमला में रह कर पढ़ाई कर रहा था। 5 जुन बुधवार की सुबह -08:00 बजे अपने नानी के घर के बाहर खेल रहा था। तभी अचानक एक मोटरसाईकल में सवार होकर दो आदमी आये और मेरे पुत्र को उठाकर अपने साथ लेते चले गए।

उस वक्त गाड़ी का नंबर नहीं देख पाए। तब से मैं अपने पुत्र का काफी खोज-बीन करने लगा लेकिन कहीं भी पता नहीं चला। तब मैं अपने गांव के कॉंग्रेस सदस्य साजन कुमार को उक्त घटना की सूचना दिया तो वे अपने व्हाटस्प ग्रुप के माध्यम से मेरे पुत्र का फोटो डाला और गुमशुदा होने की बात लिखी। तब साजन कुमार के मोबाईल पर मोबाईल नं०- 9060586065 से मेरा पुत्र का फोटो आया और उक्त व्यक्ति द्वारा बताया गया कि यह लड़का सूर्या लाईन होटल, कमडरा, थाना-कमडरा जिसका प्रोपराईटर संदीप साहू के होटल में यह लड़का को देखें है। जानकारी मिलते ही हमलोग 6 जुन को सूर्या लाईन होटल, कमडरा, थाना-कमडरा गये। होटल मालिक से पुछताछ किये तो होटल के मालिक संदीप साहू के द्वारा बताया गया कि उक्त बच्चा को जो आदमी लेकर आया है मैं उसे ही यह बच्चा दुंगा। आपलोग शाम 4 बजे आईये। उस आदमी के सामने अपना बच्चा को ले जाइएगा।

तब हमलोग वहां से वापस आ गये। शाम में 4 बजे उक्त होटल में गये तो पता चला कि बच्चा यहां नहीं है जिस व्यक्ति द्वारा बच्चा को लाया गया था वो लेकर चला गया। तब मैं होटल मालिक से पूछा कि मेरा बच्चा को लेकर किधर गया तो उसके द्वारा बताया गया कि मुझे पता नहीं है। मुझे संदेह है कि मेरे पुत्र को होटल मालिक एवं होटल मालिक के लड़का द्वारा ही षड्यंत्र के तहत अपहरण कर कहीं छिपा दिया गया है।

### अतिक्रमण हटाने का व्यावसायिक संघ ने किया विरोध

# सिमरिया में बंद रहीं दुकानें

**संवाददाता। सिमरिया (चतरा)**

सिमरिया अनुमंडल मुख्यालय में प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने के निर्देश के विरोध में व्यावसायिक संघ के आह्वान पर शुक्रवार को चौक सभी दुकाने बंद रही। उक्त बंदी सिमरिया अंचल व जिला परिषद द्वारा दुकान के बाहर बनाए गए सेड को हटाने के आदेश के विरोध में बुलाया गया था। जिला परिषद द्वारा दुकानदारों को नोटिस देकर 16 जून तक अपने से अतिक्रमण को मुक्त करने का आदेश दिया गया है। जिसके विरोध में दुकानदारों ने अपने व्यावसायिक प्रतिष्ठान को बंद रख कर विरोध दर्ज किया। अंचल



प्रशासन के बाद अब जिला परिषद ने भी दुकानदारों को नोटिस जारीकर दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया है। जारी नोटिस दुकानों की दीवारों पर चिपकाया गया है। अंचल प्रशासन ने भी दुकानदारों को इसी प्रकार नोटिस जारी किया है।

### बकरीद में विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए चौकसी का निर्देश

# सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर होगी कड़ी करवाई : डीडीसी

**संवाददाता। लातेहार**

उपायुक्त गरिमा सिंह के निदेर्शानुसार उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में आगामी ईद-उल-जोहा (बकरीद) पर्व में सुरक्षा व्यवस्था व विधि व्यवस्था संधारण हेतु जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई।




बैठक में उप विकास आयुक्त ने कहा कि आगामी त्योहारों को देखते हुए विधि व्यवस्था को सुदृढ़ बनाएं रखने की आवश्यकता है। साथ ही हमें विशेष एहतियात एवं निगरानी बरतने की आवश्यकता है, ताकि शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में आगामी त्योहारों को संपन्न कराया जा सके। उप विकास आयुक्त ने सभी प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों को बकरीद पर विधि व्यवस्था संधारण हेतु पूरी चौकसी बनाए रखने का निर्देश दिया। उप विकास आयुक्त ने सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान यदि किसी शरारती तत्व द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाह फैलाने की कोशिश की गई, तो उसके विरुद्ध कड़ी कारवाई की जाएगी।

उन्होंने बकरीद पर्व पर असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने का निर्देश दिया। आगे उन्होंने कहा कि बकरीद पर्व में किसी तरह की विधि व्यवस्था की समस्या नहीं हो इसके लिए पूर्व में ही सभी तैयारी पूरी कर लें। उन्होंने सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं दंडाधिकारियों को पूरी सतर्कता एवं सजगता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। सभी थाना तैयारी के साथ-साथ सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था रखें। सभी संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी एवं गश्ती करने का निर्देश दिया। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी, लातेहार कौशल कुमार, सिविल सर्जन डॉ अवधेश सिंह, डीएसपी मुख्यालय संजीव कुमार मिश्रा, जिला स्तरीय पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी व वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रखंड विकास पदाधिकारी, थाना प्रभारी जुड़े थे।

# बिजली संकट पर ग्रामीणों ने की बैठक

**संवाददाता। हंटरगंज(चतरा)**

हंटरगंज प्रखंड अंतर्गत पाण्डेयपुरा में बिजली संकट के मुद्दे को लेकर ग्रामीणों की महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें ग्रामीणों ने बिजली विभाग और एक्जीक्यूटिव इंजीनियर के प्रति गहरा असंतोष प्रकट करते हुए मुख्य रूप से कई वर्षों से बिजली आपूर्ति की समस्या, कम वोल्टेज और लगातार बिजली कटौती पर चर्चा की। ग्रामीणों ने कहा कि पाण्डेयपुरा में लगभग बीस-तीस वर्षों से बिजली आपूर्ति की स्थिति अत्यंत दयनीय है। कम वोल्टेज के कारण विद्युत उपकरण खराब हो रहे हैं और सिंचाई कार्य बाधित हो रहा है। शाम होते ही बाजारों में अंधेरा छाया रहता है, जिससे व्यापार प्रभावित हो रहा है। भीषण गर्मी के मौसम में बिजली न होने के कारण लोगों को




परेशानी हो रही है। इस आधुनिक युग में बिजली की समस्या विकास पर गंभीर सवाल खड़े करते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन हर बार उन्हें केवल आश्वासन ही मिला। जन प्रतिनिधियों के खोखले वादों से जनता का विश्वास टूट चुका है। इस बार एकजुट होकर सौ से अधिक बिजली उपभोक्ताओं ने हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन एक्जीक्यूटिव इंजीनियर को सौंप कर अपनी शिकायतें दर्ज की है। ग्रामीणों ने बिजली समस्या के शीघ्र समाधान की मांग विभाग से की है। बैठक में सुमन प्रसाद, दिलीप प्रसाद, धीरज कुमार, शिब्लू प्रसाद, रंजन कुमार, रंजीत माथुर, अशोक साहू, भोला ठाकुर, राजेश प्रसाद, प्रकाश साहू, गौतम कुमार, बृजनंदन प्रसाद, डब्लू प्रसाद, जयराम विश्वकर्मा, रूजन कुमार आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

### कंस्ट्रक्शन कंपनी ने साजिश रचने का लगाया आरोप

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा प्रखंड क्षेत्र में 10 अक्टूबर से नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) द्वारा जारी आदेश के बावजूद विभिन्न नदियों से अवैध बालू उत्खनन जारी होने के विरुद्ध प्रशासनिक कार्रवाई लगातार जारी है। पिछले दिनों एसडीओ सनी राज के नेतृत्व में छापेमारी के दौरान बालू लदे वाहनों को जब्त किया गया था। जिसमें ट्रेक्टर चालक के मौखिक बयान में एनटीपीसी में कार्यरत माता जानकी नामक कंस्ट्रक्शन कंपनी का नाम सामने आने पर साईट इंचार्ज बंटी सिंह द्वारा शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई। जिसमें कहा गया है कि अवैध बालू की ढुलाई में जब्त ट्रेक्टर से कंपनी का कोई संबंध नहीं है। जानबूझकर बदनाम करने की साजिश रची जा रही है, मामले को लेकर उच्चस्तरीय जांच की मांग कंपनी द्वारा की गई है।

### सड़क हादसे में दो जख्मी, एक रेफर

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत चंदवा-मालहन-मैकलुस्कीगंज मार्ग पर कुसुमटोली स्थित धुमकुड़िया भवन के समीप बाइक सवार दो युवक अनियंत्रित होकर सड़क दुर्घटना के शिकार हो गये। दुर्घटना में जितेंद्र उरांव और शिवमंगल उरांव (दोनों जमीरा, चंदवा) गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों के सहयोग से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा लाया गया जहां डॉ नीलिमा कुमारी ने उनका प्राथमिक उपचार किया।

# दो हिंडाल्को कर्मी घायल, रिम्स रेफर

**संवाददाता। चंदवा**

हिंडाल्को टोरी बॉक्साइट साइडिंग में शुक्रवार की शाम काम के दौरान दो कर्मी महेश उरांव पिता स्व. एतवा उरांव और धनेश राजपति पिता झुबर प्रजापति गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन फानन में दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा लाया गया जहां प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नीलिमा कुमारी ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया।



घटना के संबंध में बताया जाता है कि दोनों कर्मी साइडिंग परिसर में ही पोल पर सीढ़ी लगाकर कुछ काम कर रहे थे इसी दौरान सीढ़ी से दोनों निचे गिर गए जिसकी वजह से दोनों को अंदरूनी चोटें आईं हैं।

# तालाब से मछली की लूट मामले में थाना में दिया गया आवेदन, जांच में जुटी पुलिस

**संवाददाता। मयूरहंड(चतरा)**

मयूरहंड थाना क्षेत्र के करमा गांव के छठ तालाब नयकी आहार में शुक्रवार दोपहर कुछ ग्रामीणों द्वारा मछली पकड़ने तालाब में घुस गए। इसे देखकर मयूरहंड प्रखंड मत्स्यजीवी सहयोग समिति लिमिटेड के सचिव संजीव कुमार उर्फ शेरू सिंह ने मयूरहंड थाना पहुंच कर आवेदन दिया। आवेदन में बताया गया है कि समिति के नाम से खाता संख्या 67,



खेसरा1035, रकवा 5.60 एकड़ तालाब का बंदोस्त मत्स्य विभाग चतरा से तीन साल वित्तीय वर्ष 2022 से 2025 तक बंदोबस्त किया गया है और उक्त तलब में मछली पालन किया गया है।

# चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद पहुंचे हेरहंज, हुआ जोरदार स्वागत

**संवाददाता। चतरा**

आज गुरुवार की देर शाम करीब 8:00 बजे चतरा लोकसभा क्षेत्र की नवनिर्वाचित भाजपा सांसद कालीचरण सिंह हेरहंज प्रखंड मुख्यालय पहुंचे। जहां पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान नवनिर्वाचित सांसद को स्थानीय कार्यकर्ताओं ने अंग वस्त्र से उनका सम्मान करते हुए आभार व्यक्त किया मौके पर नवनिर्वाचित सांसद कालीचरण सिंह ने कहा कि इस क्षेत्र के जनता और कार्यकर्ताओं की बदौलत ही आज मैं चतरा लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहा हूं। इस क्षेत्र की जनता ने हमें जिस आशा और विश्वास के साथ जिताया है मैं उसे पूरा करने का प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि चतरा लोकसभा क्षेत्र की जनता ने आजादी के बाद से चतरा लोकसभा क्षेत्र के ऊपर लगे कलंक को स्थानीय और क्षेत्रीय प्रत्याशी को सांसद बनाया है।

## न्यूज बॉक्स

### 17 जून को मनाई जाएगी बकरीद

**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र में बकरीद का त्योहार सोमवार 17 जून को मनाई जाएगी। बकरीद को लेकर सभी मस्जिदों में नमाज का वक्त तय कर दिया गया है। जामा मस्जिद तिलैयाटांड़ में बकरीद की नमाज सुबह 7 बजे, मेन रोड स्थित मदीना मस्जिद में सुबह 6 बजे, मस्जिद-ए-फातिमा तिलैयाटांड़ में सुबह 6.30 बजे, कामता मस्जिद, मदरसा अहले सुन्नत गुलशने सैयदना,बोदा और बेलवाही मे सुबह 7 बजे इसके अलावे सेरक, चकला, ब्रहमणी, हुचलू, रामपुर, लाधूप समेत सभी मस्जिदों में बकरीद की नमाज का समय निर्धारित कर दिया गया है।

### मनरेगा लोकपाल पहुचीं गिद्धौर

**गिद्धौर (चतरा)।** मनरेगा लोकपाल संध्या प्रधान शुक्रवार को गिद्धौर प्रखंड के विभिन्न पंचायतों का भ्रमण कर योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान बारियातु पंचायत सचिवालय में मनरेगा पंजी के साथ योजनाओ के अभिलेख का अवलोकन किया। लोकपाल ने बरियातु, मंझगांवा, बारिसाखी, गिद्धौर व पहरा पंचायत में मनरेगा से संचालित योजनाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण में आम बागवानी, डोभा व बिरसा सिंचाई कूप योजना देख संतुष्ट दिखी। भ्रमण के दौरान मुखिया डेगन गंझु, सरिता देवी, बेबी देवी, पंचायत सचिव, दिगम्बर पांडेय, रोजगार सेवक, पार्वती देवी, सतेंद्र कुमार वर्मा, निर्मल दांगी सहित अन्य शामिल थे।



### मयूरहंड में हुई शांति समिति की बैठक

**मयूरहंड(चतरा)।** मयूरहंड थाना परिसर में शुक्रवार को बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीष कुमार तथा संचालन थाना प्रभारी राहुल कुमार सिंह ने किया। त्योहार शांति पूर्वक संपन्न कराने को लेकर गणमान्य लोगों से विचार लिया गया। इस दौरान पूर्व मुखिया इशहाक अंसारी ने बताया की क्षेत्र में शांति पूर्वक बकरीद का त्योहार मनाते आ रहे हैं। सुबह का नमाज चोरहा व मंझगावा गांव के ईदगाह में तथा अन्य मुस्लिम बहुल गांव के मस्जिद में नमाज सुबह 6 से 7 बजे अदा किया जायेगा। इसके बाद कुबार्नी की रस्म अदा की जाएगी। बीडीओ ने शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की अपील की। मौके पर मोहम्मद मनीर आजाद, शब्बीर अहमद, मोहम्मद रुस्तम अंसारी, इसहाक अली, श्रीराम सिंह, मोहम्मद इस्माइल अंसारी, लक्ष्मी राणा, मोहम्मद जमील अख्तर, सुरेश यादव, जावेद अंसारी, संजीव कुमार, मोहम्मद आबिद परवेज आदि मौजूद थे।



### शांतिपूर्ण वातावरण में बकरीद मनाने का निर्णय

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया थाना परिसर में शुक्रवार को बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी विनय कुमार और संचालन थाना प्रभारी मानव मयंक ने किया। जिसमें सर्वसम्मति से सौहार्दपूर्ण वातावरण में बकरीद पर्व मनाने का निर्णय लिया गया। वहीं बीडीओ ने कहा कि धार्मिक भावना को भड़काने वाले संगीत पर पूर्ण प्रतिबंधित रहने के अलावे धार्मिक उन्माद को भड़काने तथा सामाजिक समरसता तथा आपसी भाइचारे को बिगाड़ने वाले हुड़दंगियों एवं असमाजिक तत्वों पर कडी कार्रवाई करने, सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखने एवं किसी भी प्रकार की अफवाह एवं घटना की जानकारी थाना प्रभारी एवं बीडीओ को देने की बात कही। साथ ही बकरीद को लेकर 6:00 बजे से नो एंट्री लगाने की बात कही गई। बैठक में पुलिस निरीक्षक उमेश राम, पूर्व जिप सदस्य जयप्रकाश सिंह, जिला परिषद सदस्य देवनंदन साहु, मोहम्मद एनुल हक सहित काफी संख्या में दोनों समुदाय के लोग उपस्थित थे।



### हिंडालको सीएसआर ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

# रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं : दीपक लंका

**संवाददाता। चंदवा**

विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर चंदवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में चकला कोल माइंस हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के सीएसआर डिपार्टमेंट, एवीबीपी, मारवाड़ी युवा मंच, एंबीशन कंप्यूटर सेंटर व निष्ठा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत हिंडालको कोल माइंस के यूनिट हेड दीपक लंका, एच आर प्रमुख प्रकाश कुमार, चिकित्सा प्रभारी डॉ नीलिमा कुमारी, महिला चिकित्सक प्रियंका पटेल के द्वारा संयुक्त रूप से फिता काटकर कर की गई। मौके पर हिंडालको कोल माइंस चकला के यूनिट हेड दीपक लंका ने कहा कि मनुष्य के जीवन में रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। आपके द्वारा किया हुआ रक्तदान किसी को जीवन दान दे सकता है। हमारा रक्त किसी जरूरतमंद तथा दुर्घटनाग्रस्त मरीज को नई जिंदगी दे सकता है। वंही एचआर हेड प्रकाश कुमार ने कहा कि मौजूदा समय में युवाओं ने रक्तदान कर समाज के नवनिर्माण में अग्रणी भूमिका निभाई है इस कार्य में युवा बधाई के पात्र हैं। चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर नीलिमा ने कहा कि हमें नियमित रक्तदान करना चाहिए जिससे हमारा स्वास्थ्य भी बेहतर रहता है। डॉक्टर प्रियंका पटेल ने कहा कि रक्तदान से हृदय संबंधी बीमारी दूर होती है। तथा शरीर तरोताजा रहता है। इन रक्तदाताओं ने किया रक्तदान हिंडालको कोल माइंस के तत्वाधान में आयोजित रक्तदान शिविर में पूजा सिंह, मोहनिस कुमार, सुमंत, विकास दुबे सुनील कुमार, दिनेश प्रसाद, संजय, प्रियंका कुमारी, राहुल मिश्रा नाजिश, रजनीश, किशोर गिनोडीया, रूपेश कुमार, प्रशांत कुमार, प्रेरणा कुमारी, दीपक शाह दीपांजन, संदीप, रविकांत, रश्मिता रावत, विकास कुमार, उत्तम बंसल, नगीना देवी, वेदांत कुमार, सुलेखा, अविनाश आदिल समेत अन्य ने रक्तदान किया है। शिविर में खबर लिखे जाने तक कुल 30 यूनिट रक्त संग्रह किया जा चुका था। इधर कार्यक्रम के सफल आयोजन में उत्तम कुमार सरिता डुंगडुंग,अनुनय कुमार, मारवाड़ी युवा मंच के किशोर गिनोडिया, एंबीशन कंप्यूटर सेंटर के मोहिनीश कुमार, निष्ठा फाउंडेशन के चंद्रभूषण केशरी समेत एवीबीपी के नवनीत कुमार समेत अन्य चिकित्सा कर्मियों का सराहनीय योगदान रहा।




रक्तदान शिविर में 30 यूनिट रक्त संग्रह किया गया।

### अखिल भारतीय किसान सभा का सम्मेलन 29 को

**चंदवा।** अखिल भारतीय किसान सभा की बैठक शुक्रवार को रामजतन भवन चंदवा में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता तेजू उरांव ने किया। बैठक में सर्व प्रथम जम्मू कश्मीर के कटरा में बस में हुए आतंकवादी घटना पर रोष व्यक्त किया गया एवं कुवैत के मंगाफ शहर में आग लग जाने से 42 भारतीय नागरिकों की मौत पर दो मिनट का मौन रख कर मृतको के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवम घायलों को जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई। बैठक में संगठन विस्तार एवम प्रखंड सम्मेलन करने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए भाकपा अंचल सचिव अनिल कुमार साहू ने कहा कि आम चुनाव में प्रलोभन से दूर रहकर पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में मतदान किया उन सभी साथियों को बधाई देते हुए कहा की लातेहार विधान सभा में लगभग तीन हजार वोट पार्टी प्रत्याशी को प्राप्त हुआ जो इस विषम परिस्थितियों में काबिले तारीफ है।

## एक नजर

### 46 लाभुकों के बीच खरीफ फसलों के बीज का वितरण

**लोहरदगा।** खरीफ 2024-25 में लोहरदगा जिला में लैंप्स लोहरदगा द्वारा जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला पशुपालन पधाधिकारी, जिला मूल्यांकन पदाधिकारी, कृषि अभियंता, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, लैंप्स/पैक्स के अध्यक्ष/सचिव की उपस्थिति में बिरसा बीज विनिमय वितरण तथा बिरसा फसल विस्तार योजना अंतर्गत शंकर धान बीज प्रभेद डीआरआरएच 2 एवं डीआरआरएच 3 वितरण का शुभारंभ किया गया। यह बीज 50% अनुदान पर किया गया। आज 46 लाभुकों के बीच खरीफ फसलों के बीज का वितरण किया गया।

### अरविंद हत्याकांड में आरोपी को भेजा जेल

**गुमला।** गुमला जिला सदर थाना पुलिस ने चाहा चेटर ग्राम में हुए टाइल्स मिस्त्री हत्याकांड़ में गुमला पुलिस ने चाहा चेटर ग्राम निवासी आरोपी शैलेश उरांव को न्यायालय में प्रस्तुत कर गुमला जेल भेज दिया है। इस संबंध में उक्त केस के अनुसंधानकर्ता राजेंद्र कुमार ने बताया की आरोपी ने अपने जुर्म स्वीकार कर लिया है। जिसके बाद उसे न्यायलय में प्रस्तुत कर गुमला जेल भेज दिया गया है और पोस्टमार्टम के बाद उक्त शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया है। जानकारी के अनुसार हत्याकांड़ का मुख्य कारण यह है की मृतक, हत्या के आरोपी की बहन पर गलत नजर रखने और लेन-देन को लेकर उत्पन्न विवाद है। नशे में इस कांड को अंजाम दिया गया है।

### निर्माणाधीन पुलिया के पास सड़क दुर्घटना में दंपति घायल

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के कुंदगड़ी मोड़ के समीप निर्माणधीन पुल के पास सड़क दुर्घटना में टीवीएस चैम्प सवार दम्पति घायल घटना की सूचना पर पहुंची सेन्हा थाना पुलिस घटना का जायजा लेते हुए दम्पति को सेन्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा में भर्ती कराया गया। चिकित्सक ने घायल का इलाज के उपरांत स्वास्थ्य स्थिति ठीक बताते हुए कहा कि खतरे से बाहर है। वहीं घायल की पहचान पुसो थाना क्षेत्र के पुसो पोखरा टोली निवासी स्वर्गीय कजरु उरांव के 55 वर्षीय पुत्र विफई उरांव तथा सुमरी उरांव पति विफई उरांव के रूप में किया गया।

### कुड़ुख भाषा को लेकर जागरूकता अभियान चलाने के लिए हुई बैठक

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित भरनो प्रखण्ड के मलगो मोड़ के लाखों बगिचा में सिसई भरनो के पड़हा के सदस्यों ने कुँड़ुख भाषा विषय को लेकर जगरुकता अभियान चलाने के लिए एक विशेष बैठक किया। इस बैठक में अन्य विषय पर चर्चा करते हुए पड़हा के सदस्यों को बताया कि भरनो प्रखंड में हाल सर्वे 1985 का खतियान बितरण किया गया है। जिसमे भारी गड़बड़ी है इसमें लोगों का जमीन एक दुसरे पर लड़ाई का घर पैदा हो गया है इस लिए इसे सरकार से रद्द करने की मांग कर रहे हैं। इस बैठक में मंगरा उरांव, बिरसा उरांव, रतिया उरांव, सोमा उरांव, लाधु उरांव, शनियारो उरांव, सहित पड़हा के अन्य पदाधिकारी उपस्थित हुए।

## ईद उल अजहा पर्व को लेकर हुई शांति समिति की बैठक, बोले उपायुक्त

# जलापूर्ति की समस्या से जल्द मिलेगी निजात

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** ईद उल अजहा (बकरीद) के त्योहार को लेकर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग कार्यालय स्थित सभागार में शुक्रवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी एवं पुलिस अधीक्षक शंभु कुमार सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में जिला प्रशासन के वरीय अधिकारी, पुलिस प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मी सहित शांति समिति के सदस्य मौजूद थे। ज्ञात हो कि आगामी 17 जून को ईद उल अजहा का पर्व मनाया जाएगा।

मौके पर शांति समिति के सदस्यों ने जिले की महत्वपूर्ण समस्याओं से भी सभी को अवगत कराया एवं उसके निदान के लिए उपायुक्त से सहयोग की मांग की। इसमें शांति समिति के सदस्यों ने बिजली एवं पेयजल आपूर्ति, मुख्य चौक-चौराहों सहित गली-महोल्ले में साफ-सफाई जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं को रखा। शहर के विभिन्न नालियों की साफ-सफाई कराने के मुद्दे पर उपायुक्त को विशेष ध्यान देने का आग्रह किया। इसके साथ ही समिति के सदस्यों ने पूर्व में आयोजित सभी त्योहारों के सफल आयोजन एवं लोकसभा चुनाव के विवाद रहित एवं शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन का धन्यवाद किया।

शांति समिति के सदस्यों की सभी समस्याओं के सुनने के पश्चात जिला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने एक-एक कर सभी समस्याओं के समाधान एवं उसपर किए जा रहे कार्यों से जुड़ी जानकारी से सभी को अवगत कराया। उपायुक्त ने बताया कि उनके द्वारा शहरी क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति की समस्या का निरीक्षण किया गया था। इसमें मुख्य समस्या देखने को मिली कि जल उठाव के लिए केवल एक ही पंप का इस्तेमाल किया जा रहा है, जो बीच-बीच में खराब हो जाता है। अन्य दो पंप खराब पड़े हुए हैं। इसे देखते हुए एक पंप जिसे ठीक किया जा सकता है, उसे अविलंब ठीक करवाने की प्रक्रिया चल रही है। इसके अतिरिक्त एक नए पंप की भी खरीदारी की जा रही है, जिसके कागजी कार्य पूर्ण कर दिए गए हैं। जल्द से जल्द जिले में नए पंप की खरीद की जाएगी। इससे जलापूर्ति की मुख्य समस्या से जिले के शहरी क्षेत्र निवासियों को निजात मिलेगा। उपायुक्त ने बिजली आपूर्ति से संबंधित होने वाली समस्या के लिए उन्होंने शांति समिति के सभी सदस्यों एवं आम नागरिकों से भी जिन जिन स्थानों में ट्रांसफार्मर खराब है, उसकी सूची की मांग की। उन्होंने कहा कि अविलंब उक्त स्थानों में ट्रांसफार्मर के ठीक करवाने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। उपायुक्त ने शांति समिति के सदस्यों के लगातार सहयोग एवं जिले में आयोजित सभी पर्व शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित करने के लिए सभी के प्रति आभार प्रकट किया। आने वाले बकरीद पर्व में भी सभी सदस्यों के सहयोग की अपेक्षा की। उन्होंने अगली बैठकों में प्रखंड के भी सदस्यों को भी बुलाने की बात कही।

**ये थे उपस्थित :** बैठक में मुख्य रूप से अपर समाहर्ता, एसडीओ सदर, एसडीओ चैनपुर, सिविल सर्जन, प्रभारी जिला नजारत उप समाहर्ता, प्रखंड विकास पदाधिकारी गुमला, डीएसपी गुमला, कार्यपालक अभियंता विद्युत विभाग, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, जिला स्थापना उप समाहर्ता, थाना प्रभारी गुमला सहित शांति समिति के सदस्य एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।



### अभिभावक 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को वाहन नहीं चलाने दें : पुलिस अधीक्षक

बैठक में उपस्थित पुलिस अधीक्षक शंभु कुमार सिंह ने कहा कि अब तक जिले में सभी पर्व शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित किए गए हैं, आगे भी जिले वासियों से शांतिपूर्ण तरीके से त्योहारों के आयोजन की अपेक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा कि त्योहार के दिन पुलिस प्रशासन की भी व्यवस्था दुरुस्त रखी जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने जिलेवासियों से फेक न्यूज से सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी वाट्सएप या सोशल मीडिया अकाउंट पर आए अनौपचारिक खबरों अथवा अप्रमाणित खबरों पर विश्वास न करें और न ही फॉरवर्ड करें। पुलिस अधीक्षक ने जिले के तमाम अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को अपने विवेक से गाड़ी दें, बच्चों को हेलमेट पहन के जाने के लिए प्रेरित करें। साथ ही, ट्रैफिक नियमों के पालन करने की भी सीख दें। अभिभावक अपने 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के हाथ में गाड़ी न दें और वैसे बच्चे जिनके पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं है, उन्हें भी गाड़ी न दें। थोड़ी सी भी लापरवाही किसी की जान जोखिम में डाल सकती है। उन्होंने कहा कि नशीले पदार्थ की बिक्री जानकारी मिलती है, तो तुरंत पुलिस को बताएं। पहचान पूर्ण रूप से गोपनीय रखी जाएगी।

### रक्तदान महादान है : कर्ण सत्यार्थी



विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग ने सदर अस्पताल गुमला में एक विशेष रक्तदान महाशिविर का आयोजन किया। इसमें जिले के विभिन्न संस्थानों को भी रक्तदान शिविर में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया था। इसमें मारवाड़ी युवा मंच, माहेश्वरी युवा संगठन इत्यादि की भी जिला स्तरीय रक्तदान महाशिविर के सफल आयोजन में मुख्य भूमिका रही। जिला स्तरीय इस रक्तदान शिविर में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने भी रक्तदान करते हुए आम नागरिकों को रक्तदान करने के प्रति प्रेरित किया। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने कहा कि रक्तदान महादान है, जिलेवासी इस महादान की अवश्य भागीदारी बने। उपायुक्त ने सभी रक्तदाताओं के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान न केवल एक महादान है, बल्कि इससे स्वयं के शरीर को कई गंभीर बीमारी से बचाने का भी एक बेहतर उपाय है। नए रक्तदाताओं को पहली बार रक्तदान करने से पहले होने वाली घबराहट को देखते हुए उन्होंने यह आश्वस्त किया कि रक्तदान से शरीर में कमजोरी नहीं, बल्कि फुर्ती आती है एवं मन को भी संतोष मिलता है। उपायुक्त ने जिले वासियों से अपील की, आप स्वयं एवं अपने परिवारजन जो 18 वर्ष अधिक आयु के हैं के साथ अवश्य रक्तदान करें एवं अपने इस महादान से किसी जरूरत मंद के जीवन को बचाने में सहयोग करें।

**आए दिन बाइक चोरी कर अपराधी पुलिस को दे रहे हैं खुली चुनौती**

## चोरों ने साप्ताहिक बाजार से एक दिन में 3 बाइक की चोरी की

**नवीन मेल संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा।** जिले के कुडू थाना क्षेत्र में बाइक चोरी की घटना थमने का नाम नहीं ले रही है। पुलिस से बेखौफ चोरों ने गुरुवार साप्ताहिक बाजार से एक ही दिन तीन बाइक की चोरी कर ली। मिली जानकारी के अनुसार कुडू थाना क्षेत्र के डोरोटोली निवासी मोटिया मजदूर का काम करनेवाले तौहीद अपने भाई मो आलम का हीरो होंडा पैसन प्रो मोटरसाइकिल लेकर गुरुवार को साप्ताहिक बाजार सब्जी खरीदने आया था। तौहीद ने बताया कि वह बाइक को बाजार टांड़ स्थित नीलय बीज भंडार के नजदीक अपराहन लगभग छह बजे हैंडिल लॉक कर खड़ा कर बाजार सब्जी खरीदने गया था। लगभग 20 मिनट बाद ही वह सब्जी खरीदकर वापस आया तो बाइक वहां नही थी। काफी खोजबीन करने के बाद भी बाइक का कोई सुराग नहीं मिला, तो कुडू थाना में मामले की लिखित जानकारी दी। दूसरी घटना की जीदो निवासी गोविंद उरांव के साथ घटी वे गुरुवार को दोपहर अपनी प्लैटिना मोटरसाइकिल लेकर बाजार आया हुआ था। फिरोज बीज भंडार के नजदीक बाइक खड़ा कर सब्जी खरीद आधा घंटा बाद वापस लौटा तो उसकी भी बाइक गायब थी। जबकि एक अन्य युवक की भी बाइक भी चोरी होने की सूचना है। ज्ञात हो कि कुडू थाना से लगभग पांच सौ गज सटे गुरुवार और रविवार बाजार के अलावे थाना क्षेत्र के अन्य साप्ताहिक बाजारों से आये दिन बाइक चोरी की घटना होती रहती है। लेकिन अब तक पुलिस प्रशासन इस चोरी की घटना पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रहा है। चोरों के बढ़े मनोबल का ही नतीजा है कि वे अब एक ही दिन में तीन-तीन बाइक उड़ा ले जा रहे है।

### खपरैल मकान में अगलगी से गरीब परिवार का आशियाना हुआ राख

**सेन्हा-लोहरदगा।** आदिवासी मुहल्ला में शुक्रवार को किसी कारण से गरीब के घर मे हुआ आगजनी घटना की सूचना पर प्रखंड प्रशासन एवं जिला आपदा पदाधिकारी पहुंच घटना का लिया जायजा। इससे पूर्व ग्रामीणों तथा अग्नि शमन दल के द्वारा आग पर पाया काबू। घटना लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के सेन्हा आदिवासी मोहल्ला में एक कच्चा मकान पर लगी भीषण आग। घर में रखे लाखो का सम्मान जलकर हुआ खाक ग्रामीणों तथा अग्निशमन दल द्वारा आग पर पाया गया काबू। प्राप्त जानकारी के अनुसार सेन्हा आदिवासी मोहल्ला निवासी सुरेंद्र उरांव के घर पर अचानक किसी कारण से आग लग गई जिसके बाद आग बढ़ता चला गया स्थानीय ग्रामीणों द्वारा आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया लेकिन तबतक पूरे घर में आग फैल चुकी थी।

## बजरंग दल भव्य रूप से मनाएगा गंगा दशहरा महोत्सव

- *अनेकों तरह का चित्र बनाना गंगा दशहरा में आकर्षण का केंद्र रहेगा*



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** बजरंग दल के द्वारा 16 जून 2024 दिन रविवार को संध्या 7:00 बजे शिव मंदिर बड़ा तालाब में गंगा दशहरा का कार्यक्रम किया जाएगा। इस निमित्त रघुनंदन लेन हनुमान मंदिर एवं सिद्धिदात्री दुर्गा मंदिर वीर शिवाजी चौक में बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता कमल केसरी प्रसाद, छवि सिंह, रीता पांडे, और आशा सोनी के द्वारा किया गया। बजरंग दल जिला संयोजक सचिन कुमार साहू ने कहा कि गंगा दशहरा धूमधाम से बनाने हेतु विचार विमर्श किया गया। इस बार लोहरदगा जिला में गंगा दशहरा बनाने हेतु माताएं बहने काफी उत्साहित है। इस बार गंगा दशहरा में दीप सज्जा भी बच्चों के द्वारा किया जाएगा। जैसे, दीप से ओम बनाना, स्वास्तिक बनाना, दीप से जय श्री राम लिखना, दीप से फूल बनाना, और भी अनेको तरह की चित्र बनाना गंगा दशहरा में आकर्षण का केंद्र रहेगा। मौके पर कमल केसरी,सचिन कुमार साहू, रीता पांडे, छवि सिंह,आशा सोनी, सत्यम अग्रवाल,अमृत कसकर, अनिल कसकर, अनुभव कसकर, हनी कुमारी, रानी कुमारी, खुशी कुमारी, तनीषा कुमारी, माही कुमारी, पीहू कुमारी, रौनक कुमार, माधुरी देवी, रेणु देवी, रजनी देवी, नीलू कुमारी, अथर्व वर्मा, पूनम देवी, सरिता देवी, इत्यादि माताएं बहने राम भक्त उपस्थित थे।

## 17 को 8 बजे ईदगाह में अदा की जाएगी ईद उल अजहा की नमाज

- *पहली जमात सुबह 6.30 बजे मस्जिदे कुरैश, मस्जिदे अहसनी, मस्जिदे रशीद में*
- *एक दूसरे का ख्याल रखते हुए खुशियों के साथ शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं त्योहार : अब्दुल रउफ अंसारी*
- *एहतियात के साथ पर्दे में दें कुबार्नी और एक दूसरे का ख्याल रखें : शाहिद अहमद बेलू*



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** ईद उल अजहा की नमाज आगामी 17 जून को नगर क्षेत्र में चार जमातों में अदा की जाएगी। इसकी जानकारी देते हुए अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष अब्दुल रउफ अंसारी व सचिव शाहिद अहमद बेलू ने संयुक्त रूप से प्रेस बयान जारी कर दी है।उन्होंने बताया कि ईद उल अजहा की पहली जमात सुबह 6:30 बजे मस्जिदे कुरैश, मस्जिदे अहसनी और मस्जिदे रशीद में अदा की जाएगी। जिसकी इमामत मस्जिदों के ईमाम द्वारा पढ़ाई जाएगी। जामा मस्जिद और बेलाल मस्जिद को छोड़ कर बाकी बचे हुए मस्जिदों में 7.00 बजे ईद उल अजहा की नमाज अदा की जाएगी, जिसकी इमामत मस्जिदों के इमाम करेंगे। तीसरी जमात ईदगाह में सुबह 8:00 बजे अदा की जाएगी, जिसकी इमामत मौलाना कारी समीम रिजवी साहब करेंगे। चौथी और आखिरी जमात जामा मस्जिद और बेलाल मस्जिद में 8.15 पर अदा की जाएगी। जामा मस्जिद में हाफिज तसलीम रजा व बेलाल मस्जिद में हाफिज अब्दुल हामिद साहब इमामत फर्माएगे। अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष अब्दुल रउफ अंसारी व सचिव शाहिद अहमद बेलू ने जिला वासियों से अपील करते हुए कहा है कि बकरीद का त्योहार खुशियों के साथ शान्तिपूर्ण माहौल में मनाएं। साथ ही कुबार्नी एहतियात के साथ पर्दे में दें और एक दूसरे का ख्याल रखते हुए ईद उल अजहा का त्योहार मनाएं।

### त्याग और बलिदान का पर्व बकरीद को लेकर कैरो में शांति समिति की बैठक

**कैरो/लोहरदगा।** त्याग और बलिदान का पर्व बकरीद को लेकर शुक्रवार को थाना परिसर में प्रखंड विकास सह अंचलाधिकारी छन्दा भटाचार्य व थाना प्रभारी नीरज झा की अध्यक्षता में प्रखंड प्रमुख श्रीराम की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक हुई। मौके पर आपसी भाईचारे व सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की बात कही गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी छन्दा भट्टाचार्य ने कहा कि सरकार के गाइडलाइन का पालन करते हुए शांतिपूर्वक त्योहार मनाए। थाना प्रभारी नीरज झा ने कहा पर्व त्योहार आपसी प्रेम और सौहार्द के साथ मनाए, पुलिस प्रसाशन शांति व्यवस्था बनाये रखने में हमेशा प्रयासरत है कहीं भी किसी प्रकार के कोई अनहोनी होने पर पुलिस प्रसाशन को खबर करें कानून को अपने हाथ मे न ले। कानून का उलंघन करने पर नियम संगत करवाई की जाएगी। प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव ने कहा कि पर्व त्योहार से आपसी प्रेम सौहार्द को बढ़ावा मिलता है। मौके पर पंचायत समिति सदस्य मधुलिका रानी, सिमा भगत, प्रखंड अंजुमन इस्लामिया कैरो के सदर जमील अख्तर, सेक्रेटरी समीद अंसारी, नाजिर आलम खान, परवीन साहू आदि उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### बीडीओ ने कार्यालय कक्ष में कर्मियों के साथ की समीक्षा बैठक



**घाघरा।** घाघरा प्रखंड विकास पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष में प्रखंड कर्मियों के साथ गुरुवार को बीडीओ दिनेश कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुआ संपन्न। बैठक में मुख्य रूप से आवास कोऑर्डिनेटर अशोक बीपीआरओ शंकर साहू, मनरेगा बीपीओ बेबी कुमारी उपस्थित थे। बैठक में अबुआ आवास कार्य में प्रगति, मनरेगा से चल रहे बिरसा सिंचाई संवर्धन कूप निर्माण कार्य इत्यादि कार्यों का समीक्षा किया गया। वहीं अबूवा आवास कार्य में प्रगति, जियो टैग, ग्राम स्वरोजगार सृजन योजना हेतु प्रत्येक पंचायत से 20 लाभुकों का चयन करने, मनरेगा से हो रहे कूप निर्माण का कार्य बरसात से पूर्व पूर्ण कराने, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य लाभ हेतु लाभुकों का आवेदन प्राप्त करने,और उन्हें लाभ दिलाने को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस क्रम में बीडीओ दिनेश कुमार ने कहा कि सभी कर्मी ईमानदारी पूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। ताकि ससमय कार्यों को पूर्ण कराया जा सके। वैसे योजना जो बहुत दिनो से लंबित पड़ी हुई है।उसे पूर्ण कराते हुए योजना को बंद करें। ससमय लाभुकों का लेबर पेमेंट हो। मौके पर बीडीओ दिनेश कुमार, बीपीआरओ शंकर साहू,बीपीओ बेवी कुमारी,आवास कोऑर्डिनेटर अशोक कुमार के साथ पंचायत सेवक शंकर खेरवार,उपेंद्र उरांव,सहित कई कर्मी उपस्थित थे।

### चैनपुर में उड़ती धूल से राहगीर परेशान दे रहा दुर्घटना को निमंत्रण



**चैनपुर।** चैनपुर डुमरी मुख्य मार्ग में उड़ते हुए धूल के कारण राहगीरों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर साईकिल और मोटरसाइकिल सवार राहगीरों को काफी परेशानी हो रही है। चैनपुर से डुमरी तक हो रहे सड़क निर्माण में गिट्टी और डस्ट रोड पर बिछाया गया है। लेकिन सड़कों में पानी पटवन नहीं किया जा रहा है। जिसके कारण वाहनों के गुजरने पर धूल उड़ने के कारण सामने अंधेरा सा छा जाता है। सामने से आ रही गाड़ियां भी नहीं दिखाई पड़ती है। अगर सड़क पर पानी पटवन नहीं किया जाता है, तो धूल के कारण किसी बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता उड़ते धूल से रोड किनारे रहने वाले लोग भी परेशान हैं। धूल के कारण भीषण गर्मी में भी लोग अपने अपने खिड़की दरवाजा बंद करने को विवश हैं। स्थानीय लोगों ने सड़क निर्माण करा रही कंपनी से रोड में जल्द से जल्द पानी पटवन करने की मांग की है।

### लू लगने से पारा शिक्षक की मौत



**कुडू-लोहरदगाः** कुडू के दुबांग गांव निवासी उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बड़का टोली बड़की चापी के पारा शिक्षक 50 वर्षीय हीरामन मुंडा का लू लगने से आकस्मिक निधन हो गया।

### मजदूर की पत्नी को लू लगने से हुई मौत

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित भरनो प्रखंड के मरासीलि गांव निवासी प्रदीप उरांव की 20 वर्षीय मजदूर पत्नी पार्वती देवी की लू लगने से उत्तर प्रदेश के बनारस जिले के कुरौली गांव में मौत हो गई।

### नवनिर्वाचित लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत का किया गया जोरदार स्वागत



**गुमला।** जुलूस में सैकड़ो लोग हुए शामिल, पूर्व घोषित कांग्रेस के कार्यक्रम के तहत शानदार जीत के उपलक्ष में आभार यात्रा पालकोट रोड स्थित रोटरी क्लब के समीप कांग्रेस कार्यालय से यह आभार यात्रा रैली निकल गई जिसमें भारी संख्या में लोग शामिल होकर मंदार के और नगाड़े के थापर कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद के नारा के साथ नाचते गाते आगे क्रमबद्ध चल रहे थे। नवनिर्वाचित सांसद सुखदेव भगत खुले हुए जीप गाड़ी पर सवार थे, उनके साथ जिला अध्यक्ष चेतू उरांव पूर्व शिक्षा मंत्री वरिष्ठ कांग्रेसी नेत्री गीता उरांव रमेश कुमार चीनी अकिल रहमान, शिव कुमार भगत मुरली मनोहर प्रसाद आशिक अंसारी हिंदू भगत निसार अहमद बॉबी भगत सुनील उरांव राजू खड़िया अशोक भगत मंगल उरांव अल्बर्ट तिगगा, खालिद शाह, कलाम राय, शाहजहां अंसारी सरवर अंसारी फहीम वारसी वह अन्य कांग्रेसी शामिल थे। शहर के जगह-जगह विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा फूलों का हार पहना कर तथा गुलदस्ता भेंट किया गया। टावर चौक के समीप झारखंड मुक्ति मोर्चा के तरफ से वरिष्ठ झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता कलीम अख्तर, नुरुल हुदा, मोहम्मद लड्डन, रंजीत सरदार, मोहम्मद ग्यास, अनवर खान, हरिओम साहू आदि द्वारा स्वागत किया गया। नए संसद का फूलों का गुलदस्ता देखकर स्वागत किया। इसी तरह थाना रोड स्थित अंजुमन इस्लामिया गुमला के सदर मुशाहिद आजमी, सेक्रेटरी मकसूद आलम के नेतृत्व में अंजुमन से संबंधित अंसारी पंचायत, जमीयत इदरीसिया पंचायत, कुरैशी पंचायत, हमदर्द पंचायत, पठान पंचायत, अखलाकिया पंचायत, सलमानी पंचायत, एवं राय पंचायत थाना रोड स्थित अंजुमन इस्लामिया गुमला के सदर मुजाहिद आजमी, सेक्रेटरी मकसूद आलम, सहित सैकड़ो लोगों ने सांसद सुखदेव भगत का जोरदार स्वागत किया गया और जमकर आतिशबाजी भी की गई।

**दबंगई** रैयती जमीन पर लघु सिंचाई विभाग जबरन बना रहा चेकडैम

# आक्रोशित ग्रामीणों ने कराया कार्य बंद

**नवीन मेल संवाददाता**

**कुडू / लोहरदगा ।** कुडू प्रखंड के कड़ाक एवं लोहरदगा प्रखंड के बराठपुर सीमांत के बोड़ा नदी पर लघु सिंचाई विभाग द्वारा रैयती जमीन पर अवैध रूप से चेकडैम का निर्माण किया जा रहा है। जिसे आक्रोशित ग्रामीणों ने बंद करा दिया। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए बताया की विभाग द्वारा नियमानुसार ग्राम सभा एवं जमीन मालिक से सहमति भी नही लिया गया। रैयती जमीन पर वन साइडेड जहां 39 फीट का नदी है वहां 100 फीट का



चेकडैम जबरदस्ती दबंगई कर बनाया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया जब से निर्माण कार्य की शुरूआत हुई है तब से ग्रामीण विरोध कर रहे है लेकिन ठिकेदार मुनिलाल साहू एवं मुंशी बिगल मुंडा द्वारा रैयतों को गुमराह कर निर्माण कार्य में जुटे हैं। ग्रामीणों ने बताया रैयत मसोमात करमी उरांव स्व रतनू उरांव के नाम 01 एकड़ 86 डिसमिल जमीन है। मौके पर सीतामणी कुजूर, नितेश उरांव, भोला उरांव, कुंती उरांव,विरसमनी उरांव, सागर गीर उरांव, आदि ने बताया विभाग द्वारा अनैती किया जा रहा है। उनकी एक एकड़ 86 डिसमिल जमीन और दो दर्जन से ज्यादा पेड़ बर्बाद होने की कगार पर है। वही रैयत के जमीन पर लगे कई पेड़ को भी जड़ से उखाड़ दिया गया है। साथ ही निर्माण कार्य में भी भारी अनियमितता देखी गई है। ठिकेदार मुनिलाल ने कहा विभाग द्वारा टेंडर किया गया है जिसके तहत कार्य किया जा रहा है। उसने स्वीकार करते हुए माना की किसी का निजी जमीन पर कोई सार्वजनिक कार्य क्यों करने देगा। वहीं एसडीओ लघु सिंचाई विभाग रामकुमार बेदिया ने मामले को संज्ञान में लेते हुए कहा जब तक मेजरमेंट नही हो जाती है तब तक निर्माण कार्य बंद रहेगा।

# बीडीओ ने जलछाजन से निर्मित अर्धन चेकडैम का किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में जलछाजन द्वारा निर्मित अर्धन चेक डैम का निरीक्षण बीडीओ द्वारा किया गया। उपविकास आयुक्त दिलीप प्रताप देव शेखावत के निदेर्शानुसार सरकार द्वारा संचालित जलछाजन योजना के माध्यम से निर्मित अर्धन चेक डेम व सिंचाई कूप का निरीक्षण प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू ने कार्य स्थल पर पँहुच कर



निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में बीडीओ श्री मुर्मू ने लाभुकों और मजदूरों से कहा कि सिंचाई के लिये तथा जानवरों को पानी पिलाने के अर्धन चेक डेम काफी लाभदायक है।साथ ही प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अन्तर्गत उरु निवासी कलेश्वर उरांव का मनरेगा योजना से निर्मित सिंचाई कूप का भी बीडीओ द्वारा निरीक्षण किया गया। जिस पर निर्देश देते हुए कहा की बरसात से पूर्व कूप निर्माण कार्य को पूर्ण करने के लिये रोजगार सेवक, मेठ और लाभुक लाभुक को निर्देश दिया गया। मौके पर बीपीओ निलेन्द्र कुमार,जेई संजीत कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

**सुप्रभात**

**भगवान मूर्तियों मे नहीं बसता, आपकी अनुभूति ही आपका ईश्वर है और आत्मा आपका मंदिर : चाणक्य**



# अमेरिका बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रखने की तैयारी में

**इंटरनेट** और सबसे सस्ते डेटा प्लान से हमारे बहुत से काम आसान हो गए हैं और ऑनलाइन पेमेंट के मामले में हम विश्वगुरु हैं पर इस अंधी दौड़ में हमने अपने बच्चों की ओर से आंखें मूँद लीं जिस कारण अश्लील, भ्रामक से लेकर आपत्तिजनक कंटेंट उनके बालपन को बर्बाद कर रहा है। अमेरिका के फ्लोरिडा में 14 साल से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंट पर प्रतिबंध लगाने का बिल लाया गया है। इस बिल के अनुसार, सोशल मीडिया से बच्चे साइबर बुलिंग का शिकार हो रहे हैं। बिल के अनुसार, बच्चों को सोशल मीडिया के उपयोग के लिए माता-पिता की स्वीकृति जरूरी होगी। यह कदम बच्चों को अवसाद, आत्महत्या जैसे मानसिक स्वास्थ्य की वजह से ऑनलाइन खतरों से बचाने के लिए उठाया गया है। सोशल मीडिया अपनी बात कहने की स्वतंत्रता के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। अमेरिका के इतिहास में सोशल मीडिया पर यह सब से बड़ी कार्रवाई है। साइबर बुलिंग एक तरह की ऑनलाइन बदमाशी है, जो डिजिटल माध्यमों से होती है। सोशल मीडिया और मैसेजिंग व गेमिंग प्लेटफॉर्म पर साइबर बुलिंग की घटनाएं बाल मानस पर विपरीत असर डाल रही हैं। सोशल मीडिया पर खास नियंत्रण न होने से झूठ फैलाना, शर्मनाक तस्वीरें, वीडियो, मैसेजिंग प्लेटफॉर्म से हल्के मैसेज और फोटो की मार चलती है। ऑनलाइन वीडियो गेम के दुरुपयोग के मामले बहुत बढ़ रहे हैं। ऑनलाइन गेमर्स के पास चैट करने के लिए एक माइक्रोफोन के उपयोग के माध्यम से अन्य उपयोगकर्ता से बात करने की सुविधा होती है। इसका उपयोग टीमवर्क को प्रोत्साहित करने, दोस्ती निभाने और सामान्य रूप से गेमिंग के समग्र अनुभव को बेहतर बनाना होता है। कुछ लोग इस तकनीक का गलत फायदा उठाकर इसका लाभ मौखिक दुर्व्यवहार या टेक्स्ट मैसेजिंग के माध्यम से करते हैं। सुविधा के नाम पर या देखादेखी बच्चों को फोन देने के बजाय माता-पिता को यह जानना चाहिए कि फोन की जरूरत क्या है? विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की ओर से यूरोप के संदर्भ में कहा गया है कि ऑनलाइन की दुनिया बच्चों के लिए बहुत ही असुरक्षित बन रही है। बच्चे 24 घंटे में लगभग छह घंटे ऑनलाइन रहने लगे हैं। दुनिया का हर छठा बच्चा ऑनलाइन हिंसा का शिकार हो रहा है। इसके लिए यूरोप, पश्चिमी एशिया और उत्तरी अमेरिका के 44 देशों के 11 से 15 साल के 27,900 बच्चों के डाटा का अध्ययन किया गया है, जिससे पता चला है कि 16 प्रतिशत बच्चे साइबर बुलिंग का शिकार हुए थे। चार साल पहले बच्चों में साइबर बुलिंग की मात्रा 12 प्रतिशत थी। कोरोना महामारी के लंबे लॉकडाउन के बाद किशोरों और किशोरियों की दुनिया तेजी से वर्चुअल बन गई। परिणामस्वरूप वर्चुअल हिंसा भी बढ़ी। एक समय घर, स्कूल और समुदायों में बच्चे हिंसा का सामना करते थे। अब एसएमएस, फोटो, वीडियो और ईमेल चैट से साइबर बुलिंग का शिकार बनाया जाता है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, बच्चों के साथ सब से अधिक साइबर बुलिंग बुल्गारिया, लिथुआनिया, मोल्डोवा और पोलैंड में देखने को मिलती है। साइबर बुलिंग के शिकार बच्चे अपनी रुचि के विषयों पर ध्यान केंद्रित नहीं कर पाते हैं। डिप्रेशन, बेचैनी और गुस्से जैसे मानसिक लक्षण जब शारीरिक लक्षणों थकान, नींद न आना, सिर और पेट में दर्द देखने को मिलता है। माता-पिता को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि बच्चे अपनी व्यक्तिगत जानकारी नाम, पता और फोन नंबर आदि शेयर न करें। बच्चों को स्क्रीनशॉट, ईमेल और टेक्स्ट मैसेज जैसे साइबर बुलिंग के सबूत इकट्ठा करने की समझ देनी चाहिए। 2022 में अमेरिका की एक कंप्यूटर सिक्योरिटी कंपनी ने जानकारी दी थी कि भारत के बच्चों में साइबर बुलिंग अधिक देखने को मिलती है। 45 प्रतिशत भारतीय बच्चों ने माना था कि कभी न कभी किसी अनजान व्यक्ति की धमकी मिली थी, जिसमें 42 प्रतिशत नस्लवादी, 35 प्रतिशत यौन उत्पीड़न और 23 प्रतिशत जानकारी लीक करने की धमकी थी। अन्य देशों की अपेक्षा भारतीय बच्चे कम उम्र में ही मोबाइल का उपयोग सीख जाते हैं। भारतीय माता-पिता साइबर अपराध के बारे में बच्चों से कम बात करते हैं। बच्चे डाटा लिमिट खत्म होने तक ऑनलाइन सक्रिय रहते हैं। गर्मी की छुट्टियों में बच्चे पढ़ाई के नाम पर ज्यादा मोबाइल पर सक्रिय रहते हैं। कोविड के दौरान ऑनलाइन पढ़ाई शुरू हुई तो उसी के बाद बच्चों में मोबाइल के प्रति रुचि बढ़ गई, जो अब भी यथावत है।

अंतरराष्ट्रीय पिता दिवस पर विशेष

# पिता-पुत्र के संबंधों की संस्कृति को जीवंत बनाएं



ललित गर्ग

**किसी** के भी जीवन में पिता की क्या भूमिका होती है, इसे शब्दों में बयां करने की भी जरूरत नहीं है। पिता हर संतान के लिए एक प्रेरणा हैं, एक प्रकाश हैं और संवेदनाओं के पुंज हैं। इसके महत्व को दर्शाने और पिता व पिता तुल्य व्यक्तियों के योगदान को सम्मान देने के लिए हर साल जून महीने के तीसरे रविवार को अंतर्राष्ट्रीय पिता दिवस यानी फादर्स डे मनाया जाता है। इस साल 16 जून 2024 को भारत समेत विश्वभर में यह दिवस मनाया जायेगा। फादर्स डे 2024 की थीम ''सेलिब्रेटिंग फादरहुडः स्ट्रेंथ, लव, एंड सैक्रिफाइस'' पर केंद्रित है यानी पितृ दिवस का जश्न- शक्ति, योगदान, प्रेम और बलिदान के प्रति सम्मान दर्शाने का एक विशेष अवसर है। दुनिया के अलग-अलग देशों में अलग-अलग दिन और विविध परंपराओं के कारण उत्साह एवं उमंग से यह दिवस मनाया जाता है। हिन्दू परंपरा के मुताबिक पितृ दिवस भाद्रपद महीने की सर्वपितृ अमावस्या के दिन होता है। पिता एक ऐसा शब्द जिसके बिना किसी के जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। एक ऐसा पवित्र रिश्ता जिसकी तुलना किसी और रिश्ते से नहीं हो सकती। हमारे ग्रन्थों में माता-पिता और गुरु तीनों को ही देवता माना गया है। इनकी सेवा और भक्ति में कसर रह जाए तो फिर ईश्वर की प्राप्ति संभव नहीं। और अगर हमने इनकी सेवा पूरे मन से की तो भगवान स्वयं कच्चे धागे से बंधे भक्त के पीछे-पीछे चल पड़ते हैं। आखिर श्रवण कुमार में ऐसा क्या खास था कि किसी भी भगवान से उनकी अहमियत कम नहीं है। माता-पिता की भक्ति और सेवा ने उसे भक्त प्रह्लाद और ध्रुव के बराबर का आसन दिलाया है। पिता चाहे कैसे भी वचन बोले, कैसा भी बर्ताव करे, संतान को उनके प्रति श्रद्धा और विनम्रता से आज्ञाकारी होना ही चाहिए। केवल इतना सूत्र भर साध लेने से हम उस ईश्वर के राज्य के अधिकारी बन जाते हैं, जिसे पाने के लिए जाने कितने तपस्वियों ने शरीर गलाया, बरसों साधना की। कन्धे पर माता-पिता को लेकर तीर्थ कराने निकला श्रवण जब उनकी प्यास बुझाने के लिए पानी भरते हुए राजा दशरथ का एक तीर लग जाने से प्राण त्यागता है, तब वह अन्तिम इच्छा में यही कहता है- 'मेरे माता-पिता प्यासे हैं, आप उन्हें जाकर पानी पिला दें।' प्राण त्यागते हुए भी जिसे अपने माता-



पिता का ध्यान रहे, वह संतान उस युग में ही नहीं, इस युग में भी धन्य है। उसे किसी काल की परिधि में नहीं बांध सकते। मानवीय रिश्तों में दुनिया में सबसे बड़ा स्थान मां को दिया जाता है, लेकिन एक बच्चे को बड़ा और सभ्य बनाने में उसके पिता का योगदान कम करके नहीं आंका जा सकता। बच्चे को जब कोई खरोंच लग जाती है तो जितना दर्द एक मां महसूस करती है, वही दर्द एक पिता भी महसूस करते हैं। यह अलग बात है कि बेटे को चोट लगने पर मां पुचकार देती है, चोट लगी जगह पर फूंक की ठंडक देती है, वहीं पिता अपने बेटे की चोट पर व्यथित तो होता है लेकिन उसे बेटे के सामने मजबूत बने रहना है। ताकि बेटा उसे देख कर जीवन की समस्याओं से लड़ने का पाठ सीखे, सख्त एवं निडर बनकर जिंदगी की तकलीफों का सामना करने में सक्षम हो। माँ ममता का सागर है पर पिता उसका किनारा है। माँ से ही बनता घर है पर पिता घर का सहारा है। माँ से स्वर्ग है माँ से बैकुंठ, माँ से ही चारों धाम है पर इन सब का द्वार तो पिता ही है। उन्हीं पिता के सम्मान में पितृ दिवस मनाया जाता है। आधुनिक समाज में पिता-पुत्र के संबंधों की संस्कृति को जीवंत बनाने की अपेक्षा है। सोनेरा डोड जब नन्ही-सी थी, तभी उनकी मां का देहांत हो गया। पिता विलियम स्मार्ट ने सोनेरो के जीवन में मां की कमी नहीं महसूस होने दी और उसे मां का भी प्यार दिया। एक दिन यूं ही सोनेरा के दिल में ख्याल आया कि आखिर एक दिन पिता के नाम क्यों नहीं हो सकता? इस तरह 19 जून 1910 को पहली बार फादर्स डे मनाया गया। 1924 में अमेरिकी राष्ट्रपति कैल्विन कोली ने फादर्स डे पर अपनी सहमति दी। फिर 1966 में राष्ट्रपति लिंडन जानसन ने जून के तीसरे रविवार को फादर्स डे मनाने की आधिकारिक घोषणा की। एक शिल्पकार प्रतिमा बनाने के लिए जैसे पत्थर को कहीं काटता है, कहीं छांटता है, कहीं तल को चिकना करता है, कहीं तराशता है तथा कहीं आवृत को अनावृत करता है, वैसे ही मेरे पूज्य पिताश्री रामस्वरूपजी गर्ग ने मेरे व्यक्तित्व को तराशकर उसे महनीय और सुघड़ रूप प्रदान किया। आज वे देह से विदेह होकर भी हर पल मेरे साथ प्रेरणा के रूप में, शक्ति के रूप में, संस्कार के रूप में रहते हैं। हर पिता अपने पुत्र की निषेधात्मक और दुष्प्रवृत्तियों को समाप्त करके नया जीवन प्रदान करता है। वरुण जल का देवता होता है। जैसे जल वस्त्र आदि के मैल को दूर करता है, वैसे ही पिता पुत्र की मानसिक कलुषता को दूर कर सद्संस्कारों का बीजारोपण करता है एवं उसके व्यक्तित्व को नव्य और स्वच्छ रूप प्रदान करता है। चन्द्रमा सबको शांति और अह्लाद प्रदान करता है, वैसे ही पिता की प्रेरणाएं पुत्र को मानसिक प्रसन्नता और परम शांति देती है। जैसे औषधि दुख, दर्द और पीड़ा का हरण करती है, वैसे ही पिता शिव शंकर की भांति पुत्र के सारे अवसाद और दुखों का हरण करते हैं। पय का अर्थ है-दूध। जैसे माता का दूध पुष्टि प्रदान करता है, वैसे ही पिता पुत्र के आत्मिक बल को पुष्ट करते हैं। मेरे लिये मेरे पिता देवतुल्य एवं गहन आध्यात्मिक-धार्मिक जीवट वाले व्यक्तित्व थे। उनकी जैसी सादगी, उनकी जैसी सरलता, उनकी जैसा समर्पण, उनकी जैसी धार्मिकता, उनकी जैसी पारिवारिक नेतृत्वशीलता और उनकी जैसी संवेदनशीलता को जीना दुर्लभ है।

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**

## आपकी बात

### क्या करें इन नेताओं का ?



राकेश दुबे

**इस** बात से हर भारतीय परिचित है कि भारत पर चीन ने 1962 में हमला किया था और लद्दाख व अरुणाचल प्रदेश में भारत की बहुत सी जमीन पर कब्जा कर लिया था। देश की रक्षा करते हुए भारतीय सैनिकों ने अपना बलिदान दिया था। यह ठीक है कि सरदार पटेल ने बहुत पहले ही प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरु को बाकायदा एक पत्र लिखकर आगाह किया था कि चीन भारत पर हमला कर सकता है। तिब्बत के उस समय के शासक दलाई लामा भी जब महात्मा बुद्ध की पच्चीस सौंवी जयंती के अवसर पर भारत आए थे, तो चीन को लेकर परोक्ष रूप से सावधान कर गए थे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वतीय सर संघ चालक माधवराव सदाशिव गोलवलकर ने भी चीन की नीयत पर शंका जाहिर की थी, लेकिन नेहरु, जो स्वयं को उन दिनों अंतरराष्ट्रीय मामलों के विशेषज्ञ मानते थे, इन सब चेतावनियों को नकारते हुए 'हिंदी-चीनी भाई-भाई' का नारा लगाते रहे और चीन के नेताओं को बुलाकर स्कूलों के बच्चों के हाथ में चीन का झंडा थमा कर उनका स्वागत करते रहे। इस सबका परिणाम यह हुआ कि चीन ने 1962 में भारत पर हमला कर दिया और भारत को शिकस्त दी। सरकार ने बहुत ही होशियारी से शिकस्त की जिम्मेदारी भारतीय सेना के गले में बांधनी चाही तो जनता ने इसका विरोध किया। लोगों का कहना था कि भारत की सेना के शौर्य का प्रदर्शन तो द्वितीय विश्व युद्ध में दुनिया ने देखा था। यह सरकार की नीतियों की पराजय थी। उस समय भी चीन के इस हमले को लेकर भारत में विवाद शुरू हो गया था। उधर सीमा पर भारतीय सेना और चीनी सेना युद्धरत थी, इधर कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया में तो बाकायदा युद्ध ही छिड़ा हुआ था। कम्युनिस्ट पार्टी में यह युद्ध इस बात को लेकर हो रहा था कि हमला किसने किया? एक ग्रुप का कहना था कि चीन ने भारत पर हमला किया, लेकिन दूसरे ग्रुप का कहना था कि हमला भारत ने चीन पर किया। 'भारत ने चीन पर हमला किया' कहने वालों में ज्योति बसु नम्बूदरीपाद और पंजाब के हरकिशन सिंह सुरजीत शामिल थे। इस ग्रुप ने सीपीएम के नाम से अपनी अलग पार्टी बना ली थी। उधर चीन के हाथों मिली पराजय के बाद भी नेहरु ने चीन की तरफदारी करनी नहीं छोड़ी। संयुक्त राष्ट्र संघ में चीन की शमूलियत और उसे वीटो पावर दिए जाने की वे अंत तक वकालत करते रहे। उन दिनों विश्व की जिस प्रकार की दो ध्रुवीय राजनीति चल रही थी, उसमें भारत को प्रस्ताव दिया गया था कि यदि वह चीन की पूंछ छोड़ दे, तो उसे सुरक्षा परिषद में स्थान दिया जा सकता है। लेकिन कांग्रेस की चीन के साथ उस समय भी क्या सांझेदारी थी, इसे आज तक कोई नहीं समझ सका। इसे काल की न्यारी गति ही कहना चाहिए उस समय के बड़े कांग्रेस नेता और केन्द्रीय मंत्री नटवर सिंह, जिन्हें इस बात का बहुत अभिमान था कि वे चीनी भाषा चीनियों से भी बेहतर जानते हैं, पंचशील को जिंदा करने के लिए बीजिंग के चक्कर लगाने लगे। खैर भारत के लोग सब जानते हैं और यह भी जानते हैं कि चीन के सत्ताधारी किस प्रकार के हैं। अब कांग्रेस ने एक बार फिर चीन का मामला उठाना शुरू किया है। सब जानते हैं कि भारत के विरोध में इस समय चीन और पाकिस्तान घी-शक्कर हैं, लेकिन जब भी कहीं भारत-पाकिस्तान या फिर भारत-चीन की भिड़ंत होती है तो कांग्रेस एकदम अपने बनावटी खोल से निकल कर अपने असली रंग में दिखाई देने लगती है। आतंकवादियों के अड्डों को खत्म करने के लिए जब भारतीय सेना ने बालाकोट पर सर्जिकल स्ट्राइक की तो कांग्रेस ने एकदम से उसे गप्प करार दिया। उसने कहा, ऐसा हुआ ही नहीं, सेना सबूत दिखा दे। सेना की मुसीबत यह है कि उसे दुश्मन पर हमला कर भारत को सुरक्षित भी रखना होता है और उसके लिए कांग्रेस को सबूत भी दिखाना होता है। पता चला मामला कहीं और ज्यादा गहरा है। सोनिया गांधी परिवार के एक ट्रस्ट राजीव गांधी फाऊंडेशन को चीन से पैसा भी मिलता रहा है।

(भोपाल)

राजनीति

# इंडिया की आंखों से भारत को मत देखिए!



प्रो. संजय द्विवेदी

**आजकल** राष्ट्रीयता, भारतीयता, राष्ट्रत्व और राष्ट्रवाद जैसे शब्द चर्चा और बहस के केंद्र में है। ऐसे में यह जरूरी है कि हम भारतीयता पर एक नई दृष्टि से सोचें और जानें कि आखिर यह क्या है? 'राष्ट्र' सामान्य तौर पर सिर्फ भौगोलिक नहीं बल्कि 'भूगोल-संस्कृति-लोग' के तीन तत्वों से बनने वाली इकाई है। इन तीन तत्वों से बने राष्ट्र में आखिर सबसे महत्वपूर्ण तत्व कौन सा है? जाहिर तौर पर वह 'लोग' ही होगें। इसलिए लोगों की बेहतरी,भलाई, मानवता का स्पंदन ही किसी राष्ट्रीयता का सबसे प्रमुख तत्व होना चाहिए। जब हम लोगों की बात करते हैं तो भौगोलिक इकाईयां टूटती हैं। अध्यात्म के नजरिए से पूरी दुनिया के मनुष्य एक हैं। सभी संत, आध्यात्मिक नेता और मनोवैज्ञानिक भी यह मानने हैं कि पूरी दुनिया पर मनुष्यता एक खास भावबोध से बंधी हुयी है। यही वैश्विक अचेतन (कलेक्टिव अनकांशेसनेस) हम-सबके एक होने का कारण है। स्वामी विवेकानंद इसी बात को कहते थे कि इस अर्थ में भारत एक जड़ भौगोलिक इकाई नहीं है। बल्कि वह एक चेतन भौगोलिक इकाई है, जो सीमाओं और सैन्य बलों पर ही केंद्रित नहीं है। भारतीय राष्ट्रवाद मनुष्य के विस्तार व विकास पर केंद्रित है। जिसे भारत ने 'वसुधैव कुटुम्बकम' कहकर संबोधित किया। यह 'वसुधैव कुटुम्बकम' राजनीतिक सत्ता का उच्चार नहीं है। उपनिषद् का उच्चार है। सारी दुनिया के लोग एक परिवार, एक कुटुम्ब के हैं, इसे समझना ही दरअसल भारतबोध को समझना है। यह भाव ही मनुष्य की सांस्कृतिक एकता के विस्तार का प्रतीक है। हमारे सांस्कृतिक मूल्य, मानवतावादी सांस्कृतिक मूल्यों पर केंद्रित हैं। हमारी भारतीय अवधारणा में राज्य निर्मित भौगोलिक-प्रशासनिक इकाईयां प्रमुख स्थान नहीं रखतीं बल्कि हमारी चेतना, संस्कृति, मूल्य आधारित जीवन और परंपराएं ही यहां हमें राष्ट्र बनाती हैं। हमारे सांस्कृतिक इतिहास की ओर देखें तो आर्यावर्त की सीमाएं कहां से कहां तक विस्तृत हैं, जबकि सच यह है कि इस पूरे भूगोल पर राज्य बहुत से थे, राजा अनेक थे- किंतु हमारा सांस्कृतिक अवचेतन हमें एक राष्ट्र का अनुभव करता था। एक ऐतिहासिक सत्य यह भी यह है कि हमारा राष्ट्रीयता दरअसल राज्य संचालित नहीं था, वह समाज और बौद्धिक चेतना से संपन्न संतों, ऋषियों द्वारा संचालित थी।

**कई बार हमें जरूरत के मुताबिक समय से सुरक्षित रक्त मिल जाता है तो कई बार समय से रक्त मिलने में मुश्किल का सामना करना पड़ता है। ऐसे में मरीज की जान तक बचाना मुश्किल हो जाता है।**

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**

## फेसबुक वॉल से

**Abhishek Singh**
27 m

ये वही कुलविंदर कौर है जिसने कंगना रनौत पर हमला किया था...
यह चित्र देखकर आगे पीछे की सारी कहानी समझ चुके होंगे आप..||



5 · 2 comments

## X- से

@aajtak is hosting

Akhilesh Singh @akhileshsi1 · 1h
महुआ मोइत्रा ये क्या बोल रही हैं? छी, छी.. ये स्तर।

Abhishek @AbhishBanerj · 2h
Horrible!

Mahua Moitra calls people as "Jharkhandi piece of fecal matter"

Just because she is a liberal, Mahua Moitra can abuse people any way she wants?

Pure madness...




1 · 5 · 14 · 350

**अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com**

# गुम हो रही आंगन की गौरैया

घरों को अपनी चीं..चीं की आवाज से चहकाने वाली गौरैया अब दिखाई नहीं देती। इस छोटे आकार वाले खूबसूरत पक्षी का कभी इंसान के घरों में बसेरा हुआ करता था और बच्चे बचपन से इसे देखते बड़े हुआ करते थे। लेकिन अब स्थिति बदल चुकी है। आधुनिकता की अंधी दौड़ के कारण गौरैया के अस्तित्व पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। स्थिति यह है कि इस पक्षी की संख्या लगातार कम होती जा रही है। कहीं-कहीं तो यह बिल्कुल दिखाई नहीं देती। गौरैया को बुद्धिमान चिड़िया माना जाता है। उसकी खासियत है कि वह परिस्थितियों के अनुरूप स्वयं को न सिर्फ ढाल लेती है बल्कि अपना घोंसला व भोजन भी उनके अनुकूल बना लेती है। इन्हीं विशेषताओं के कारण यह विश्व में सबसे ज्यादा पाई जाने वाली चहचहाती चिड़िया बन गई। गौरैया बहुत ही सामाजिक पक्षी है और ज्यादातर पूरे वर्ष झुंड में उड़ती है। एक झुंड 1.5-2 मील की दूरी तय करता है। लेकिन भोजन की तलाश में अक्सर वह 2-5 मील भी निकल जाती है। गौरैया का प्रमुख आहार अनाज, जमीन पर बिखरे दाने व कीड़े-मकौड़े हैं। कीड़े खाने की आदत के चलते उसे किसानों का मित्र माना जाता है। पहले गौरैया जब अपने बच्चों को चुग्गा कराती थी तो हम बड़े ही कौतूहल से उसे देखते थे। लेकिन अब इसके दर्शन भी मुश्किल हो गए हैं। वह विलुप्त हो रही प्रजातियों की सूची में आ गई है। ग्रामीणों के मुताबिक गौरैया की आबादी में 70 से 80 फीसद तक की कमी आई है। अगर उसके संरक्षण के प्रयास नहीं किए गए तो हो सकता है कि गौरैया इतिहास बन जाए। इसके बाद भविष्य की पीढ़ियों को यह देखने को ही न मिले। कभी खुले आंगन में फुदकने वाली यह चिड़िया, छप्परों में घोंसले बनाने वाली यह चिड़िया, बच्चों के हाथों से गिरे अनाज खाने वाली चिड़िया अब बंद जाली के आंगन व बंद दरवाजों की वजह से अपनी दस्तक नहीं दे पाती हमारे घरों में। गाहे-बगाहे अगर यह दाखिल भी हो जाती है तो छतों पर टंगे पंखों से टकरा कर दम तोड़ देती है। बड़ा दर्दनाक है यह सब जो इस अनियोजित विकास के दौर में हो रहा है। आधुनिकता व विकास के कारण हम अपने आसपास सदियों से रह रहे तमाम जीवों के लिए कब्रगाह तैयार करते जा रहे हैं। बिना यह सोचे कि इसके बिना यह धरती और हमारा पर्यावरण कैसा होगा। गौरैया एक छोटी चिड़िया है। यह हल्की भूरे रंग या सफेद रंग में होती है। इसके शरीर पर छोटे-छोटे पंख और पीली चोंच व पैरों का रंग पीला होता है। नर गौरैया की पहचान उसके गले के पास काले धब्बे से होती है। 14 से 16 सेमी. लंबी यह चिड़िया मनुष्य के बनाए हुए घरों के आसपास रहना पसंद करती है। यह लगभग हर तरह की जलवायु पसंद करती है पर पहाड़ी स्थानों में यह कम दिखाई देती है। शहरों, कस्बों गावों और खेतों के आसपास यह बहुतायत से पाई जाती है। नर गौरैया के सिर का ऊपरी भाग, नीचे का भाग और गालों पर पर भूरे रंग का होता है। गला चोंच और आंखों पर काला रंग होता है और पैर भूरे होते हैं। मादा के सिर और गले पर भूरा रंग नहीं होता है। नर गौरैया को चिड़ा और मादा चिड़ी या चिड़िया भी कहते हैं। ■ **अम्बरीष कुमार सक्सेना**

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**



## बोधि वृक्ष

# अद्भुत है पटना का महावीर मंदिर



**उत्तर** भारत में जम्मू के वैष्णो देवी मदिर के बाद सबसे अधिक महावीर मदिर की आय है। आचार्य किशोर कुणाल कहते हैं, हमने मदिर की कमाई में पूरी पारदर्शिता रखी है। भारत में कई ऐसे मदिर हैं, जिनकी कमाई महावीर मदिर से अधिक हो सकती है, लेकिन वे असली कमाई घोषित नहीं करते हैं। महावीर मदिर की कमाई से महावीर कैंसर सस्थान, महावीर वात्सल्य, महावीर आरोग्य सस्थान व नेत्रालय आदि का सचालन होता है। महावीर कैंसर अस्पताल में मरीजों को तीनों टाइम का खाना मुफ्त मिलता है। सामान्य मरीजों को भर्ती होते ही दस हजार रुपए व गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले मरीज को 15 हजार रुपए इलाज के लिए दिए जाते हैं। **आमलोगों ने कारसेवा कर बनाया मंदिर का शिखर :** आचार्य कुणाल बताते है, महावीर मदिर के वर्तमान स्वरूप का उद्घाटन पाच मार्च 1985 को हुआ। रोचक बात यह है कि मदिर का निर्माण तो मिस्त्री और मजदूरों ने किया मगर मदिर के शिखर का निर्माण आम लोगों ने कार सेवा में भाग लेकर पूरी श्रद्धा से किया। मदिर के शिखर के निर्माण में आम लोगों ने मजदूर बनकर काम किया।

(समाप्त)

## टेक वर्ल्ड

# अब अपने बच्चों के मोबाइल पर रखिए सावधानी से नजर



पैरेंटल कंट्रोल टूल आपके गूगल प्ले स्टोर में अवेलेबल है और इसके जरिए आप पता कर सकते हैं कि आपका बच्चा मोबाइल पर क्या कर रहा है, क्या कंज्यूम कर रहा है, क्योंकि कोई भी व्यक्ति हर वक्त अपने बच्चों पर फिजिकल नजर नहीं रख सकता है। ऐसे में यह काफी मददगार साबित हो सकता है। आज के समय में अगर कोई एक टेक्नोलॉजी बच्चों को सबसे अधिक प्रभावित कर रही है तो वह है आपकी स्मार्टफोन टेक्नोलॉजी। फोन में तो जैसे बच्चों की दुनिया ही समा गई है। आज हर घर की यह समस्या बन गई है कि उनके बच्चे फोन के एडिक्ट होते जा रहे हैं। वह चाहे गेमिंग हो, चाहे वीडियो इस्तेमाल करना हो आप देखेंगे कि प्रत्येक घर का माहौल इस मोबाइल ने कहीं ना कहीं डिस्टर्ब करके रख दिया है। प्रत्येक मां-बाप चिंतित रहने लगा है, उसे इस बात की चिंता ज्यादा होती है कि आखिर उसका अपना बेटा या बेटी इंटरनेट पर जो कंटेंट कंज्यूम कर रहे हैं वह उनके अपने जीवन के लिए कितना लाभदायक या हानिकारक है।

(क्रमशः)

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# यूपी के उपचुनाव में भी होगी कांग्रेस-सपा गठबंधन की परीक्षा

एजेंसी



**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के बाद यूपी में होने वाले उपचुनाव में सपा-कांग्रेस के गठबधन की परीक्षा होगी, क्योंकि जिन सीटों पर चुनाव होने हैं, उनमें से ज्यादातर सीटों पर भाजपा और सपा के उम्मीदवार ही जीते हैं। हालांकि, इनमें से कितनी सीटों पर दोनों दलों की सहमति बनेगी, इस पर भी सबकी नजर टिकी हुई है।

लोकसभा चुनाव के बाद फूलपुर, खैर, गाजियाबाद, मझावन, मीरापुर, अयोध्या, करहल, कटेहरी, कुंदरकी विधानसभा क्षेत्रों पर उपचुनाव होना तय हो गया है। इसके साथ अभी हाल में कानपुर के विधायक को हुई सजा के बाद वहां भी उपचुनाव की संभावना बन रही है। भाजपा व सहयोगी दलों ने लोकसभा चुनाव के मैदान में सबसे ज्यादा आठ विधायकों को चुनावी मैदान में उतारा था। वहीं, समाजवादी पार्टी ने छह विधायकों को चुनावी रण में उतारा था।

राजनीतिक जानकार बताते हैं कि कांग्रेस को लोकसभा में छह सीटों पर सफलता मिली है। इस कारण पार्टी को संजीवनी मिल गई है। ऐसे में वह उपचुनाव में कुछ सीटों की डिमांड कर सकती है। हालांकि, इसमें ज्यादातर सीटें सपा के पाले की हैं। ऐसे में यह लोग सपा से कितना मोलभाव कर सकते हैं। यह समय बताएगा। लोकसभा चुनाव में हर कदम मिलाकर सपा के साथ चलने वाली कांग्रेस क्या सपा के प्रत्याशियों के जिताने के लिए उसी तरह अपने कार्यकताओं को सक्रिय करेगी। यह भी देखना होगा।

सियासी जानकार बताते हैं कि ताजा चुनाव परिणाम से उत्साहित कांग्रेस व सपा दोनों की नजर अभी से अगले विधानसभा चुनाव पर है। इससे पूर्व नौ सीटों पर उपचुनाव दोनों दलों के लिए आपसी रिश्तों व प्रदर्शन के लिहाज से महत्वपूर्ण होगा। खासकर कांग्रेस के सामने अपने जनाधार को बचाए रखने की भी बड़ी चुनौती है।

कांग्रेस संगठन के महासचिव अनिल यादव का कहना है कि सपा के साथ हमारा गठबंधन है। उपचुनाव पर हमारे बड़े नेता इस पर बात करेंगे। उसके लिए एक कमेटी बनी है। अभी यूपी उपचुनाव की कोई तिथि भी नहीं आई है।

सपा प्रवक्ता सुनील साजन कहते हैं कि हमारा कांग्रेस के साथ गठबंधन है। उपचुनाव मिलकर लड़ेंगे या अकेले, इस पर फैसला राष्ट्रीय अध्यक्ष तय करेंगे। जहां हमारी सीट है, वहां कांग्रेस क्यों लड़ेगी। जो भी होगा हमारे नेता आपस में बैठकर तय कर लेंगे। उपचुनाव की सारी सीटें सपा ने जीतने का लक्ष्य रखा है। हम यूपी में कांग्रेस के साथ गठबंधन में हैं और रहेंगे।

# बर्ड फ्लू का साक्ष्य नहीं, आराम से खा सकते हैं पोल्ट्री प्रोडक्ट : बंगाल सरकार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के विभिन्न हिस्सों से पोल्ट्री पक्षियों के किसी भी नमूने में बर्ड फ्लू की पुष्टि नहीं हुई है। राज्य स्वास्थ्य विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की है। स्वास्थ्य सचिव एन एस निगम ने कहा कि राज्य सरकार पोल्ट्री उत्पादों के उपयोग पर फिलहाल किसी प्रकार का प्रतिबंध लगाने नहीं जा रही है। पश्चिम बंगाल में स्थिति सामान्य है और चिंता की कोई बात नहीं है। सक्रिय इन्फ्लूएंजा की जांच-पड़ताल में एक भी व्यक्ति वायरस प्रभावित नहीं पाया गया। बीमारी का मानव-से-मानव संक्रमण नहीं हुआ है। स्वास्थ्य विभाग चिकन, अंडे जैसे पोल्ट्री उत्पादों के उपभोग पर प्रतिबंध लगाने के बारे में कोई सलाह जारी नहीं कर रहा है।



निगम ने बताया कि राज्य द्वारा संचालित बेलगछिया पशु स्वास्थ्य एवं पशु चिकित्सा जैविक संस्थान में पश्चिम बंगाल के विभिन्न भागों से वर्षभर में एकत्र किए गए कुल 30 हजार नमूनों का परीक्षण किया जाता है। तीस प्रतिशत नमूनों को भोपाल स्थित आईसीएआर-राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान में पुनः परीक्षण के लिए भेजा जाता है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, मालदा जिले के कालियाचक के चार वर्षीय बच्चे में जनवरी में इस बीमारी का पता चला था, जो उपचार के बाद ठीक हो गया। उन्होंने बताया कि एक अन्य बच्चा फरवरी में शहर से ऑस्ट्रेलिया गया था तथा वहां पहुंचने के बाद उसमें एवियन इन्फ्लूएंजा या बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई।

पशु संसाधन विकास विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विवेक कुमार ने बताया, हमने परिवार के सदस्यों तथा अन्य व्यक्तियों की सक्रिय निगरानी की तथा उनमें से किसी में भी वायरस की पुष्टि नहीं हुई। हम केवल इतना कह सकते हैं कि वायरस का स्रोत बंगाल नहीं था। इस बीच, स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों तथा डब्ल्यूएचओ के प्रतिनिधियों की एक टीम ने गुरुवार को मालदा के कालियाचक में एक और दौर का निरीक्षण किया।

# सेना को मिले 120 स्वदेशी आत्मघाती ड्रोन 'नागस्त्र'

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना को नागपुर की कंपनी ने 120 स्वदेशी आत्मघाती ड्रोन 'नागस्त्र' का पहला बैच सौंप दिया है। भारतीय सेना ने आपातकालीन खरीद शक्तियों के तहत 480 लोइटर म्यूनिशन की आपूर्ति के लिए सोलर इंडस्ट्रीज के इकोनॉमिक्स एक्सप्लोसिव्स लिमिटेड (ईईएल) को ऑर्डर दिया है। प्री-डिलीवरी निरीक्षणों के सफल समापन के बाद ईईएल ने सेना के गोला-बारूद डिपो को 120 लोइटर म्यूनिशन वितरित किए हैं।

भारतीय सेना को घरेलू स्तर पर निर्मित आत्मघाती ड्रोन का पहला बैच प्राप्त हुआ है, जिसे नागस्त्र-1 के नाम से जाना जाता है। स्वदेशी लोइटरिंग म्यूनिशन को आत्मघाती ड्रोन नागस्त्र-1 के रूप में भी जाना जाता है। इसे नागपुर की कंपनी सोलर इंडस्ट्रीज ने विकसित किया है। भारतीय सेना ने आपातकालीन खरीद शक्तियों के तहत 480 लोइटर म्यूनिशन की आपूर्ति के लिए सोलर इंडस्ट्रीज की ईईएल को ऑर्डर दिया है। इसमें पहले बैच के रूप में 120 लोइटर म्यूनिशन सेना के गोला-बारूद डिपो को सौंप दिए हैं। यह एक ही आत्मघाती ड्रोन दुश्मन के इलाके में घुसकर तबाही मचा सकता है। जीपीएस से लैस यह ड्रोन दो मीटर की दूरी पर सटीकता के साथ हमला कर सकता है। नौ किलोग्राम वजन वाले मैन-पोर्टेबल फिक्स्ड-विंग इलेक्ट्रिक यूएवी की क्षमता 30 मिनट की है। मैन-इन-लूप रेंज 15 किलोमीटर और ऑटोनॉमस मोड रेंज 30 किलोमीटर है।



*आपातकालीन खरीद शक्तियों के तहत 480 लोइटर म्यूनिशन के दिए गए हैं ऑर्डर*

*आतंकी लॉन्च पैड, घुसपैठियों और दुश्मनों के ट्रेनिंग कैंप पर हो सकेंगे सटीक हमले*

# भारत को मिल सकते हैं 26 नए राफेल

## विमानों की खरीद के लिए फ्रांस के साथ सौदे पर बातचीत जारी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत और फ्रांस के बीच राफेल को लेकर एक बार फिर चर्चा शुरू हो गई है। बताया जा रहा कि दोनों देशों की सरकारों के बीच 26 राफेल समुद्री लड़ाकू विमानों के सौदे को लेकर बातचीत हो रही है। इस दौरान कीमत और अन्य संबंधित मुद्दों पर चर्चा की जा रही। रक्षा सूत्रों ने बताया फ्रांस का एक प्रतिनिधिमंडल नई दिल्ली आया हुआ। इसमें उनके आयुध महानिदेशालय के अधिकारी शामिल हैं, जो भारत के साथ चल रहे राफेल सौदे पर निगरानी रख रहे हैं। उन्होंने बताया कि इन दोनों देशों की बातचीत में भारतीय पक्ष का प्रतिनिधित्व रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत अधिग्रहण महानिदेशालय के अधिकारी तथा उपयोगकर्ता पक्ष से अन्य सैन्य अधिकारी कर रहे हैं।

**भारत के लिए राफेल क्यों है जरूरी** : पाकिस्तान और चीन से देश की सीमाओं की सुरक्षा हमेशा से एक बड़ा मुद्दा रहा है। वायुसेना में वैसे ही लड़ाकू विमानों की कमी है, ऐसे में राफेल विमान भारत के लिए बहुत ही जरूरी है। इस विमान का उपयोग अफगानिस्तान, इराक, सीरिया, लीबिया और माली में हुई जंगी कार्रवाई में हो चुका है और यह काफी सफल रहा है। अगर राफेल को वायुसेना के जंगी जहाजों के बेड़े में शामिल किया जाता है तो इससे सेना को एक नई ताकत मिलेगी।



### राफेल की खासियत...

- ऑप्ट्रॉनिक सिक्योर फ्रंटल इंफ्रारेड सर्च और ट्रैक सिस्टम से लैस ये लड़ाकू विमान
- एमबीडीए एमआइसीए, मेटेओर, अपाचे जैसी मिसाइलें और गन से लैस है राफेल
- मेटेओर मिसाइल 100 किमी दूर फाइटर जेट को पलभर में मार गिराने में सक्षम
- इस तरह का मिसाइल चीन-पाकिस्तान समेत पूरे एशिया में किसी के पास नहीं
- आईएनएस विक्रमादित्य और विक्रांत सहित विमान वाहक पोत से होगा संचालित
- एक बहुत उपयोगी लड़ाकू विमान, यह ऊंचे इलाकों में भी लड़ने में माहिर है।

**26** राफेल समुद्री लड़ाकू विमानों की खरीद होगी

**07** करोड़ की लागत आती है एक विमान बनाने में

**50** हजार करोड़ रुपये से अधिक है कुल लागत

**36** राफेल मौजूद हैं भारतीय वायु सेना के बेड़े में

**15.27** मीटर है राफेल विमान की लंबाई

**60,000** फुट की ऊंचाई तक जा सकता है एक मिनट में

**2200** से 2500 किमी. प्रतिघंटा है विमान की रफ्तार

**3700** किलोमीटर है विमान की रेंज

**1.30** एमएम गन 125 राउंड गोलियां चलाने में सक्षम

# तृणमूल ने बंगाल की चार विस सीटों पर उम्मीदवारों के नाम किये घोषित



एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की चार विधानसभा सीटों पर 10 जुलाई को होने वाले उपचुनाव के लिए तृणमूल कांग्रेस ने शुक्रवार को अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी। पार्टी ने 2021 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के टिकट पर उत्तर दिनाजपुर जिले की रायगंज सीट से जीतने वाली कृष्णा कल्याणी को उसी सीट से उम्मीदवार बनाया है। लोकसभा चुनाव से पहले उन्होंने विधानसभा के इस्तीफा दे दिया था और तृणमूल के टिकट पर रायगंज लोकसभा सीट से लड़ी थीं, हालांकि वह हार गईं।

इसी तरह, मुकुट मणि अधिकारी भी नादिया जिले की राणाघाट दक्षिण सीट से भाजपा के टिकट पर विधानसभा के लिए चुने गये थे। वह भी इस्तीफा देकर तृणमूल के टिकट पर राणाघाट लोकसभा सीट से लड़े और हार गये। अब सत्तारूढ़ दल ने उन्हें राणाघाट विधानसभा सीट से उम्मीदवार बनाया है। पार्टी ने माणिकताल विधानसभा सीट से सुप्ति पांडे को टिकट दिया है। उनके पति साधन पांडे के निधन से यह सीट खाली हुई है, जो तृणमूल कांग्रेस विधायक थे। असली ट्विस्ट उत्तर 24 परगना जिले के बागढ़ा विधानसभा सीट पर देखने को मिला है।

# आज का राशिफल

**मेष** — कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

**वृषभ** — व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है।

**मिथुन** — शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**कर्क** — रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। मेहमानों का आगमन होगा।

**सिंह** — समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

**कन्या** — महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**तुला** — धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी।

**वृश्चिक** — घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। दवा-दारू में ज्यादा खर्च होगा। हाथ में आने वाला धन भी किसी अवरोध का शिकार हो जाएगा। व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग है।

**धनु** — चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। सब्र का फल मीठा होता है अतः धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें।

**मकर** — थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किये गए कार्यों का प्रतिफल मिलेगा।

**कुम्भ** — कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है।

**मीन** — प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित लाभ होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा।

# राम मंदिर को उड़ाने की धमकी के बाद बढ़ाई गई अयोध्या की सुरक्षा

## एसएसपी राजकरण नय्यर ने किया निरीक्षण

एजेंसी

**अयोध्या।** आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद की ओर से राम मंदिर को उड़ाने की धमकी दिए जाने के बाद अयोध्या अलर्ट मोड पर आ गई है। राम मंदिर में निगरानी बढ़ा दी गई है। राम मंदिर समेत महत्वपूर्ण स्थलों की सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट की भी सुरक्षा में इजाफा किया गया है। एसएसपी राजकरण नय्यर ने शुक्रवार को महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि अयोध्या धाम की सुरक्षा पहले से ही कड़ी है। यहां की सुरक्षा व्यवस्था को विभिन्न क्षेत्रों में विभाजित करते हुए सीनियर राजपत्रित अधिकारी के नेतृत्व में टीमों का गठन किया गया है। विभिन्न जोन में सुरक्षाकर्मी पहले से ही तैनात हैं। जिला पुलिस के अलावा पीएसी की भी कई कंपनियां प्राप्त हुई हैं। पीएसी को लगाकर सुरक्षा की जा रही है। महत्वपूर्ण स्थलों की भी सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी 24 घंटे की जाती है। पूरे क्षेत्र को सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से देखा जाता है, जो भी रियल टाइम इनपुट जनरेट होते हैं, उसको लेकर ग्राउंड पर लगे हुए लोगों को तत्काल कंट्रोल रूम से सूचित किया जाता है। उसी के हिसाब से कार्रवाई की जाती है। वहीं, रामजन्मभूमि परिसर में तैनात अधिकारियों व सुरक्षाकर्मियों को अलर्ट मोड पर कर दिया गया है।



# गुरमीत राम रहीम ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर फरलो की मांग की

**चंडीगढ़।** साध्वी यौन शोषण मामले में रोहतक की सुनारियां जेल में सजा काट रहे डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम ने शुक्रवार को पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट में याचिका दायर कर 21 दिन का फरलो मांगा है। हाई कोर्ट ने इस संबंध में हरियाणा सरकार तथा शिरोमणि गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी को नोटिस जारी कर दिया है। हाईकोर्ट ने शुक्रवार को राम रहीम की याचिका पर सुनवाई के दौरान उसे फटकार लगाई। याचिका के जवाब में हाई कोर्ट ने कहा कि वह कार्यक्रम को स्थगित कर सकते हैं। हाई कोर्ट ने नाराजगी भरे लहजे में यह भी कहा कि पहले कार्यक्रम रख लेते हो, फिर कोर्ट में आकर याचिका लगा इसमें शामिल होने का दबाव डालते हो।

# नारायणपुर जिले में बारूदी सुरंग में विस्फोट से आईटीबीपी के दो जवान घायल

**छत्तीसगढ़।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर ज़िले में बारूदी सुरंग में विस्फोट होने से आईटीबीपी के दो जवान घायल हो गए हैं पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के कोहकामेटा थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुतुल गांव के करीब बारूदी सुरंग में विस्फोट होने से भारत तिब्बत सीमा पुलिस के दो जवान घायल हो गए हैं। उन्होंने बताया कि नारायणपुर के कोहकामेटा थाना क्षेत्र के कुतुल और मोहंदी गांव के मध्य जंगलों में गश्त के लिए आईटीबीपी के 53वीं वाहिनी के दल को रवाना किया गया था।



*शुक्रवार को चांदनी चौक, नई दिल्ली के मारवाड़ी कटरा इलाके में कई दुकानों में आग लगने से धुआं निकलता दिखाई दिया।*

# क्या कोई बड़ा फैसला लेने जा रहे हैं नीतीश?

## 29 जून को दिल्ली में जद (यू) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक

एजेंसी

**पटना।** जनता दल (यूनाइटेड) ने 29 जून को दिल्ली में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक निर्धारित की है। उल्लेखनीय उपस्थित लोगों में कैबिनेट मंत्री और जद (यू) नेता राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह और राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर शामिल हैं। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार करेंगे। गौरतलब है कि यह बैठक लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद बुलाई गई है। इसके अलावा बैठक के दौरान चुनाव परिणामों के विश्लेषण और 2025 में होने वाले विधानसभा चुनावों की रणनीतियों सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी।



जदयू द्वारा कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किये जाने की भी उम्मीद है, जिनमें से एक बिहार के लिए विशेष पैकेज की मांग भी शामिल है। माना जा रहा है कि बैठक में पार्टी कई बड़े अहम फैसला कर सकती है। दरअसल, इस बार नरेंद्र मोदी की सरकार में नीतीश कुमार और उनकी पार्टी जदयू की भूमिका काफी अहम है। क्योंकि भाजपा बहुमत से दूर हो गई है। जदयू की ओर से ललन सिंह और रामनाथ ठाकुर मंत्री बने हैं। लेकिन मलाईदार मंत्रालय नहीं मिला है। इसको लेकर भी जदयू के भीतर से नाराजगी की खबरें आ रही है। ऐसे में इस बैठक पर सभी की नजर रह सकती हैं। साथ ही साथ बिहार में कई सीटों पर उपचुनाव होने हैं। उन उपचुनाव को लेकर भी इस बैठक में मंथन होगी। साथ ही साथ 2025 की तैयारी भी शुरू करने पर मंत्रणा की जाएगी।

### बिहार विधान परिषद के सभापति पद से देवेश चन्द्र का इस्तीफा



बिहार विधान परिषद के सभापति देवेश चंद्र ठाकुर ने पद से त्यागपत्र दे दिया है। वे 25 अगस्त, 2022 को बिहार विधान परिषद के सभापति चुने गये थे। इससे पूर्व वे तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से सन 2002 में निर्दलीय एवं 2008 में जनता दल (यू.) से बिहार विधान परिषद के सदस्य के रूप में निर्वाचित हुए। सन 2008 में बिहार सरकार में आपदा प्रबंधन विभाग के मंत्री रहे। सन 2014 में तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय सदस्य के रूप में तथा 2020 में जनता दल (यू) से तिरहुत स्नातक क्षेत्र से बिहार विधान परिषद के सदस्य निर्वाचित हुए।

# 16 माह के बच्चे को लगेगा 17 करोड़ रुपये का इंजेक्शन

## आप सांसद संजय सिंह ने लोगों से की मदद की अपील

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आप सांसद संजय सिंह ने स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी से पीड़ित एक बच्चे लिए 17 करोड़ रुपये का इंजेक्शन खरीदने के लिए शुक्रवार को लोगों से क्राउडफंडिंग पहल में योगदान देने की अपील की। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए संजय सिंह ने डॉक्टरों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 16 महीने के बच्चे को दो साल का होने तक इंजेक्शन नहीं मिला, तो उसका जीवन गंभीर रूप से खतरे में पड़ जाएगा। संजय सिंह ने कहा कि इंजेक्शन काफी महंगा है और इसका मूल्य 17 करोड़ रुपये है। यदि वेहांत जैन इस इंजेक्शन दो साल का होने तक समय से नहीं पाता रहा तो उसे गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। उसके पिता एक इंजीनियर और माता एक सीए हैं, लेकिन बच्चे की देखभाल के लिए उन्होंने अपनी नौकरी छोड़ दी। संजय सिंह ने देश और दिल्ली के लोगों से घर पर रह रहे बच्चे की जिंदगी बचाने की अपील की है। एसएमए से पीड़ित दो साल से कम उम्र के बच्चों के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले एक जोल्गेन्स्मा इंजेक्शन की कीमत लगभग 17 करोड़ रुपये है।



## आज के मैच

दक्षिण अफ्रीका vs नेपाल — समय : 05:00 बजे
न्यूजीलैंड vs युगांडा — समय : 06:00 बजे
भारत vs कनाडा — समय : 08:00 बजे
नामीबिया vs इंग्लैंड — समय : 08:00 बजे

## एक नजर

### ऑस्ट्रेलियन ओपन बैडमिंटन में आकर्षि बाहर

**सिडनी।** भारतीय शटलर आकर्षि कश्यप शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में हार के बाद चल रहे ऑस्ट्रेलियन ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट 2024 से बाहर हो गईं। महिला एकल वर्ग में, कश्यप को 42 मिनट तक चले मैच में ताइवान की शटलर पाई यू-पो के खिलाफ 21-17, 21-12 से हार का सामना करना पड़ा। पिछले दौर में आकर्षि कश्यप ने ऑस्ट्रेलिया की काई क्यू तेओह को 21-16, 21-13 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी।

### हॉकी इंडिया लीग 2024-2025 के लिए पंजीकरण शुरू

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया लीग (एचआईलीग) 8 साल के लंबे अंतराल के बाद इस साल के अंत में वापसी करने के लिए तैयार है। हॉकी इंडिया लीग 2024-2025 संस्करण में 8 पुरुष और 6 महिला टीमें शामिल होंगी और खिलाड़ियों का पंजीकरण 30 जून, 2024 तक खुला रहेगा। हॉकी इंडिया ने मीडिया विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि खेल के इतिहास में यह पहली बार है कि पुरुषों के साथ महिला एचआईएल भी एक साथ आयोजित की जाएगी। इसके अतिरिक्त, हॉकी इंडिया ने शीर्ष 15 हॉकी खेलने वाले देशों के खिलाड़ियों को आगामी सत्र के लिए अपने खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ को पंजीकृत करने के लिए आमंत्रित किया है, जो एफआईएच द्वारा स्वीकृत विंडो में दिसंबर 2024 के अंतिम सप्ताह से फरवरी 2025 के पहले सप्ताह तक आयोजित किया जाएगा।

# नीदरलैंड को हराकर सुपर 8 की दहलीज पर बांग्लादेश

**एजेंसी। किंग्सटाउन (सेंट विसेंट)**

शाकिब अल हसन की नाबाद अर्धशतकीय पारी की बदौलत बांग्लादेश ने गुरुवार को टी20 विश्व कप के ग्रुप डी मुकाबले में नीदरलैंड को 25 रन से हराकर सुपर 8 चरण के क्वालीफिकेशन की दहलीज पर कदम रख दिया है। इस जीत के साथ बांग्लादेश अगले दौर में प्रवेश करने के बिल्कुल करीब पहुंच गई है। हालांकि नीदरलैंड के लिए भी उम्मीदें अभी समाप्त नहीं हुई हैं, लेकिन इस मैच के नतीजे ने श्रीलंका को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया है। बांग्लादेश की इस जीत





के दो बड़े हीरो रहे। शाकिब अल हसन का बल्ला सबसे अहम मौके पर बोला। बांग्लादेश ने पावरप्ले में ही दो विकेट गंवा दिए थे, लेकिन शाकिब अंत तक डटे रहे और उनकी 64 रनों की नाबाद पारी की बदौलत बांग्लादेश की टीम ने 20 ओवर में 159 का स्कोर खड़ा कर लिया।

बांग्लादेश ने लक्ष्य का बचाव किया, जिसमें रिशाद हुसैन ने (3-33) और तस्कीन अहमद ने (2-30) शानदार गेंदबाजी की। नीदरलैंड की टीम 20 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 132 रन ही बना सकी।

बांग्लादेश के खाते में अब ग्रुप-डी में तीन मैचों में चार अंक हैं और उसका अंतिम मैच नेपाल से है। वहीं नीदरलैंड के पास तीन मैच में दो अंक हैं और उसे श्रीलंका के खिलाफ अपना अंतिम लीग मैच खेलना है। ग्रुप डी से अभी भी सिर्फ दक्षिण अफ्रीका ने ही अगले दौर में प्रवेश किया है। नीदरलैंड को अगर अगले दौर में जाना है तो उसे यह उम्मीद करनी होगी कि नेपाल बांग्लादेश को हरा दे और उसे श्रीलंका के विरुद्ध अच्छे अंतर से भी जीत हासिल हो। हालांकि अगर बांग्लादेश और नेपाल का मैच किसी कारण बेनतीजा रहता है तब बांग्लादेश को अगले दौर में सीधा प्रवेश मिल जाएगा।

**टी20 विश्व कप**

# पीएनजी को हराकर अफगानिस्तान सुपर 8 में, न्यूजीलैंड हुआ बाहर

**एजेंसी। तरौबा**

तेज गेंदबाज फजलहक फारूकी के शानदार तीन विकेट और गुलबदीन नायब की बेहतरीन पारी की बदौलत अफगानिस्तान ने शुक्रवार को त्रिनिदाद और टोबैगो में आईसीसी टी20 विश्व कप मैच में पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) को सात विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ ही अफगानिस्तान ने तीन मैचों में तीसरी जीत दर्ज की और वेस्टइंडीज के साथ सुपर 8 चरण में पहुंच गया। साथ ही न्यूजीलैंड, जो अब तक अफगानिस्तान और वेस्टइंडीज से हार चुका है, टूर्नामेंट से बाहर हो गया है।

96 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान की शुरूआत खराब रही और 2.5 ओवर में केवल 22 रन पर दोनों सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज (सात गेंदों में 11 रन) और इब्राहिम जादरान (0) पवेलियन लौट गए।

इसके बाद ऑलराउंडर गुलबदीन नायब और अजमतुल्लाह उमरजई ने 7.3 ओवर में टीम का स्कोर 50 रन के पार पहुंचाया।

## टी20 विश्व कप 2024: अपने आखिरी ग्रुप-स्टेज मैच के लिए

# फ्लोरिडा पहुंची भारतीय टीम

**एजेंसी। फ्लोरिडा**

न्यूयॉर्क में चल रहे टी20 विश्व कप 2024 के तीन मैच जीतने के बाद, टीम इंडिया कनाडा के खिलाफ अपने आखिरी ग्रुप-स्टेज मैच के लिए फ्लोरिडा पहुंच गई है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के आधिकारिक मीडिया हैंडल पर शुक्रवार को साझा किए गए एक वीडियो में, मोहम्मद सिराज और युजवेंद्र चहल को फ्लाइट में यात्रा करते समय बातचीत करते देखा जा सकता है। बीसीसीआई ने क्लिप शेयर करते हुए एक्स पर लिखा, टीम इंडिया टी20 विश्वकप के अपने आखिरी ग्रुप-स्टेज मैच के लिए फ्लोरिडा पहुंच गई है।

फिलहाल, भारत टूर्नामेंट में अपने तीनों प्रतिद्वंद्वियों को हराकर ग्रुप ए की अंक तालिका में शीर्ष पर है। बुधवार को यूएसए को सात विकेट से हराने के बाद वे ग्रुप ए के अपने अंतिम मुकाबले में कनाडा से भिड़ेंगे। भारत ने अब तक तीन मैचों में तीन जीत के साथ टूर्नामेंट के सुपर आठ चरण में प्रवेश कर लिया है।

यूएसए के खिलाफ मैच में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। यूएसए ने अपने 20 ओवरों में 8 विकेट पर 110 रन का संघर्षपूर्ण स्कोर बनाया, जिसमें नीतीश कुमार (23 गेंदों में 27 रन, दो चौके और एक छक्का) और स्टीवन टेलर (30 गेंदों में 24 रन, दो छक्कों) ने महत्वपूर्ण पारियां खेलीं।

भारत की तरफ से अर्शदीप ने 4, हार्दिक पांड्या ने 2 और अक्षर पटेल ने एक विकेट लिया। 111 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने कप्तान रोहित शर्मा (03) और विराट कोहली (00) को जल्दी खो दिया। 39 के कुल स्कोर पर ऋषभ पंत (20 गेंदों में 18 रन, एक चौका और एक छक्का) को अली खान ने बोल्ड कर भारत को मुश्किल में डाल दिया। इसके बाद सूर्यकुमार यादव (49 गेंदों में 50 रन, दो चौके और दो छक्के) और शिवम दुबे (35 गेंदों में 31* रन, एक चौका और एक छक्का) ने चौथे विकेट के लिए 72 रन की नाबाद साझेदारी कर भारत को 7 विकेट से जीत दिला दी। यूएसए के लिए सौरभ नेत्रवलकर ने 2 और अली खान ने 1 विकेट लिया। अर्शदीप ने अपने स्पेल के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार जीता।



### खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन का क्रेडिट घरेलू और फ्रेंचाइजी क्रिकेट को: राशिद

**टरूबा (त्रिनिदाद)।** अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने अपने खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन का क्रेडिट घरेलू और फ्रेंचाइजी क्रिकेट के अनुभव को दिया है। अफगानिस्तान ने ग्रुप चरण में लगातार तीन जीत दर्ज की और सह-मेजबान वेस्टइंडीज के बाद ग्रुप सी से टूर्नामेंट के अगले दौर में पहुंचने वाली दूसरी टीम बन गई। उन्होंने पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ सात विकेट से जीत दर्ज करने के बाद अपने खिलाड़ियों की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि उनके पास अलग-अलग परिस्थितियों में ढलने का कौशल है।अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और पीएनजी को 19.5 ओवर में 95 रन पर ढेर कर दिया। तेज गेंदबाज फजल हक फारूकी ने तीन विकेट लिए, जबकि नवीन-उल-हक ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए गुलबदीन ने नाबाद 49 रन बनाए और 29 गेंदें शेष रहते अपनी टीम को जीत दिलाई। राशिद ने मैच के बाद कहा, रसलामी बल्लेबाजों ने पिछले दो मैचों में हमें अच्छी शुरूआत दी है।

# ओलंपिक में हिस्सा नहीं लेंगे मेसी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अर्जेंटीना के फीफा विश्व कप विजेता कप्तान और दिग्गज स्ट्राइकर लियोनेल मेसी ने पुष्टि की कि वह पेरिस 2024 ओलंपिक में भाग नहीं लेंगे।

पेरिस ओलंपिक 26 जुलाई से शुरू होगा और 11 अगस्त तक चलेगा। प्रतियोगिता कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के समापन के बाद शुरू होगी, जो 20 जून से 14 जुलाई तक चलेगा। अर्जेंटीना के अंडर-23 कोच जेवियर माशेरानो ने दिग्गज फुटबॉलर को ओलंपिक में शामिल करने की उम्मीद जताई थी, लेकिन अब मेसी ने इससे इनकार कर दिया है।

ओलंपिक में भाग लेने का मतलब अपने क्लब इंटर मियामी से दूर रहना भी होगा और यह मेसी द्वारा लिए गए निर्णय के कारकों में से एक था।

मेसी ने ईएसपीएन से बातचीत में कहा, मैंने मास्चेरानो से बात की और सच्चाई यह है कि हम दोनों ही स्थिति को समझते हैं। मुझे सावधानी से चुनना होगा, और लगातार दो टूर्नामेंट खेलना बहुत ज्यादा होगा। मैं ओलंपिक में खेलने और माशे के साथ मिलकर इसे जीतने के लिए बहुत भाग्यशाली रहा हूँ। यह फुटबॉल के स्तर पर एक शानदार अनुभव था। यह जोड़ी अर्जेंटीना की उस टीम का हिस्सा थी जिसने 2008 में बीजिंग ओलंपिक में नाइजीरिया को फाइनल में 1-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता था।

इस बात से निराश होने के बावजूद कि उन्हें ओलंपिक में खेलने और अपने पदकों में इजाफा करने का एक और मौका नहीं मिलेगा, मेसी को उम्मीद है



कि अन्य खिलाड़ी पेरिस में अपने अनुभव का आनंद लेंगे।

उन्होंने कहा, इतनी किस्मत होना शानदार है कि मुझे यह सब करने का मौका मिला। मुझे उम्मीद है कि जो लोग वहाँ जाएँगे, वे भी उसी तरह इसका आनंद लेंगे जैसे मैंने लिया क्योंकि यह विशेष था।

### इंग्लैंड ने बेहतर किया अपना नेट रन रेट

**एंटीगुआ।** इंग्लैंड ने गुरुवार देर रात सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में ओमान पर 8 विकेट से जीत दर्ज कर-के टी20 विश्व कप में शानदार वापसी की इंग्लैंड ने ओमान को 47 रन पर ढेर कर दिया और 3.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। इस जीत से इंग्लैंड ने ग्रुप बी में अपना नेट रन रेट (एनआरआर) बेहतर कर लिया। इंग्लैंड के तेज गेंदबाजी आक्रमण ने ओमान के बल्लेबाजी क्रम को तहस-नहस कर दिया, मार्क वुड और जोफ्रा आर्चर ने तीन-तीन विकेट लिए, जिससे ओमान की टीम 13.2 ओवर में केवल 47 रन पर सिमट गई।

## मनीषा कल्याण की युवाओं को सलाह

# कड़ी मेहनत के अलावा कोई विकल्प नहीं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय महिला फुटबॉल टीम की स्टार मनीषा कल्याण जब भी फुटबॉल के मैदान पर अपने देश या क्लब का प्रतिनिधित्व नहीं कर रही होती हैं, तो उस समय उनका ध्यान युवा लड़कियों को फुटबॉल खेलने के लिए प्रोत्साहित करने पर होता है। मनीषा ने युवा महिला फुटबॉलरों को कुछ सलाह दी। उन्होंने एआईएफएफ वेबसाइट के हवाले से कहा, अगर कोई मुझे खेलते हुए देख रहा है और खेल को जुनून के साथ फॉलो कर रहा है, तो मेरी सलाह है कि वे मेहनत करें। उन्हें एक बात याद रखनी चाहिए कि निरंतरता ही सफलता की कुंजी है। इसके लिए आपको कड़ी मेहनत करने की जरूरत है, अन्य कोई विकल्प नहीं है। विंगर ने यूनाइटेड नेशंस इंडिया, किंगडम ऑफ बेल्जियम और किंगडम ऑफ नीदरलैंड के एंबेसी और ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन के साथ मिलकर स्लम सॉकर और सेक्विन इंडिया की युवा महिला फुटबॉलरों को एक फ्रेंडली मैच के जरिए एक साथ मैदान पर उतारा, ताकि फुटबॉल में महिलाओं के लिए जागरूकता बढ़ाई जा सके।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 22 जुलाई को कर सकती हैं बजट पेश

**एजेंसी। नई दिल्ली**

संसद का मानसून सत्र 22 जुलाई से शुरू हो सकता है। इसके 9 अगस्त तक चलने की संभावना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) 3.0 सरकार का पहला वित्त वर्ष 2024-25 का पूर्ण बजट 22 जुलाई को लोकसभा में वित्त मंत्री निमर्ला सीतारमण पेश कर सकती हैं।

सीतारमण इस बार संसद में लगातार सातवां बजट और लगातार छठा पूर्ण बजट पेश करेंगी। इसके साथ ही वो पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई का लगातार छह बार बजट पेश करने का रिकॉर्ड तोड़ देंगी। उल्लेखनीय है कि वित्त मंत्री निमर्ला सीतारमण ने एक फरवरी, 2024 को लोकसभा में चालू वित्त वर्ष 2024-25 का अंतरिम बजट पेश किया था।



### एलआईसी के अध्यक्ष ने वित्त मंत्री से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के अध्यक्ष सिद्धार्थ मोहंती ने शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित नॉर्थ ब्लॉक में केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों के मंत्री निमर्ला सीतारमण से मुलाकात की।

### आशीष चौहान ने वित्त मंत्री से मुलाकात की

**नई दिल्ली।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आशीष चौहान ने शुक्रवार को केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निमर्ला सीतारमण से मुलाकात की।

### मई में थोक महंगाई बढ़कर सवा साल के उच्चतम स्तर पर

**नई दिल्ली।** सब्जियों, दालों तथा खाने-पीने की दूसरी चीजों की थोक कीमतों में बेतहाशा वृद्धि से मई में थोक मूल्य आधारित मुद्रास्फीति की दर बढ़कर 2.61 प्रतिशत पर पहुंच गई जो सवा साल का उच्चतम स्तर है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, मई में खाद्य पदार्थों की थोक महंगाई दर 7.4 प्रतिशत रही। पिछले साल मई की तुलना में इस साल मई में आलू के दाम 64.05 प्रतिशत, प्याज के 58.05 प्रतिशत और सब्जियों के 32.42 प्रतिशत बढ़े। दालें 21.95 प्रतिशत, अनाज 9.01 प्रतिशत और फल 5.81 प्रतिशत महंगे हुए। दूध के दाम भी 3.61 फीसदी बढ़े। इससे पहले अप्रैल में थोक महंगाई 1.26 प्रतिशत रही थी। वहीं, थोक महंगाई का मई का स्तर फरवरी 2023 (3.85 प्रतिशत) के बाद सबसे ज्यादा है।

# बोलेग्स से पीड़ित हिमाचल की रहने वाली 9 वर्षीय आयशा का एआई तकनीक से हुआ सफल इलाज

**एजेंसी। नई दिल्ली**

एक उल्लेखनीय चिकित्सा उपलब्धि हासिल करते हुए सर गंगा राम अस्पताल के डॉक्टरों ने एक लड़की के टेढ़े पैरों को एक नवीन एआई-सहायता प्राप्त तकनीक से सीधा कर दिया।

हिमाचल प्रदेश की रहने वाली 9 वर्षीय आयशा जन्म से ही बोलेग्स की समस्या से पीड़ित थी। जिसे मेडिकल की भाषा में टेढ़े पैर भी कहा जाता है।

बोलेग्स की स्थिति में मरीज के पैर तब भी झुके हुए (बाहर की ओर मुड़े हुए) दिखाई देते हैं, जब टखने एक साथ होते हैं। आयशा के मामले में उसके दोनों पैर और जांघ बाहर की ओर मुड़े हुए थे।

अपने स्कूल के दिनों में बोलेग्स की समस्या से पीड़ित आयशा हीनता की भावनाओं से जूझने लगी थी। वह अपनी इस समस्या के कारण समाज के कट गई थी।

सर गंगा राम अस्पताल के डॉक्टरों ने उसे इस समस्या से बाहर निकालने के लिए लियोजारोव फिक्सेटर और सिक्स-एक्सिस करेक्शन सॉफ्टवेयर का सहारा लिया।

सर गंगा राम अस्पताल के सीनियर डिफॉर्मिटी करेक्शन सर्जन मनीष धवन ने कहा, यह एक हेक्सापोड है जिसके छह पैर हैं और यह किसी भी दिशा में घूम सकता है।

डॉक्टर ने कहा, इन उपकरणों ने संभवतः उसके पैरों की विकृति को प्रभावी ढंग से ठीक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और उसकी ऊंचाई 2 इंच बढ़ाने में भी मदद की। इलिजारोव ऐसी तकनीक है जिसमें हड्डियों के पुनर्निर्माण, आकार बदलने या लम्बाई बढ़ाने के लिए एक आर्थोपेडिक बाहरी फिक्सेटर को अंग पर लगाया जाता है।

हेक्सापॉड सर्कुलर फिक्सेटर में दो रिंग होते हैं जो छह तिरछे उन्मुख स्ट्रट्स से जुड़े होते हैं। इन फिक्सेटर को फिर कंप्यूटर सॉफ्टवेयर के साथ जोड़ा जाता है जिसे सर्जन वांछित सुधार गति और दिशा को नियंत्रित करने के लिए बदल सकता है।

डॉक्टर ने कहा, "यह कोई साधारण फ्रेम नहीं है, बल्कि यह सॉफ्टवेयर-आधारित एक बीमारी दूर करने की इकाई है।



- आयशा जन्म से ही बोलेग्स की समस्या से पीड़ित थी।
- बोलेग्स की स्थिति में मरीज के पैर बाहर की ओर मुड़े हुए दिखाई देते हैं
- उपकरणों से संभवत: पैरों की विकृति को प्रभावी ढंग से ठीक करने में भूमिका निभाई

# भारत में आने वाले समय में बढ़ेगा वैश्विक फंड का निवेश : विश्लेषक

**एजेंसी। मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार में पिछले कुछ महीनों में जबरदस्त तेजी देखने को मिली है और वैश्विक फंड्स भी यहां निवेश कर रहे हैं, जो कि आने वाले समय में बढ़ने वाला है। ये बातें विश्लेषकों की ओर से कही गई।



नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के बेंचमार्क निफ्टी ने पिछले एक महीने में 6 प्रतिशत, छह महीने में 11.84 प्रतिशत, इस साल की शुरुआत से 7.65 प्रतिशत और बीते एक वर्ष में 25 प्रतिशत का रिटर्न दिया है।

मॉर्गन स्टेनली के एशिया और उभरते हुए बाजारों के मुख्य इक्विटी स्ट्रैटेजिस्ट जोनाथन गार्नर ने कहा कि जब चीन का बाजार तेजी से बढ़ रहा था, तब ग्लोबल फंड्स की ओर से दो या तीन चीनी ई-कॉमर्स इंटरनेट कंपनियों को पोटफोलियो में रखा जाता था। गार्नर ने मीडिया रिपोर्ट में बताया कि आज के समय में ग्लोबल फंड्स करीब दो से तीन भारतीय मेगा कैप कंपनियों को अपने पोटफोलियो में होल्ड कर रहे हैं।

# सराफा बाजार की तेजी पर ब्रेक

## सोना और चांदी की घटी कीमत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लगातार तीन दिन की तेजी के बाद आज घरेलू सर्राफा बाजार में गिरावट नजर आ रही है। सोने के भाव में आज 100 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की गिरावट दर्ज की गई है। इसी तरह चांदी भी आज 800 रुपये प्रति किलोग्राम तक सस्ता हुआ है। आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 72,650 रुपये से लेकर 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 66,590 रुपये से लेकर 66,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोने की तरह ही चांदी में आई गिरावट के कारण आज ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 90,600 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है।

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 72,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 66,240 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 72,650 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 66,590 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।



## शेयर बाजार में बना रहा तेजी का ट्रेंड

# 23,465 पर बंद हुआ निफ्टी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय शेयर बाजार के मुख्य सूचकांकों में शुक्रवार को कारोबार एक सीमित दायरे में हुआ। दिन के दौरान निफ्टी ने 23,490 का नया ऑल टाइम हाई बनाया। सेंसेक्स 181 अंक या 0.24 प्रतिशत बढ़कर 76,992 पर और निफ्टी 66 अंक या 0.29 प्रतिशत बढ़कर 23,465 पर बंद हुआ। बैंक निफ्टी ने भी शुक्रवार को एक सीमित दायरे में कारोबार किया और यह 155 अंक या 0.31 प्रतिशत बढ़कर 50,002 पर बंद हुआ। सेक्टर के हिसाब से देखें तो ऑटो इंडेक्स 1.20 प्रतिशत की तेजी के साथ टॉप गेनर था। पीएसयू बैंक, फिन सर्विस, मेटल और इन्फ्रा करीब आधा प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुए हैं। केवल आईटी इंडेक्स ही 0.9 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स पैक में एमएंडएम, टाइटन, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, टाटा मोटर्स, एशियन पेंट्स, सनफार्मा और टाटा स्टील टॉप गेनर्स थे।



# रोजगार सृजन महत्वाकांक्षी योजना लापरवाही बर्दाश्त नहीं : मंत्री दीपक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य के अनसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और पिछड़ा कल्याण वर्ग के मंत्री दीपक विरूआ ने अपने आवासीय कार्यालय में विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक जिसमें मंत्री दीपक विरूआ ने कहा कि मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं हो। निगम स्तर लंबित आवेदनों का निष्पादन एक सप्ताह के अंदर करें। साथ ही, जिला स्तर पर आवेदनों की अनुशंसा की गति को तेज करें। इसमें आ रही सभी बाधाओं को दूर कर युवाओं के स्वरोजगार के मार्ग को प्रशस्त करें। बैठक में आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा भी मौजूद थे। मंत्री ने कहा इसकी सतत निगरानी होनी चाहिए, ताकि स्वरोजगार की बढ़ रहे युवाओं को लाभ दिया जा सके।



### वाद्य यंत्रों की क्रय प्रक्रिया जल्द शुरू करें

मंत्री ने कहा धुमकुड़िया केंद्रों में जिला स्तर पर जिन वाद्य यंत्रों का वितरण किया जाना है, उसकी स्थिति क्या है। इसपर आदिवासी कल्याण आयुक्त ने बताया कि वितरण जिला स्तर पर होगा। वाद्य यंत्रों को क्रय करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। मंत्री ने उन्हें जल्द से जल्द से प्रक्रियाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया है।

### तय समय पर मिलें छात्रों को साइकिल

मंत्री ने कहा कि स्कूली बच्चों को साइकिल वितरण योजना से आच्छादित करें। तय समय पर बच्चों को साइकिल मिलना चाहिए। वर्ष 2023-24 में जो साइकिल वितरण किया जाना है वह तय समय के अन्दर होना सुनिश्चित करें। मंत्री ने कहा बच्चों को छात्रवृत्ति ससमय उपलब्ध कराने में कोई कोताही नहीं होनी चाहिए, अड़चनों को दूर कर छात्र हित में कार्य करना है।

# झामुमो ने नीट प्रकरण की सीबीआई और ईडी जांच की मांग की

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने नीट प्रकरण का मामला उठाया है। उन्होंने सीबीआई के साथ ही ईडी जांच की मांग की है। साथ ही कहा कि देश में लोकसभा का परिणाम निकला और नीट का रिजल्ट भी निकला। फिर अचानक मालूम चला कि रांची के एक परीक्षार्थी को 720 में 720 नंबर मिला। हमारे लिए यह गर्व का विषय था लेकिन कुछ ही देर बाद 720 और 719 का जो फिगर सामने आया तो पूरा देश दंग रह गया। भट्टाचार्य शुक्रवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कुछ लोग चुनाव के आपा धापी में भूल गये थे कि उस वक्त बिहार में, गुजरात, राजस्थान में तीन भाजपा शासित राज्य में इन तीनों जगह पर पुलिस ने नीट के पेपर लीक प्रकरण में कई लोगों को गिरफ्तार किया। ये बातें उस समय चुनावी शोर में दब गई थी लेकिन पूरा एक कुचक्र जो मेधावी छात्रों का भविष्य का बेड़ा पार कर रहा था उस पर किसी का ध्यान नहीं था। भट्टाचार्य ने कहा कि जब आपके पास इंफ्रास्टक्टर नहीं है तो आप क्यों लेते हैं इतने बच्चों का इग्जाम। केंद्र के शासन में 41 बार पेपरलीक हुआ। इसमें 17 बार यूपी में हुआ। एमपी में हुआ। गुजरात में हुआ। उत्तराखंड में हुआ। 41 बार पेपर लीक। ये साधारण बात नहीं है। लाखों बच्चों के साथ ये भद्दा मजाक है। उन्होंने कहा कि मैं अविलंब अपनी पार्टी की ओर से इस संपूर्ण घटनाक्रम को प्रभावमुक्त सीबीआई जांच की मांग करता हूं।



# सीआरपीएफ जवान का 17 महीने बाद भी पता नहीं, राजभवन के समक्ष धरने पर बैठी पत्नी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सीआरपीएफ 197 बटालियन का जवान बादल मुर्मू (35) पिछले 17 महीने से लापता है। इसकी शिकायत विभाग से भी की गई है। इसके बाद भी उसके बारे में कोई सूचना नहीं मिलने से नाराज पत्नी झानो मुर्मू राजभवन के समक्ष शुक्रवार को अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गई। उसने कहा कि जबतक पति सकुशल नहीं मिल जाते, तब तक धरना पर बैठी रहेंगी। झानो मुर्मू ने कहा कि उसके पति बादल मुर्मु झारखंड के मूल निवासी हैं।

## उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गढ़वा (जिला आपूर्ति शाखा)

### प्रेस–विज्ञप्ति

विभागीय निदेशानुसार प्रत्येक माह के 15वीं एवं 16वीं तथा 25वीं एवं 26वीं तारीख (अवकाश एवं बंदी की स्थिति में अगले कार्य दिवस) को चावल दिवस के रूप में मनाये जाने के क्रम में गढ़वा जिला अंतर्गत संचालित सभी जन वितरण प्रणाली दूकानों को खुला रखकर लाभुकों के बीच खाद्यान्न का वितरण किया जाना है। इस क्रम में माह जून–2023 के प्रथम पक्ष में दिनांक–16.10.2023 को एवं दिनांक–17.06.2024 को अवकाश होने के कारण चावल दिवस दिनांक–15.06.2024 एवं 18.06.2024 को मनाया जायेगा।

उल्लेखनीय है कि चावल दिवस का सफलतापूर्वक आयोजन के निमित जिला स्तर से आदेश निर्गत कर प्रत्येक पंचायत में निरीक्षण हेतु पूर्व में पर्यवेक्षक की प्रतिनियुक्ति की गई है। साथ ही सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को इसके सफल संचालन हेतु स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं JSLPS के कर्मियों की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु निदेशित किया गया है। गढ़वा जिला के सभी राशन कार्डधारियों से अपील की जाती है कि वे चावल दिवस के अवसर पर अपने–अपने जन वितरण प्रणाली के दूकानों पर अवश्य जायें एवं सरकार के इस महत्वकांक्षी योजना का लाभ उठावें।

इसी प्रकार चावल दिवस के अवसर पर जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के द्वारा अपने व्यापार स्थल पर ही निम्नांकित कार्य भी किये जायेंगे :–

01. छुटे हुए सदस्यों के ई पॉस मशीन में आधार संख्या की प्रविष्टि कराना।
02. मृत/स्थाई रूप से पलायन व्यक्तियों का सत्यापन कर सूची तैयार करना।
03. अयोग्य लाभुकों की सूची तैयार करना।
04. लाभुकों को ससमय खाद्यान्न प्राप्त करने हेतु सूचना उपलब्ध कराना, ताकि खाद्यान्न वितरण प्रतिशत में वृद्धि हो सके।
05. धोती, साड़ी एवं लुंगी का वितरण।

प्रतिनियुक्त सभी कर्मी अपने–अपने आवंटित पंचायत अंतर्गत सभी जन वितरण प्रणाली के दूकानों का निरीक्षण करते हुए चावल दिवस आयोजन का फोटो संबंधी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को उपलब्ध कराएंगे। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी उक्त फोटो को जिला स्तरीय District Supply Group में भेजना सुनिश्चित करेंगे। यदि निरीक्षण के दौरान लाभुकों से कोई शिकायत प्राप्त होती है, तो उसे अनुमंडल स्तरीय नियंत्रण कक्ष के निम्नांकित दूरभाश सं0–गढ़वा अनुमंडल–8271034431, श्री बंशीधर नगर अनुमंडल–9262292004, रंका अनुमंडल–9431785282 एवं जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष का दूरभाश सं0–9835596270 पर दर्ज कराएंगे।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी,
गढ़वा।

PR.NO.326464 Food Public Distribution and Consumer Affairs(24-25):D

# बिजली संकट को ले भाजयुमो ने सीएम का पुतला फूंका

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बिजली और पानी के सप्लाई के लचर व्यवस्था के विरोध में आज भारतीय जानता युवा मोर्चा, राँची महानगर ने हरमू चौक पर मुख्यमंत्री चंपई सोरेन का पुतला फूंक कर अपना रोष प्रकट किया। युवा मोर्चा कार्यकताओं का कहना था कि बिजली की आपूर्ति में लापरवाही की वजह से आम जन जीवन अस्त व्यस्त है। यदि राज्य सरकार मूलभूत सुविधाएँ भी नागरिकों को प्रदान नहीं कर सकती तो उन्हें सरकार में बने रहने का कोई हक नहीं है । मौके पर उपस्थित कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे भारतीय जानता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने कहा सरकार को चेतावनी दी है कि यदि सात दिनों के भीतर बिजली व्यवस्था सुचारू रूप से नहीं बहाल होती है तो सात दिन के बाद भारतीय जानता युवा मोर्चा को मजबूरन बिजली विभाग के दफ़्तरों की तालाबंदी करनी होगी। इस मौके पर भारतीय जानता पार्टी के पूर्व ज़िलाध्यक्ष केके गुप्ता, युवा मोर्चा रांची महानगर के महामंत्री सचिन पीयूष , मीडिया प्रभारी अक्षय पल्लव और इनके साथ कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे, इनमें राहुल सिन्हा चंकी, साहित्य पवन शुभम जयसवाल आशीष अग्रवाल उज्जवल मिश्रा सचिन साहू मनोज तिर्की सुमित साहू धर्मेन्द्र शुक्ला वरुण कुमार रूपक मिश्रा अमन जयसवाल भूपेन्द्र जी प्रमुख रूप से दिखे।



# राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग में 18 मामलों की हुई सुनवाई

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा ने शुक्रवार को स्टेशन रोड स्थित होटल बीएनआर चाणक्य में कुल 18 मामलों की सुनवाई की। सुनवाई के दौरान 06 मामले निष्पादित भी किए गए। इनमें से कुछ मामले सीसीएल, ईसीएल में आश्रितों की नौकरी, एमएसीपी लाभ आदि से संबंधित थे, जबकि शेष मामले जिला वन प्रमंडल में कार्यरत कर्मियों के साथ संबंधित अधिकारियों द्वारा किए गए दुर्व्यवहार व प्रताड़ना से संबंधित मामले थे। दो मामले झारखंड पुलिस विभाग में एसटी वर्ग के कर्मचारियों को प्रोन्नति नहीं दिए जाने से संबंधित थे। एक मामला झारखंड लोक सेवा आयोग से संबंधित था, जिसमें एसटी वर्ग के अभ्यर्थी को लिखित व इंटरव्यू क्वालीफाई करने के बावजूद नियुक्ति पत्र प्रदान नहीं किया गया था। सुनवाई के दौरान पीड़ितों ने खुलकर आयोग की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा व अधिकारियों के समक्ष अपनी पीड़ा व्यक्त की। बचाव में संबंधित विभागों से आए अधिकारियों ने भी अपनी-अपनी दलील दी। संबंधित विभागीय अधिकारियों की दलील से संतुष्ट नहीं होने पर आयोग की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा ने उन्हें न सिर्फ फटकार लगाई, बल्कि जल्द से जल्द संबंधित मामलों पर उचित निर्णय लेकर आयोग को सूचित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही आयोग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन मामलों में संबंधित विभाग के उच्च अधिकारी नोटिस दिए जाने के बाद भी आयोग के समक्ष उपस्थित नहीं हुए, उन्हें समन जारी कर नई दिल्ली स्थित आयोग के कार्यालय में हाजिर होने का आदेश दें। अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग के साथ अन्याय व दुर्व्यवहार करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। पीड़ितों को हर हाल में न्याय व उनका अधिकार दिलाने का काम किया जाएगा।




# पूरी मजबूती के साथ अधिक से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ेगा राजद : संजय

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रदेश राजद कार्यालय में राजद के वरिष्ठ नेताओं का एक महत्वपूर्ण बैठक गोड्डा के पूर्व विधायक सह प्रधान महासचिव संजय प्र यादव के नेतृत्व में संपन्न हुई ।बैठक के दौरान पार्टी संगठन के कार्यप्रणाली एवं आगामी कार्यक्रम व रणनीति पर विशेष रूप से चर्चा हुई। बैठक के दौरान संजय प्र यादव ने राजद नेताओं से कहा कि राज्य में राजद का कद पूर्व की भांति वर्तमान समय में काफी मजबूत हुआ है। आगामी विधानसभा चुनाव में राज्य के 24 जिलों के सभी विधानसभा में कार्यक्रम करने एवं चुनावी माहौल में जाने की जरूरत है। सभी लोग सामान्य सीट के अलावा अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति वाले आरक्षित सीटों पर अपनी नजर बनाकर बूथ स्तरीय कार्यक्रम जरूर करें। संजय प्र यादव ने कहा कि इस बार आगामी विधानसभा चुनाव में राजद की भूमिका काफी महत्वपूर्ण होगी। राजद नेताओं और कार्यकताओं को अधिक से अधिक सीटें जितना एकमात्र लक्ष्य है । क्योंकि अनेकों विधानसभा में राजद का न्यूनतम 40 हजार से अधिक एवं तकरीबन 3 दर्जन से अधिक सीटों पर एक लाख से अधिक वोट बैंक हमारा है । इसलिए पिछली बार के अपेक्षा हम काफी मजबूती से चुनाव लड़ेंगे । इस दौरान बैठक में प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने कहा कि राजद हमेशा



# आजसू के कई महिला नेत्री झामुमो में शामिल



**रांची।** झामुमो केंद्रीय कार्यालय में पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय के समक्ष पूर्वी सिंहभूम के जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी की उपस्थिति में जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बोड़ाम प्रखंड के आजसू प्रखंड अध्यक्ष मानिक चंद्र महतो, बोड़ाम जिला परिषद सदस्य सह आजसू पार्टी की महिला मोर्चा की केन्द्रीय सचिव गीतांजलि महतो, झारखंड, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल के प्रभारी संजय कु भगत, कर्मा महतो एवं राम दास सोरेन के साथ अन्य महिला नेत्री और युवाओं ने पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन के मार्गदर्शन तथा पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन के नेतृत्व पर आस्था व्यक्त करते हुए झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने सभी को पार्टी का पट्टा पहनाकर पार्टी में स्वागत किया एवं संगठन को मजबूत करने हेतु पार्टी के नीति सिद्धांतो से अवगत कराते हुए मार्गदर्शन किया।

## पृष्ठ एक के शेष

**चतरा में आधुनिक हथियार के...**

का गठन किया गया। जिसमें अवधेश सिंह प्रतापपुर अंचल, थाना प्रभारी कुंदा सनोज चौधरी एवं थाना प्रभारी लावालौंग को शामिल किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सिकिदाग के पश्चिम मेरूहनिया टांड नारीदरी नदी के पास छापेमारी की। इस दौरान भागने के क्रम में हथियारबंद तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया। शेष अन्य उग्रवादी जंगल-पहाड़ का लाभ उठाकर भाग निकले। पकड़े गए उग्रवादी इरफान गंझू के पास से एक लोडेड इंसास राईफल, दो मैगजीन व 5.56 एमएम का 161 राउंड गोली जब्त किया गया। वहीं महेन्द्र गंझू उर्फ पाल्टा के पास से एक लोडेड एसएलआर, मैगजीन व 7.62 एमएम का 164 राउंड गोली व छोटू भुईयां के पास से एक मैगजीन तथा एके 47 का 30 राउंड गोली बरामद किया गया। इस संबंध में कुंदा थाना कांड संख्या 29/24 अंकित कर सभी उग्रवादियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

**किसानों के 2 लाख रुपये तक के...**

ऋणी, जिनकी मौत हो चुकी है तथा जिनके खाते एनपीए हो गये हैं, वैसे किसानों के लिए सक्षम साक्ष्य प्रस्तुत करने के उपरांत उन्हें भी बिना केवाईसी के लाभुकों की श्रेणी में शामिल किया जायेगा। बैठक में मुख्य रूप से विकास आयुक्त अविनाश कुमार, योजना एवं विकास विभाग के प्रधान सचिव मस्तराम मीणा, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दिकी सहित राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति के पदाधिकारी उपस्थित थे।

**बेटियों के पलायन और बच्चों के...**

में मोदी की गारंटी मतलब विकास की गारंटी है, भ्रष्टाचार मुक्त और सुशासन युक्त सरकार है। राज्य सरकार पर निशाना साधते कहा कि इंडी गठबंधन के नेताओं ने लोकसभा चुनाव के दौरान जनता को झूठे के वादों में फंसाया। जनता को भ्रमित किया, वोट के लिए जनता के समक्ष दुष्प्रचार और अफवाहें फैलायी, लोगों के बीच गारंटी कार्ड बांटा।

**राष्ट्र निर्माण में भारतीय सेना...**

रक्षा राज्य मंत्री ने सैनिकों से बातचीत की और भारतीय सेना के समर्पण और प्रतिबद्धता के लिए उनकी प्रशंसा की। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में भारतीय सेना के योगदान की सराहना की। उन्होंने भारतीय सेना के भीतर तत्परता, अनुशासन और उच्च मनोबल बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया।

**कुवैत अग्नि त्रासदी में...**

अस्पताल में भर्ती हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश पर विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह समन्वय के लिए कुवैत गए थे। उन्होंने वहां प्रशासनिक अधिकारियों से मुलाकात के अलावा पांच अस्पतालों का दौरा भी किया, जहां 33 भारतीय उपचाराधीन हैं। मंत्री ने उन्हें हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। मालूम हो कि इस अग्निकांड में रांची के अली हुसैन की भी मौत हो गई थी।

## JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED
**CIN: U40108JH2013SGC001704**
Regd.Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi -834002,JH
Phone: 0651-2400804/ Website: www.jusnl.in
OFFICE OF THE
GENERAL MANAGER TRANSMISSION ZONE – IV, MEDININAGAR (Daltonganj)
Address-Sudna, Daltonganj, Email: gmtzdal@gmail.com

### e-Tender Notice (2nd Call)

e-Tender in two parts i.e. Technical Part (Part–I) and Price Part (Part-II) is invited from reputed, capable, experienced and financially sound firm/agency/contractors for the following work:-

| Sl. No. | e-N.I.T. No. | Name of works | Completion Period | e-tender fee (Rs.) (non-refundable) including GST@18% | E. M. Deposit (Rs.) | Estimated Cost (in Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 50/PR/ JUSNL/ 2024-25 | Renovation of D-Type Quarter (Two Block) at 132/33 kV GSS, Latehar | 05 Months | 5900/- | 43,000.00 | 21,26,300.00 |

| | |
|---|---|
| Availability of Tender Documents on e-Tender website | 19.06.2024 at 01.00 PM |
| Start Date & Time of upload of BID | 19.06.2024 at 01.00 PM |
| End date and time of upload of BID | 09.07.2024 at 05.00 PM |
| Last date of submission of hard copy of bid, tender cost and EMD receipt in the office of General Manager, Transmission Zone-IV, Medininagar (Daltonganj) | 10.07.2024 at 05.00 PM |
| BID Opening date for Technical Part (Part-I) | 11.07.2024 at 12.30 PM |
| BID Opening date for Price Part (Part-II) | Will be communicated later on |
| Tender Inviting Authority and address for communication | General Manager, Transmission Zone-IV, Medininagar, Bypass Road, Sudna, Near Sinchai Vibhag, Medininagar – 822101, Jharkhand |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website http://jharkhandtenders.gov.in. Any details / clarification required in this regard can also be obtained from the office of the undersigned during office hours. Please contact 9835768602 for any enquiry.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. Bidder shall deposit tender fee & EMD as mentioned above through online mode as per rules of e-tendering portal.
4. If there is sudden announcement of holiday by Govt. or Nigam on the date of opening of tender/ last date of submission of hard copy of bid then the next working day will be considered.
5. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-IV, Medininagar

PR 326518 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(24-25)#D

## कार्यालय, अनुमण्डल कृषि पदाधिकारी–सह–प्रभारी जिला उद्यान पदाधिकारी, चतरा
संयुक्त कृषि भवन, तपेज, चतरा पिन कोड–825401
e-mail : atmactr@rediffmail.com

### किसान भाइयों के लिए योजना संबंधी आवश्यक सूचना

वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024–25 में केन्द्र प्रायोजित इन्टीग्रेटेड डेवलपमेंट ऑफ हॉटीकल्चर (MIDH) राष्ट्रीय बागवानी मिशन के कार्यान्वयन हेतु चतरा जिलान्तर्गत निम्नवत् लक्ष्य प्राप्त है :–

**आम सूचना**

| क्र0 सं0 | कार्य अवयव | भौतिक |
|---|---|---|
| 1 | Strawberry (Int.Pacakage With Drip Irrigation& Mulching) | 5 |
| 2 | Stawberry- Without Integration | 1 |
| 3 | Banana (TC) (Int.Package With Drip Irrigation | 5 |
| 4 | Banana (TC) Without Integration | 1 |
| 5 | Papaya(Int.Package With Drip Irrigation | 5 |
| 6 | Papaya – Without Integration | 1 |
| 7 | Mango (10x10m) (Rs. 25,500/Ha) | 30 |
| 8 | Lime (4x4.5) (Rs. 54,980/Ha) | 8 |
| 9 | Sapota (Rs. 45400/Ha) | 5 |
| 10 | Guava (6mx6m) (Rs. 38340/Ha) | 10 |
| 11 | Pomegranate (5.0mx5.0m) | 5 |
| 12 | Aonla (Rs. 40008/Ha) | 2 |
| 13 | Bael (Rs. 48400/Ha) | 2 |
| 14 | Litchi (Rs. 28000/Ha) | 2 |
| 15 | Jack Fruit (10x10m) (Rs.25,500/Ha) | 1 |
| 16 | Vegetable Hybrid (Rs.50,000/Ha) | 60 |
| 17 | Cut Flowers- Small & Marginal Farmers (Rs. 1.00 Lakh/ Ha) | 15 |
| 18 | Bulbulous Flowers- Small& Marginal Farmers (Rs. 1.50 Lakh/ Ha) | 15 |
| 19 | Loose Flowers- Small&Marginal Farmers (Rs. 40,000/Ha) | 15 |
| 20 | Spices (Seed Spice And Rhizomatice Spices (Rs30,000/Ha) | 30 |
| 21 | Creation of Water Resoureas Community Tanks/on Farm Ponds/on farm water Respivnks with use of Plastic/ Rcc Lining | 0-516 |
| 22 | Creation of Water Resoureas Watar harvesting System fo Individuals for Storage of water | 5 |
| 23 | Green House N. V. S Tubular Structure | 1000 |
| 24 | Plastic Mulching | 150 |
| 25 | Shadenet (Tubular Structure) | 5000 |
| 26 | Anti Bird/ Anti Hail Nets | 20000 |
| 27 | Cost of Planting Material of High Value Vegetables Grown in Poly House/Shadenet House in | 2000 |
| 28 | Cost of Planting Material& Cultivation of Camation And Gerbera Under Poly House/ Shadenet House | 2000 |
| 29 | Cost of Planting Material& Cultivation of Rose And Lilum Under Poly House/ Shadenet House | 2000 |
| 30 | Organic Farming- Vermi Compost Units/ Organic Input Production- HDPE Vermibed | 30 |
| 31 | Pack House/ On Farme Collection & Storage Unit | 15 |
| 32 | PHM Eveporative/ Low energy Cool Chambe (8MT) | 2 |
| 33 | PHM Low Cost Onion Storage Structure (25MT) | 5 |
| 34 | Training of Farmer's- Within The State | 350 |
| 35 | Training of Farmer's- Outside The State | 50 |
| 36 | Exposure Vistit of Farmers- Outside The State | 50 |
| 37 | Marketing Infrastructure- Static Mobile Vending Cart/ Platform With Cool Chamber | 2 |

उपर्युक्त योजनाएँ अनुदान पर आधारित है। जिसका उल्लेख संबंधित कार्य अवयव में किया गया है। कृषक अंशदान की राशि योग्य एवं चयनित लाभुक को वहन करना होगा।

इन योजनाओं का लाभ लेने हेतु इच्छुक कृषक जिला उद्यान कार्यालय, चतरा या प्रखंड में अवस्थित एटिक सेन्टर (कृषि तकनीकी सूचना केन्द्र) से आवेदन प्राप्त कर विहित प्रपत्र में पूर्ण रूप से आवेदन पत्र भरकर एवं पंचायती राज संस्था के जनप्रतिनिधि से अनुशंसा कराकर प्रखंड में अवस्थित एटिक सेन्टर (कृषि तकनीकी सूचना केन्द्र) में दिनांक **02.07.2024** को सायं 5 बजे तक आवेदन पत्र जमा कर सकते है। BPM JSLPS/BTM/ATM निश्चित रूप से दिनांक **02.07.2024** तक प्राप्त आवेदकों को अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपलब्ध कराएगे। आवेदन पत्र में सभी आवश्यक कागजात यथा लाभुक का फोटोग्राफ, आधार कार्ड, शैक्षणिक प्रमाण पत्र बैंक पासबुक छाया प्रति, भू–स्वामित्व प्रमाण पत्र की छाया प्रति अथवा खतियान, शपथ पत्र, जमीन का अद्यतन रसीद, आवेदक के हिस्से में पड़ने वाले भूमि का कागजात के संबंध में मुखिया से प्राप्त वंशावली संलग्न होना आवश्यक है।

आवेदन पूर्ण रूप से भरा हुआ तथा वांछित कागजातों के साथ प्राप्त होने पर ही लाभुक चयन के लिए विचार किया जायेगा। अपूर्ण आवेदन **अस्वीकृत** किए जाएगें।

**अनुदान हेतु लाभुक चयन के लिए निम्नांकित न्यूनतम मापदण्ड आवश्यक होगा–**

1. आवेदन पत्र पूर्ण रूप से भरा हुआ एवं सभी कागजात के साथ हो।
2. आवेदन पत्र की प्रति पर मुखिया अथवा अन्य जनप्रतिनिधि तथा BAO/BTM/VLW/ATM/BPMJSLPS के द्वारा अनुशंसित किया होना आवश्यक है।
3. पिछले तीन वर्षो में जिन लाभुक का चयन नही किया गया है, केवल उनका चयन किया जाएगा।
4. पिछले तीन वर्षो में जिन ग्रामो का चयन नहीं किया गया है, उन ग्रामों के चयन में प्राथमिकता दी जाएगी।
5. आवेदक के पास पर्याप्त निजी भूमि हो तथा वे पूर्व कई वर्षो से सब्जी, फल, फूल आदि की खेती करते आये हो।
6. कृषक अंशदान राशि स्वयं व्यय करने हेतु इच्छुक हो।
7. योजना कर्यान्वयन में SC,ST लघु एवं सीमांत कृषक,कृषक समूह FPO/प्रगतिशील कृषकों/महिला स्वंय सहायता समूह/सिंचाई सुविधा युक्त कृषकों को प्राथमिकता दी जाएगी तथा लाभुकों के चयन में टोकन प्रणाली को अपनाते हुए पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। सभी योजनाओं में BLOCK CHAIN TECHNOLOGY के माध्यम से कृषकों को लाभ प्रदान किया जाएगा।
8. सब्जी, मिर्चा, ओल एवं फूल की खेती का क्रियान्वयन समूह खेती (Cluster farming) के द्वारा की जाएगी। सभी कार्य अवयवों के क्रियान्वयन कृषक समूह/महिला स्वयं सहायता समूह (JSLPS) के द्वारा किया जाएगा।
9. योजना का कार्यान्वयन में प्राथमिकता ग्रामीण विकास विभाग के अधीन JSLPS से प्राप्त कृषक समूह/महिला स्वयं सहायता समूह की सूची के आधार पर किया जाएगा। यदि JSLPS से लक्ष्य के अनुरूप स्वयं सहायता समूह की विवरणी उपलब्ध नहीं हो पाती है तो अन्य माध्यम से गठित कृषक समूह/महिला स्वयं सहायता समूह को आच्छादित किया जा सकेगा।
10. उपर वर्णित सभी योजनायें चतरा जिले का लक्ष्य है, जिसका प्रखंडवार लक्ष्य निर्धारित है।
11. सभी योजना पहले आओं पहले पाओं पर आधारित है।

सभी योजनाओं की विस्तृत जानकारी जिला उद्यान कार्यालय, चतरा एवं एटिक सेन्टर पर प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। योजना का लाभ लेने हेतु विहित आवेदन पत्र में जिला उद्यान कार्यालय, चतरा एवं प्रखंड के एटिक सेन्टर/एग्री क्लिनिक चतरा एवं सिमरिया पर उपलब्ध है। आवेदन पत्र स्वीकार करने की निर्धारित तिथि 02.07.2024 के उपरान्त कोई आवेदन स्वीकार नही की जाएगी। योजना के लाभ हेतु लाभुक का चयन सर्वाधिक उपयुक्त कृषक को किया जाएगा जिसमें उनके भूमि, खेती आदि का निरीक्षण तथा जांच के उपरान्त किया जा सकेगा।


प्रभारी जिला उद्यान पदाधिकारी,
चतरा

PR 326457 Agriculture(24-25)#D

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

पदभार



# टेंट सिटी मीना में हाजियों के आने का सिलसिला जारी

एजेंसी

**मक्का।** मक्का में दुनिया भर से आए हज तीर्थयात्री मीना के लिए प्रस्थान कर रहे हैं। गुरुवार 7 जिलहिज्जा (महीने का नाम) की आधी रात के बाद तीर्थयात्रियों का कारवां धीरे-धीरे मीना के अस्थाई टेंट सिटी की ओर कूच करने की प्रक्रिया शुरू हो गई जो कि शुक्रवार 8 जिलहिज्जा की तारीख के देर शाम तक जारी रहेगा। इसी के साथ हज 1445 हिजरी के अनुष्ठानों को अदा करने की अधिकारिक तौर पर शुरूआत हो जाएगी।

मक्का के विभिन्न क्षेत्रों में ठहरे दुनिया भर के तीर्थ यात्रियों को हज सेवाएं प्रदान करने वाले संगठनों द्वारा शेड्यूल जारी कर दिए गए हैं ताकि उसके अनुसार हज तीर्थ यात्री ऐहराम (बिना सिलाइ वाला विशेष कपड़ा) बांध कर हज की अदायगी के लिए तैयार हो जाएं। मोअल्लेमीन द्वारा तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए विभिन्न भाषाओं के अनुवादक भी उपलब्ध कराए गए हैं ताकि वह समय से और ठीक ढंग से ऐहराम पहन सकें और हज करने के लिए निकल सकें।

## एक लाख से ज्यादा एयर-कंडीशंड टेंट

सऊदी अरब में मक्का की घाटियों में मीना नाम का एक छोटा शहर है। यह मक्का से 8 किमी पूर्व में स्थित है। घाटियों में 20 वर्ग किमी तक फैले इस शहर में जहां तक नजर जाती है, हर ओर सिर्फ टेंट ही टेंट दिखाई देते हैं। ये टेंट यहां पर हज करने आए यात्रियों के ठहरने के लिए लगाए जाते हैं। यहां पर एक लाख से ज्यादा एयर-कंडीशन्ड टेंट लगे हुए हैं, जिनमें लगभग 30 लाख यात्रियों के रुकने का बंदोबस्त किया गया है। आठ बाई आठ मीटर के फायरप्रूफ टेंट, फाइबरग्लास कोटेड हैं। पहले यहां हज करने आए यात्री अपने साथ टेंट भी लेकर आते थे और उसे मीना शहर में खुली जगह देख कर लगा देते थे। यात्रियों की सुविधा के लिए ही 90 के दशक में सऊदी सरकार ने वहां कॉटन टेंट का निर्माण करवाया, लेकिन 1997 में वहां आग लग जाने से 350 हज यात्रियों की मौत हो गई थी। इसके बाद से सरकार से फायरप्रूफ टेंटों का निर्माण करवाया।

# फिर से परीक्षा हो या सीबीआई जांच सुप्रीम कोर्ट का फैसला लागू करेंगे

नीट विवाद

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात के बाद शास्त्री भवन से निकले छात्रों ने कहा कि नीट पेपर लीक मामले को सुप्रीम कोर्ट देखेगा। उन्होंने कहा कि जिसकी गलती पकड़ी जाएगी, उन पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। पेपर लीक पर सुप्रीम कोर्ट का जो फैसला आएगा, हम सब मानेंगे क्योंकि हम लोग सुप्रीम कोर्ट से ऊपर नहीं हैं। छात्रों ने बताया कि शिक्षा मंत्री से कहा कि धांधली हुई है, गोधरा और बिहार से पेपर लीक हुआ है। इस पर धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि हम इस मामले में कड़ा से कड़ा एक्शन लेंगे। उन्होंने माना कि कई सेंटर पर धांधली हुई है। उन्होंने कहा कि आपको न्याय मिलेगा। ज्ञापन में हमने नीट फिर से कराने और सीबीआई जांच की मांग उठाई। हमने मेडिकल एंट्रेंस की फीस को कम करने की भी गुजारिश की। धर्मेंद्र प्रधान ने हम लोगों को न्याय दिलाने का भरोसा दिया है। उन्होंने कहा कि रीनीट और



सीबीआई जांच पर फैसला सुप्रीम कोर्ट करेगा। अगर सुप्रीम कोर्ट ने कह दिया तो हम दोबारा परीक्षा आयोजित कराएंगे, नहीं कहेगा तो नहीं कराएंगे। वहीं एक छात्र का कहना है कि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र ने कहा है कि 41 पिटीशन कोर्ट में सबमिट हुए हैं। सुप्रीम कोर्ट जो भी फैसला लेगा, हम उस फैसले पर कायम रहेंगे। अगर सुप्रीम कोर्ट सीबीआई जांच के लिए कहेगा तो सरकार सीबीआई जांच का फैसला लेगी। सरकार छात्रों के साथ खड़ी है और जो सुप्रीम कोर्ट फैसला लेगा, सरकार उसका विरोध नहीं करेगी। क्या सच है क्या गलत, ये फैसला कोर्ट को करने दें।

## सरकार सिस्टम में किसको बचाना चाहती है : प्रियंका

**नई दिल्ली।** नीट यूजी परीक्षा परिणाम को लेकर सियासी घमासान तेज हो गया है। इस मामले को लेकर कांग्रेस लगातार केंद्र सरकार पर निशाना साध रही है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शुक्रवार को नीट विवाद पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से सवाल किए। प्रियंका ने एक्स पर लिखा, भाजपा की नई सरकार ने शपथ लेते ही युवा के सपनों पर फिर से प्रहार शुरू कर दिया है। नीट परीक्षा परिणाम में गड़बड़ियों पर शिक्षा मंत्री का अहंकार भरा जवाब 24 लाख छात्रों एवं उनके अभिभावकों की चीख-पुकार को पूरी तरह से अनदेखी करता है। प्रियंका गांधी ने शिक्षा मंत्री से सवाल पूछते हुए कहा, क्या शिक्षा मंत्री को सार्वजनिक रूप से मौजूद तथ्य नहीं दिखते? क्या बिहार और गुजरात में जो पुलिस कार्रवाइयां हुईं और रैकेट पकड़े गए, सरकार उन्हें भी झूठा मानती



है? क्या 67 टॉपर को पूरे मार्क्स मिलना भी झूठ है? सवाल यह है कि लाखों युवाओं और उनके माता-पिता की अनदेखी कर सरकार सिस्टम में किसको बचाना चाहती है?

प्रियंका गांधी ने आगे लिखा, "क्या युवाओं के सपनों को इस भ्रष्ट परीक्षा प्रणाली की भेंट चढ़ाना बंद नहीं होना चाहिए? क्या सरकार की ये जिम्मेदारी नहीं बनती कि छात्रों व अभिवावकों की बात की अनदेखी करने की बजाय, शिकायतों पर गंभीरता से गौर करे व एक्शन ले?

दबिश

## डीआरआई के अभियान में 3 करोड़ का सोना जब्त, दो धराए

**सिलीगुड़ी।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने तीन करोड़ रुपये से ज्यादा के सोने के बिस्कुट के साथ दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। डीआरआई ने शुक्रवार को गिरफ्तार दोनों आरोपितों को सिलीगुड़ी अदलात में पेश किया। सुनवाई के बाद न्यायधीश ने दोनों को 27 जून तक न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया है। डीआरआई ने गुप्त सूचना पर इस्लामपुर में छापेमारी कर एक बस से सूरज शिवाजी पवार को पकड़ा था। तलाशी के बाद उसके पास से तीन किलो 660 ग्राम सोना बरामद हुआ था।

बैठक

## गृहमंत्री ने जम्मू-कश्मीर पर अधिकारियों के साथ की बैठक

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर जम्मू-कश्मीर के हालात की समीक्षा की। सूत्रों के मुताबिक गृहमंत्री ने इस दौरान 16 जून को नॉर्थ ब्लाक में जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा और अमरनाथ यात्रा की तैयारियों के लिए बैठक बुलाने का भी निर्देश दिया। इस बैठक में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकर अजीत डोभाल, केंद्रीय गृह सचिव, सेना, पुलिस, जम्मू-कश्मीर प्रशासन और गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी बैठक में भाग लेंगे।

आरएसएस

## केरल में अगस्त-सितंबर में होगी संघ की बड़ी बैठक

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय समन्वय समिति की बैठक केरल में अगस्त-सितंबर में होने जा रही है। आरएसएस की महत्वपूर्ण बैठक केरल में 31 अगस्त को शुरू होगी और इसका समापन 2 सितंबर को होगा। संघ की तीन दिवसीय महत्वपूर्ण बैठक में आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत और संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबले सहित संघ से जुड़े 36 के लगभग विभिन्न संगठनों के मुखिया एवं संगठन महासचिव सहित संघ के अन्य महत्वपूर्ण नेता शामिल होंगे।

## कांग्रेस का हाथ कट्टरपंथी इस्लामिक आतंक के साथ: भाजपा

**नई दिल्ली।** कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता और राज्य के मुख्यमंत्री के सहयोगी एम लक्ष्मण (जिन्हें मैसूर से टिकट भी मिला) के एसडीपीआई के बारे में ताजा खुलासे के बाद भाजपा हमलावर हो गई है। भाजपा का कहना है कि कांग्रेस का हाथ हमेशा कट्टरपंथी इस्लामिक आतंक के साथ रहा है। 26/11 के आतंकवादी कसाब, पुलवामा पर पाकिस्तान का बचाव करने के बाद अब कांग्रेस ने माना कि उसने एसडीपीआई का समर्थन लिया है। शुक्रवार को मीडिया से बातचीत करते हुए भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने कहा कि कांग्रेस हमेशा एसडीपीआई जैसे संगठनों के साथ खड़ी है।

आईपीएल सटोरिया गिरफ्तार

# उज्जैन से जब्त हुए 15 करोड़ रुपये

एजेंसी

**उज्जैन।** उज्जैन पुलिस ने मुसद्दीपुरा में शुक्रवार को आईपीएल का ऑनलाइन सट्टा खिलाने वालों के यहां बड़ी छापामार कार्यवाई की है। यहां से करीब करीब 15 करोड़ रुपए जब्त किए हैं। यहां बैंक की नोट गिनने की मशीन रातभर लगी रही । इस पूरे मामले में तीन सटोरिये भी गिरफ्तार हुए हैं। उज्जैन पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने शुक्रवार सुबह प्रेस कॉन्फ्रेंस में खुलासा किया है कि पुलिस को गुरूवार रात गुप्त सूचना मिली थी कि मुसद्दीपुरा के पीयूष चोपड़ा नामक



सटोरिये के घर अकूत सम्पत्ति जमा की जा रही हैं। जिसके बाद नीलगंगा थाने की पुलिस और क्राइम ब्रांच को अलर्ट किया गया। इसके बाद संयुक्त रूप से दोनों ने वहां छापेमारी की। यहां नोटों का अंबार देखकर पुलिस भी दंग रह गई और जानकारी मिलने के बाद इसी के एक और मकान कृष्णा पार्क में भी छापा मारा गया वहां पर भी नोटों का ढ़ेर मिलने के बाद पुलिस रातभर से नोट गिन रही भी कि बाद में बैंक से मशीन बुलाकर करीब 10 से अधिक बैगों में 300 गड्डीयां 15 करोड़ से अधिक के नोट गिने हैं।

## अमेरिका जाने वाले अधिकांश छात्र पूर्वी भारत से : मेलिंडा

**कोलकाता।** अमेरिकी वाणिज्य दूत मेलिंडा पावेक ने अमेरिका जाने वाले भारतीय छात्रों के बारे में कहा कि 2024 में उच्च शिक्षा के लिए अमेरिका जाने वाले ज्यादातर भारतीय छात्र पूर्वी राज्यों से हैं। उन्होंने बताया कि अमेरिका में पढ़ने वाले हर चार में से एक विदेशी छात्र भारत से है। कोलकाता स्थित अमेरिकी दूतावास की ओर से जारी जारी जानकारी में पावेक ने कहा कि इस साल अमेरिका जाने वाले ज्यादातर भारतीय विद्यार्थी पूर्वोत्तर सहित पूर्वी भारत के राज्यों से हैं। पिछले साल दुनिया में शीर्ष चार छात्र वीजा प्रसंस्करण केंद्र भारत में ही थे।

जी-7 शिखर सम्मेलन

# मोदी ने मैक्रों, सुनक व जेलेंस्की से की वार्ता

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को जी-7 शिखर सम्मेलन से इतर अपुलिया में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से अलग-अलग द्विपक्षीय वार्ता की। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए पोस्ट किया, मेरे मित्र राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ बहुत बढ़िया मुलाकात हुई। एक साल में यह हमारी चौथी मुलाकात है, जो इस बात को दशार्ता है कि हम भारत-



फ्रांस के मजबूत संबंधों को कितनी प्राथमिकता देते हैं। हमारी बातचीत में रक्षा, सुरक्षा, तकनीक, एआई, ब्लू इकॉनमी और कई अन्य विषयों पर चर्चा हुई। हमने इस बात पर भी चर्चा की कि युवाओं में नवाचार और शोध को कैसे प्रोत्साहित किया जाए। मैंने उन्हें अगले महीने शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक की मेजबानी के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री मोदी ने एक अन्य पोस्ट में कहा, इटली में प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से मिलकर बहुत खुशी हुई। मैंने एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल में भारत-ब्रिटेन व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। सेमीकंडक्टर, प्रौद्योगिकी और व्यापार जैसे क्षेत्रों में संबंधों को और मजबूत करने की बहुत गुंजाइश है।

एक और कामयाबी

## फ्लैग ऑफिसर ने भारत की समुद्री युद्ध क्षमता के बारे में जानकारी दी

# प्रशांत क्षेत्र में कोई किसी दूसरे देश को दबा न सके : राजनाथ

▶ *राजनाथ सिंह ने हिंद महासागर क्षेत्र में नौसेना की भूमिका को सराहा*

एजेंसी

**नई दिल्ली।** एनडीए सरकार में लगातार दूसरी बार रक्षा मंत्री का कार्यभार संभालने के बाद राजनाथ सिंह शुक्रवार को पहली यात्रा पर विशाखापट्टनम पहुंचे और पूर्वी नौसेना कमान का दौरा किया। भारतीय नौसेना की परिचालन समीक्षा करने के लिए वह 'समुद्र में एक दिन' के लिए आईएनएस जलाश्व पर सवार हुए। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी के साथ रक्षा मंत्री ने कमान के विभिन्न जहाजों, पनडुब्बी और विमानों को देखा। पूर्वी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल



राजेश पेंढारकर ने रक्षा मंत्री को भारतीय नौसेना की युद्ध क्षमता के बारे में जानकारी दी। पूर्वी बेड़े के अधिकारियों और नौसैनिकों के साथ बातचीत करते हुए राजनाथ सिंह ने हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में पहली प्रतिक्रिया देने वाले देश के रूप में उभरने के लिए भारतीय नौसेना की भूमिका को सराहा। उन्होंने कहा कि हमारी नौसेना यह सुनिश्चित करती है कि कोई भी देश हिंद-प्रशांत क्षेत्र में किसी दूसरे देश को दबा न सके या आर्थिक ताकत या सैन्य शक्ति के आधार पर उसकी सामरिक स्वायत्तता को खतरे में न डाले। रक्षा मंत्री ने देश के विकास और अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का मान बढ़ाने में अहम भूमिका निभाने के लिए भारतीय नौसेना को श्रेय दिया। राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारी नौसेना हिंद महासागर क्षेत्र में सुरक्षित व्यापार सुनिश्चित कर रही है। भारत अपनी बढ़ती शक्ति के साथ इस क्षेत्र के साथ-साथ पूरे विश्व को शांतिपूर्ण और समृद्ध बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

रक्षा मंत्री ने इस तथ्य को भी रेखांकित किया कि भारत के वाणिज्यिक हित हिंद महासागर क्षेत्र से जुड़े हुए हैं और नौसेना व्यापक राष्ट्रीय उद्देश्यों को प्राप्त करते हुए समुद्री सीमाओं को सुरक्षित करने का एक साधन है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय हित सरकार के लिए सर्वोपरि है और उन्होंने आश्वासन दिया कि उनकी सुरक्षा के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे। रक्षा मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि उनके दूसरे कार्यकाल में समुद्री सुरक्षा को और मजबूत करने तथा हिंद महासागर में भारत की नौसैनिक शक्ति की उपस्थिति को और अधिक प्रभावी और मजबूत बनाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम दूसरे कार्यकाल में भी अपने प्रयासों को गति देंगे।

## हमारी प्राथमिकता सीमाओं की सुरक्षा

चाहे हिमालय हो या हिंद महासागर, हमारी प्राथमिकता सीमाओं पर सुरक्षा को लगातार मजबूत करना होगी। राजनाथ सिंह के दौरे का समापन सनराइज फ्लीट के चालक दल के साथ पारंपरिक 'बड़ाखाना' के साथ हुआ। इससे पहले विशाखापट्टनम के आईएनएस डेगा में रक्षा मंत्री का औपचारिक स्वागत 50 जवानों के गार्ड ऑफ ऑनर के साथ किया गया।

# एनआईए ने मानव तस्करी में एक को गिरफ्तार किया

एजेंसी

**मुंबई।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शुक्रवार को मानव तस्करी और साइबर धोखाधड़ी मामले में महाराष्ट्र के नासिक में बड़े पैमाने पर छापेमारी के बाद एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। नासिक के सुदर्शन दराडे तीन सप्ताह से भी कम समय में इस मामले में गिरफ्तार होने वाले छठे व्यक्ति हैं। एनआईए ने इससे पहले 27 मई, 2024 को संबंधित राज्य पुलिस बलों के साथ संयुक्त अभियान में कई राज्यों में छापेमारी के बाद पांच अन्य आरोपितों को गिरफ्तार किया था। आज की छापेमारी में कई आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई। इसमें दस्तावेज, डिजिटल डिवाइस, बैंक खातों का विवरण आदि शामिल हैं, जिनकी जांच एनआईए मानव तस्करी और जबरन साइबर धोखाधड़ी मामले के पीछे की साजिश का पता लगाने के लिए कर रही है। एनआईए ने

## सीबीआई ने तीन को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो ने घूसखोरी आरोप में दो अलग-अलग मामलों में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। एक मामले में नानपारा, बहराइच (उत्तर प्रदेश) के लेखा कार्यालय के डाक सहायक को गिरफ्तार किया है। दूसरे मामले में उत्तर रेलवे, लखनऊ स्थित आलमबाग स्टोर डिपो के मुख्य डिपो सामग्री अधीक्षक (सीडीएमएस) एवं आरपीएफ के एएसआई को गिरफ्तार किया है।